e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 21

# प्रभात मंत्र

शनिवार
21.01.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आप अपने जीवन काल के लिए कुछ नहीं कर सकते है, लेकिन आप इसे मूल्यवान बनाने के लिए कुछ अवश्य कर सकते है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पीटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने भुवनेश्वर में बनाई सबसे बड़ी मानव रेड रिबन श्रृंखला

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन(नाको) ने एड्स पर जागरुकता पैदा करने के लिए ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में गुरुवार रात 10:30 बजे सबसे बड़ी मानव रेड रिबन श्रृंखला बनाई। इस श्रृंखला में स्कूलों के 4,800 विद्यार्थी, कॉलेजों के रेड रिबन क्लब के सदस्य, समुदाय के लोग और मिशन शक्ति विभाग के प्रतिभागी शामिल रहे। यह जानकारी यहां स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक ओडिशा के वयस्कों में एड्स का प्रसार 0.14 प्रतिशत है। करीब 52,108 लोग एचआईवी (पीएलएचआईवी) से पीड़ित हैं। इनमें से केवल आधे लोग एंटी-रेट्रोवायरल ट्रीटमेंट (एआरटी) पर हैं। साल 2030 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में देखे जाने वाले एड्स को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है । इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए ओडिशा में उच्च जोखिम समूहों के बीच जागरुकता पैदा करने वाली गतिविधियों को मजबूत किया जा रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त ने मेलबर्न में हिन्दू मंदिरों पर हमले की निंदा की

**नई दिल्ली :** भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल ने मेलबर्न में दो हिंदू मंदिरों की तोड़फोड़ पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने बहुसांस्कृतिक समाज पर गर्व करते हैं। हम मेलबर्न में दो हिंदू मंदिरों में हुई तोड़-फोड़ को लेकर हैरान हैं। आस्ट्रेलियाई प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। हम अभिव्यक्त की स्वतंत्रता के पक्षधर हैं, हिंसा के नहीं। उल्लेखनीय है कि कल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भी इस पर चिंता व्यक्त की थी। हालांकि उन्होंने कहा था कि आस्ट्रेलिया में मामले की जांच चल रही है।

### तीसरे दिन भी कुश्ती खिलाड़ियों का धरना जारी

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर लगातार तीसरे दिन यानी शुक्रवार को भी भारतीय कुश्ती संघ और उसके अध्यक्ष के खिलाफ देश के स्टार कुश्ती खिलाड़ियों का धरना प्रदर्शन जारी है। इन पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ आईओए प्रमुख पीटी उषा को भी पत्र लिखकर गंभीर शिकायत दर्ज की है। पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, रवि दहिया और दीपक पुनिया ने डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरन सिंह के खिलाफ भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा को शिकायती पत्र लिखा है। आईओए अध्यक्ष उषा को लिखे पत्र में स्टार पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न और वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है।

### हिमाचल में बर्फबारी से 275 सड़कें बंद, 330 ट्रांसफार्मर ठप होने से कई इलाके अंधेरे में

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों ने बर्फ की सफेद चादर ओड़ ली है। राज्य के पर्वतीय भागों में बीती रात से बर्फ गिर रही है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही बर्फबारी से बड़ी तादाद में सड़कें अवरूद्व हो गई हैं। साथ ही सैकड़ों ट्रांसफार्मरों के बंद होने से कई इलाके अंधेरे में डूब गए हैं। शिमला जिला के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी से कई प्रमुख व अंदरूनी सड़कें बंद हो गई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार दोपहर तक प्रदेश में तीन नेशनल हाईवे व 275 सड़कें बाधित हैं। लाहौल-स्पीति जिला में सर्वाधिक 177 सड़कें बंद हैं। शिमला जिला में 64, मंडी जिला में 13, किन्नौर में 09, चंबा में 05, कुल्लू में 03, कांगड़ा व सिरमौर में 02-02 सड़कें अवरूद्व हैं। कुल्लू में दो और लाहौल-स्पीति में एक नेशलन हाईवे भी बाधित है। इसके अलावा 330 ट्रांसफार्मर भी ठप हैं। मंडी जिला में 147, लाहौल-स्पीति में 106, किन्नौर में 28, शिमला में 24 और कुल्लू में 22 ट्रांसफार्मर बंद हैं। लाहौल-स्पीति में दो और चंबा के भरमौर में एक पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।

**जैप -1 रांची परिसर में नवनिर्मित ऑडिटोरियम के उद्घाटन तथा परेड समारोह में शामिल हुए सीएम हेमन्त सोरेन**

# पुलिस कैंप परिसर का होगा जीर्णोद्धार : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अब झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप)-1 परिसर पुलिस बल के लिए आईकॉनिक परिसर के रूप में जाना जाएगा। इस परिसर को नया स्वरूप दिया गया है। इसी खुशी में हम सब यहां एकत्रित हुए हैं। मेरा मानना है कि खूबसूरत परिसर और काम करने का एक सुंदर वातावरण अगर हमारे इर्द-गिर्द अथवा आस-पास हो तो हमें जिस काम के लिए नियुक्त किया गया है उस काम को हमसभी लोग एक अलग उत्साह, उमंग और विश्वास से कर पाते हैं। जैप-1 परिसर एक नामचीन जगह है। राजधानी रांची के बीचो-बीच अवस्थित है। इस परिसर का उपयोग कई अलग-अलग कार्यों के लिए होता है। मैं भी यहां कई बार अलग-अलग कार्यक्रमों में शरीक हुआ हूं।

पिछले वर्ष जैप-1 स्थापना दिवस के मौके पर मैं यहां आया था तभी मैंने यह तय किया था कि इस परिसर का कायाकल्प कर एक नई पहचान देनी है, जो आज मूर्त रूप ले चुका है। नए आगंतुक जो यहां आएंगे अब इस परिसर के बदलाव को देखेंगे। जैप-1 परिसर अब एक आधुनिक पुलिस कैंप परिसर के रूप में पहचाना जाएगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) -1 परिसर में नवनिर्मित ऑडिटोरियम, गैलरी, फूड कोर्ट एवं अन्य भवनों के उद्घाटन तथा परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची स्थित जैप-1 परिसर ही नहीं बल्कि राज्य के सभी पुलिस कैंप परिसर चाहे वे परिसर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में ही क्यों न अवस्थित हैं, राज्य सरकार इन सभी परिसरों का जीर्णोद्धार करने का काम करेगी। सभी पुलिस कैंप परिसरों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी।

पानी, शौचालय, ठहरने के लिए कमरों की सुविधा सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं से इन परिसरों को जोड़ा जाएगा ताकि हमारे पुलिस बल के जवानों को किसी प्रकार की परेशानी ड्यूटी के दौरान न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि हमारे पुलिस बल के जवानों को भी कर्तव्य निर्वहन के दौरान मानसिक तौर पर एक बेहतर माहौल प्रदान किया जाए।

**पुलिस कर्मियों के हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास**



### पुलिस कर्मियों के हर जरूरत को पूरा करने का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के पुलिस कर्मियों के हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास निरंतर कर रही है। राज्य सरकार चाहती है कि पुलिस व्यवस्था में व्याप्त सभी शिकायतों को समाप्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पुलिसकर्मियों के लंबित मांग क्षतिपूर्ति अवकाश देने का कार्य किया है। आने वाले दिनों में हमारी सरकार पुलिस कर्मियों को कार्य क्षेत्र में आने-जाने की सुविधा, खाने-पीने की सुविधा, वर्दी इत्यादि सहित अन्य सुविधाओं को और मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पुलिस बल के जवानों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इस निमित्त कार्य योजना तैयार करेगी। पुलिस बल के जवानों के वर्कआउट, कसरत इत्यादि के लिए जिम की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस जवानों का सेहत एक महत्वपूर्ण विषय है। उनका सेहत बेहतर रहे इस निमित्त उन्हें सुविधाएं प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल के जवानों को अन्य विकसित राज्यों की व्यवस्था से भी बेहतर व्यवस्था मुहैया कराने हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग राजीव अरुण एक्का, डीजी रेल अनिल पालटा, एडीजी जैप प्रशांत सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी, पुलिस बल के जवान एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### झारखंड काफी खूबसूरत राज्य

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड एक बहुत ही खूबसूरत राज्य है। कुछ कमियों की वजह से यहां के लोग इस राज्य की खूबसूरती का आनंद नही ले पा रहे हैं। इस खूबसूरत राज्य में लोगों को एक बेहतर माहौल मिले यह हमारी सोच है। झारखंड को बेहतर दिशा देने में हमारे पुलिस बल के जवानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्य पुलिस बल के जवानों ने नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने का काम कर दिखाया है। राज्य की जनता की सुरक्षा, राज्य में अमन-चैन और शांति का माहौल बनाए रखने में बड़ी संख्या में हमारे पुलिस के जवान तत्परता के साथ तैनात रहते हैं। राज्य सरकार का दायित्व है कि जिस बड़ी समूह की वजह से राज्य सुरक्षित है उस समूह के उत्साह, उमंग और मनोबल को हम सदैव ऊंचा रखने का प्रयास करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड सशस्त्र पुलिस-1, रांची परिसर में आधुनिक सुविधाओं से लैस नवनिर्मित ऑडिटोरियम, गैलरी, फूड कोर्ट सहित अन्य नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया।

### रोजगार मुद्दे पर विफल रही है केन्द्र सरकार : खड़गे



**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केन्द्र सरकार रोजगार देने के मामले में पूरी तरह विफल रही है। मोदी सरकार ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था लेकिन उसे पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। खड़गे ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि केन्द्र सरकार 71,000 भर्ती पत्र बांट कर सिर्फ दिखावा कर रही है। यह ऊंट के मुंह में जीरा है। केन्द्र सरकार बताए कि 16 करोड़ रोजगार कहां हैं? उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में 30 लाख पद खाली हैं। ये पद कब भरे जाएंगे सरकार को बताना चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी पदों पर चयनित करीब 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि निरंतर हो रहे ये रोजगार मेले अब हमारी सरकार की पहचान बन गए हैं। ये दिखाता है कि किस तरह हमारी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों को आज नियुक्ति पत्र मिला है, उनके लिए यह जीवन की एक नई यात्रा है। सरकार का अहम हिस्सा होने के नाते आप विकसित भारत की यात्रा के सक्रिय भागीदार होंगे।

## त्रिपुरा कांग्रेस प्रभारी पर हमले को लेकर चुनाव आयोग ने दिए सख्त निर्देश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और त्रिपुरा कांग्रेस के प्रभारी डॉ अजय कुमार पर हुए हमले को लेकर त्रिपुरा के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने समय पर कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही सशस्त्र बलों की तैनाती और प्रवर्तन उपायों में तेजी लाने के लिए तीन विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। आयोग ने कहा कि राज्य सरकार की रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि है कि डॉ अजय कुमार को एक बिना अनुमति के आयोजित रैली में मामूली चोटें आई हैं। हालांकि गंभीर चोटें लगने की बात में कोई सच्चाई नहीं है।उल्लेखनीय है कि त्रिपुरा में चुनावी घोषणा के कुछ घंटे बाद ही त्रिपुरा कांग्रेस ने दावा किया था कि जिरानिया में भाजपा कार्यकर्ताओं के हमले में कांग्रेस प्रभारी डॉ अजय कुमार सहित



उनके कार्यकर्ता चोटिल हुए थे।आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने और पक्षपातपूर्ण अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया। पश्चिम त्रिपुरा के जिरानिया सब-डिवीजन के एसडीपीओ को निलंबित कर तत्काल वहां से हटाने और रानी बाजार व जिरानिया पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अनुसार, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, त्रिपुरा को यह बताने के लिए कहा गया था कि राज्य में पर्याप्त संख्या में सीएपीएफ कर्मियों की तैनाती के बावजूद स्थिति क्यों बिगड़ी। आयोग ने राज्य के दौरे के दौरान और उसके बाद आयोग के सख्त निर्देशों के बावजूद हिंसक घटना पर बिना किसी अनिश्चित और कड़े शब्दों के अपनी नाराजगी व्यक्त की। आयोग ने योगेन्द्र त्रिपथी, विवेक जोशी और मुरली कुमार की विशेष पर्यवेक्षक के तौर पर तैनाती की है। आयोग का निर्देश है कि मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक राज्य में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं पर खतरे की आशंका का तुरंत आकलन करें और बिना किसी देरी के उचित सुरक्षा प्रदान करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दोहराया गया है कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को पहले आओ पहले के आधार पर राजनीतिक दलों को अनुमति देने और सुविधा ऐप को लोकप्रिय बनाने के लिए निर्देश दें।

## निरंतर रोजगार मेला हमारी सरकार की पहचान है : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'रोजगार मेला' देश के युवाओं को सशक्त बनाने का प्रयास है। निरंतर हो रहे रोजगार मेले अब हमारी सरकार की पहचान बन गए हैं। यह दिखाता है कि हमारी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए लगभग 71,000 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद संबोधित कर रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त युवाओं से बातचीत भी की। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 2023 का पहला रोजगार मेला है, जो 71 हजार परिवारों के लिए सरकारी रोजगार का अनमोल उपहार लेकर आया है। प्रधानमंत्री ने नए नियुक्त किए गए लोगों को बधाई दी और कहा कि रोजगार के ये अवसर न केवल नियुक्त किए गए लोगों में,



बल्कि करोड़ों परिवारों में आशा की नई किरण जगाएंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में लाखों नए परिवारों को सरकारी नौकरियों में नियुक्त किया जाएगा, क्योंकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रोजगार मेले नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। आगे प्रधानमंत्री ने बताया कि असम सरकार ने कल ही रोजगार मेले का आयोजन किया था और बहुत जल्द मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड जैसे राज्य इस मेले को आयोजित करने जा रहे हैं। नियमित रोजगार मेले इस सरकार की निशानी बन गए हैं। वे दिखाते हैं कि इस सरकार ने जो भी संकल्प लिया है, वह साकार हुआ है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा कि वे नई नियुक्तियों के चेहरों पर खुशी और संतुष्टि स्पष्ट रूप से देख सकते हैं और ध्यान दिया कि इनमें से अधिकतर उम्मीदवार सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं और कई अपने परिवार में पांच पीढ़ियों में सरकारी नौकरी पाने वाले पहले व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा, आपने भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर बदलाव महसूस किया होगा।

केंद्रीय नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और समयबद्ध

**प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले के तहत बांटे 71,000 नियुक्ति पत्र**

हो गई है।÷ प्रधानमंत्री ने कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और गति आज सरकार के कामकाज के हर पहलू की विशेषता है। मोदी ने उस समय को याद किया, जब नियमित पदोन्नति भी देरी और विवादों में फंस जाती थी। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने ऐसे मुद्दों का समाधान किया है और एक पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की है।

उन्होंने कहा, पारदर्शी भर्ती और पदोन्नति से युवाओं में विश्वास पैदा होता है। व्यापार और उद्योग की दुनिया में कहावत है कि उपभोक्ता हमेशा सही होता है कि तुलना करते हुए प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त युवाओं को शासन व्यवस्था के लिए 'नागरिक हमेशा सही होता है' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि नागरिक हमेशा सही होता है के समान मंत्र को प्रशासन में लागू किया जाना चाहिए।

## कर्तव्य पथ पर दिखेगी समुद्र में नारी शक्ति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए अपनी झांकी का अनावरण किया। नौसेना अपनी झांकी में मेक इन इंडिया पहल के तहत समुद्र में नारी शक्ति की तैनाती और नए नौसेना चिह्न और गीत का प्रदर्शन करेगी। परेड में मार्चिंग दस्ते के साथ 80 संगीतकारों वाला भारतीय नौसेना का विश्व प्रसिद्ध ब्रास बैंड भी होगा, जिसका नेतृत्व एम एंटनी राज करेंगे। यह बैंड भारतीय नौसेना का नया गीत जय भारती बजाएगा।

वाइस एडमिरल सूरज बेरी ने बताया कि मार्चिंग टुकड़ी में 144 युवा नाविक शामिल होंगे, जिसका नेतृत्व कंटिजेंट कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट कमांडर दिशा अमृत और प्लाटून कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट अश्विनी सिंह, एसएलटी वल्ली मीना एस और एसएलटी एम आदित्य करेंगे। नौसेना की झांकी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर इंद्रजीत चौहान होंगे। कर्तव्य पथ पर नौसेना के मार्चिंग दस्ते में पहली बार तीन महिलाएं और पांच पुरुष अग्निवीर भी परेड में भाग लेंगे।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड की झांकी की थीम- कॉम्बैट रेडी, क्रेडिबल, कोहेसिव और फ्यूचर प्रूफ को देखते हुए रखी गई है। इसके साथ ही आजादी की 75वीं वर्षगांठ को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में भी मनाने को भी ध्यान में रखा गया है। झांकी को नौसेना की बहु-आयामी क्षमताओं को प्रदर्शित करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रमुख हथियारों को उजागर




करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। झांकी का उद्देश्य नौसेना में नारी शक्ति को भी उजागर करना है। परेड में प्रदर्शित की जाने वाली झांकी के अगले हिस्से में ऊपर उड़ते हुए डोर्नियर विमान की एक महिला एयर क्रू को दिखाया गया है, जो पिछले साल किए गए निगरानी सॉर्टी के सभी महिला चालक दल को उजागर करती है। नए नौसेना ध्वज के अनावरण और नए नौसेना गीत हम हैं तैयार के वीडियो एलईडी स्क्रीन पर स्ट्रीम किए जाएंगे। झांकी का मुख्य भाग नौसेना की मेक इन इंडिया पहल को दर्शाता है। झांकी में स्वदेशी नीलगिरि वर्ग के जहाज का मॉडल दर्शाया गया है, जिसमें समुद्री कमांडो ध्रुव हेलीकॉप्टर के साथ तैनात है। झांकी के मुख्य भाग के किनारों पर स्वदेशी कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी के कट आउट मॉडल दर्शाए गए हैं।

झांकी के पिछले हिस्से में आईडीईएक्स-स्प्रिंट चैलेंज के तहत स्वदेशी रूप से विकसित की जा रही स्वायत्त मानव रहित प्रणालियों के तीन मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं। भारतीय नौसेना का लक्ष्य आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में कम से कम 75 प्रौद्योगिकी या उत्पाद शामिल करना है। इन उत्पादों को भारतीय नौसेना के रक्षा मंत्रालय और रक्षा उत्कृष्टता योजना के लिए नवाचार के तहत विकसित किया जा रहा है। यह झांकी भारतीय नौसेना के आत्मनिर्भर भारत के उन पहलुओं को उजागर करने का प्रयास करती है, जो राष्ट्र की सेवा में युद्ध की तत्परता बनाए रखने की दिशा में किये जा रहे हैं।

### चाईबासा के तुम्बाहाका जंगल में आईईडी ब्लास्ट में जवान घायल, एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची

**पश्चिमी सिंहभूम :** चाईबासा जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। उसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। इसकी पश्चिम सिंहभूम पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने की है। उल्लेखनीय है कि सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस के जवान लगातार नक्सल विरोधी अभियान चला रहे हैं। नक्सलियों ने जगह-जगह सीरिज में लैंड माइन लगा रखे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चिप्स लोड हाइवा को पुलिस द्वारा जब्त कर कारवाई हेतु खनन विभाग को किया सूचनार्थ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना के समीप चिप्स लोडेड हाइवा को पुलिस ने जब्त कर खनन विभाग को कारवाई हेतु किया सूचनार्थ लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन एवं परिवहन बड़े पैमाने पर जारी है। जिसपर विभागीय कारवाई भी की जा रही है। परंतु पत्थर माफियाओं के सानिध्य में प्रशासन को चकमा दे अवैध पत्थर का गोरख धंधा में फलफूल रहा है। इसी दरमियान पुलिस ने संदेह पर चिप्स लोड हाइवा ट्रक जे एच 01ई आर 6763 को रोक कर जांच करते हुए पुलिस द्वारा कागजात की मांग किया गया। तभी चालक द्वारा वाहन संबंधित एवं लोडेड चिप्स का कागजात नही दिखाने पर जब्त कर थाना परिसर में रखा गया। वहीं इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र से अवैध पत्थर खनन एवं परिवहन की सूचना प्राप्त हो रहा है।


# पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर से मोटरसाइकिल उड़ाने वाले दो चोरों को शहर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों में फारूख अंसारी पिता मुस्ताक अंसारी सा0 नूरी मस्जिद, पहाड़ी मुहल्ला थाना शहर जिला पलामू विकास कुमार यादव पिता स्व0 राजू यादव सा0 कसमार पाटन, थाना पाटन जिला पलामू वर्तमान पता झरीवा थाना चैनपुर जिला पलामू शामिल हैं। उक्त जानकारी सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने शुक्रवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी 2023 को शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला निवासी पिंटू राइन का स्कूटी बुधवार की देर रात चोरी हो गई थी। इसके बाद पिंटू राइन के द्वारा स्कूटी चोरी होने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज कराया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा अनुसंधान शुरू किया। इस क्रम में फारुख अंसारी को गिरफ्तार किया गया। फारुख अंसारी की स्वीकारोक्ति बयान व निशानदेही पर विकाश कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा दिया गया है।

# अंचलाधिकारी से सीमांकन कार्य रोकने का किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द मौजा में खाता नंबर 208 प्लॉट नंबर 245 रकबा 42 डिसमिल में भोला सिंह व महावीर मेहता ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अंचलाधिकारी से सीमांकन कार्य रोकने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि जमीन से संबंधित मुकदमा जिला जज डालटनगंज में लंबित है। जिसमें कुल जमीन 76 डिसमिल है। पूर्व में भी 5 अप्रैल 2022 को इससे संबंधित अंचल अमीन का रिपोर्ट कार्यालय को प्राप्त है। बावजूद दुखनी देवी पति शंभू प्रसाद का पुत्र रविंद्र प्रसाद जमीन मापी का आवेदन दे रहे हैं। कोर्ट में मुकदमा रहते नए तरीके से साक्ष्य जुटाने का उनके द्वार कार्य किया जा रहा है। मामले में भोला सिंह व महावीर मेहता ने जांचोपरांत अंचलाधिकारी से रविंद्र प्रसाद के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव ने किया प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला अंतर्गत एससीए मद से किस्को और कुडू प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय का उद्घाटन आज दिनांक 20.01.2023 को डॉ रामेश्वर उरांव,माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक, वितरण एवं उपभोक्ता,मामले विभाग, झारखण्ड,रांची द्वारा किया गया। किस्को और कुडू दोनों पुस्तकालयों में एक बार में अधिकतम 50-50 लोगों के बैठने की क्षमता है। इन पुस्तकालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों, दैनिक समाचार-पत्रों आदि के अध्ययन की सुविधा दी जा रही है। किस्को प्रखण्ड में यह पुस्तकालय जिला परिषद भवन में संचालित किया जा रहा है जबकि कुडू प्रखण्ड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में पुस्तकालय का संचालन हो रहा है। मंत्री ने पुस्तकालय सफल संचालन की कामना की। आज इस मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक, वितरण एवं उपभोक्ता, मामले विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा आज शुक्रवार को एससीए योजना मद (जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा) से अधिष्ठापित डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर नवनामांकित छात्र-छात्राओं से माननीय मंत्री ने एक-एक कर मुलाकात की। इस मौके पर माननीय मंत्री ने कहा कि एससीए योजना मद से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का संचालन प्रारंभ कर जिला प्रशासन के द्वारा बहुत ही सराहनीय किया गया है। इस प्रशिक्षण का यहां के छात्र-छात्राओं को बहुत फायदा मिलेगा। आज परंपरागत शिक्षा के साथ-साथ कम्प्यूटर का ज्ञान भी बहुत जरूरी है। इससे ना सिर्फ रोजगार मिलेगा, बल्कि गरीबी भी दूर होगी। मंत्री ने कहा कि आज सरकारी नौकरियां कम हैं लेकिन खुद को कुशल बनाकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। देश में कृषि, उद्योग के बाद सेवा ही ऐसा क्षेत्र है जहां रोजगार है। कम्प्यूटर सीख कर आप सेवा क्षेत्र में अपना योगदान दे सकते हैं। मंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी कंप्यूटर की पढ़ाई नियमित तौर पर होनी चाहिए जहां छात्र-छात्राएं कंप्यूटर की पढ़ाई कर सकें। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में कुल 75 छात्र-छात्राओं का नामांकन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में हुआ है जिन्हें निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण तीन अलग-अलग बैचों में दिया जा रहा है। आज इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह,विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, कम्प्यूटर प्रशिक्षक रत्नप्रभा समेत सभी छात्र-छात्राएं समेत अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# पुलिस लाइन में फायरिंग, बाल बाल बचा जवान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पुलिस लाइन में शुक्रवार को फायरिंग हो गई. गोली एक जवान को छूते हुए निकल गई और पास के पेड़ में लगी। गोली चलाने वाला जवान शराब के नशे में बताया गया है। सूचना के तुरंत बाद शहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी जवान को हिरासत में ले लिया। एमआरएमसीएच में उसकी मेडिकल जांच करायी गई है।जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो जवानों के विवाद के बाद गोली चली है। जवान को निलंबित किया जाएगा. विभागीय कार्रवाई होगी. हालांकि विवाद के कारण के बारे में उन्होंने स्पष्ट नहीं किया। गोली चलाने वाले जवान की पहचान शशि रंजन और जिस पर गोली चली उसकी पहचान विरेन्द्र पासवान के रूप में हुई है।बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह करीब 9:30 बजे दो जवान पुलिस लाइन की सुरक्षा डयूटी में तैनात थे. चर्चा है कि एक जवान नशे में था. दूसरे जवान से विवाद कर रहा था. इसी बीच उसने दूसरे जवान को टारगेट कर कई बार बंदूक तान दी. बार बार गोली मार देने की बात कह रहा था. इसी बीच गोली चल गई। दूसरे जवान ने गोली चलते ही बंदूक की दिशा ऊपर की ओर मोड़ दी, जिससे गोली ऊपर पेड़ में जा लगी।गोली चलने की आवाज सुनकर पुलिस लाइन के पदाधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे. बाद में सूचना पर टाउन थाना की पुलिस भी पहुंच गई. गोली चलाने वाले जवान को पकड़ कर शहर थाना लाया गया. यहां उसे रखा गया। बाद में उसे मेडिकल जांच के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया।सूचना मिलने पर दोपहर के समय सहायक पुलिस अधीक्षक सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग शहर थाना पहुंचे। उन्होंने शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा और सार्जेंट मेजर अनिश मोमित कुजूर से पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है. जवान पर निश्चित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विवाद को समझने की कोशिश की जा रही है, ताकि आगे किसी तरह की बड़ी घटना ना हो।

# हाईवे वाहन की चपेट में आकर मजदूर की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सगुना गांव के पास हाईवा वाहन की चपेट में आकर एक मजदूर राजकुमार भूमिया उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताते चलें कि पाटन थाना क्षेत्र में लगातार हाईवा वाहन की तेज रफ्तार ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।आए दिन पाटन क्षेत्र में लगातार हाईवा की चपेट में आकर लोग घायल हो रहे हैं,या तो फिर लोगो की मृत्यु हो रही है। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने पाटन वीडियो से बात कर मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा व दाह संस्कार के लिए तत्काल राशि उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा हाईवा वाहन का एक निर्धारित समय तय किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला परिवहन पदाधिकारी को भी इस और ध्यान देना चाहिए। ताकि नौसिखिया लोग वाहन ना चलाएं। आज के समय में हाईवा और ट्रैक्टर चलाने वाले लोग बिना लाइसेंस के हाईवा और ट्रैक्टर चला रहे हैं जिसके वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। और हाईवा चालक की गति सीमा पर विशेष ध्यान दिया जाए। जानकारी मिलने पर चैनपुर के पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार सैलू भी सदर अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने परिजनों से मिल कर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हाईवा वाहन को अपने कब्जे में लेकर उसे थाना ले गई है। हाईवा चालक को भी पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है। इसके बाद पुलिस कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ किया बैठक



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंचल कार्यालय में 9.25 बजे पूर्वाहन, प्रखण्ड कार्यालय में 9.30 बजे पूर्वाहन,बाल विकास परियोजना कार्यालय में 9.40 बजे पूर्वाहन, अनुमंडलीय अस्पताल में 9.45 बजे पूर्वाहन, थाना में 10 बजे पूर्वाहन तथा प्रखण्ड अंतर्गत सभी पंचायत भवनों पर 10 बजे पूर्वाहन में झंडोत्तोलन किया जायेगा. सभी मुखिया गणों को झंडोत्तोलन के पश्चात राष्ट्रगान के लिये छात्राओं का चयन करने हेतु स्थानीय विद्यालय से समन्वय स्थापित करने को कहा गया.बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना साहू,प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे,विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव सहित सभी पंचायतों के मुखिया,पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

# अवैध उत्खनन में शामिल चार ट्रैक्टर को किया गया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** केतार प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रहे हो बालू उत्खनन को लेकर शुक्रवार को थाना क्षेत्र के खैरवा गांव सोन नदी तट से चार अवैध उठाओ कर रहे ट्रैक्टर को केतार अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि के द्वारा जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों अंचल पदाधिकारी व थाना प्रभारी को प्रखंड क्षेत्र के पंडा नदी एवं सोने नदी से हर दिन अवैध बालू उत्खनन की शिकायत मिल रही थी उसी के आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई और अवैध उत्खनन में शामिल ट्रैक्टर (1) यूपी 64 एके 6160 (2) यूपी 64 एपी 5154 दोनों केतार (3) यूपी 64 एआर 5918 खैरवा, केतार (4) सीजी 30 ई 0896 बोदरा, मझियाव को जप्त कर थाना लाया गया है। और अग्रसर करवाई के लिए विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है।

# फैमिली रेस्टोरेंट का किया गया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** शहर में चेचरिया पुल के समीप खप्पर बाबा स्वीट्स के दूसरे तल्ला पर शुक्रवार फैमिली रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया। फैमिली रेस्टोरेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व राजा पहाड़ी शिव मंदिर के पुजारी गोविंद पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोचार कर नारियल फोड़ा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी नितेश कुमार सिंह ने कहा कि श्री बंशीधर नगर जैसे छोटे शहर में आधुनिक सुविधाओं से लैस फैमिली रेस्टोरेंट खोला जाना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर में बाहर से आने वाले लोगों के ठहरने के लिए तो उत्तम व्यवस्था थी। किंतु उन्हें खाने-पीने के लिए कोई अच्छा होटल एवं रेस्टोरेंट नहीं था। जिस कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन खप्पर बाबा स्वीट्स एंड फैमिली रेस्टोरेंट्स का खुलना समृद्धि का परिचायक है। इसके खुलने से लोग परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन का आनंद ले सकते हैं। थाना प्रभारी ने रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर अभिषेक कुमार वर्मा से गुणवत्तापूर्ण व्यंजन उपलब्ध कराने की अपील की।रेस्टोरेंट के संचालक अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा कि बंशीधर नगर में अच्छे रेस्टोरेंट नहीं रहने के कारण फैमिली रेस्टोरेंट खोला गया है। जिसमें न्यूनतम राशि में अच्छी क्वालिटी का भोजन उपलब्ध है। जो कि हर तबके के लोग इस व्यंजन का आनंद उठा सकते हैं। वही मेनू चार्ट के माध्यम से चाइनीस आइटम के साथ-साथ भोजन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को लजीज खाने का स्वाद फैमिली रेस्टोरेंट में दिया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह रेस्टोरेंट फूली ऐसी है। रेस्टोरेंट में बर्थडे पार्टी, शादी सालगिरह आदि कार्यक्रम की भी अच्छी व्यवस्था की गई है,लोग अपने परिवार के साथ आकर इंजॉय कर सकते हैं। श्री खप्पर बाबा स्वीट्स में फैमिली रेस्टोरेंट के खोले जाने पर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के पदाधिकारियों ने रेस्टोरेंट संचालक को बुके देकर उन्हें धन्यवाद दिया। मौके पर पुअनि सुनील कुमार दास, पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू, उमेश कुमार चाहत, मिक्की जायसवाल, अनूप निराला, सुनील कुमार मेहता, जयप्रकाश कुमार, हर्ष राज,हिमेश राज, जोखू प्रसाद, विद्या भास्कर उर्फ छोटू, अनूप कुमार, नंदलाल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भगवान भरोसे विश्रामपुर का मवेशी अस्पताल,

# एक ही पदाधिकारी को विश्रामपुर सहित 14 जगह का अतिरिक्त प्रभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** झारखंड सरकार की उपेक्षा का दंश झेल रहा पलामू जिला का बिश्रामपुर मवेशी अस्पताल। यहां बताते चले कि प्रखंड मुख्यालय के 5 मीटर की दूरी पर यह मवेशी अस्पताल जिसका कभी कभार ही ताला खुलता है। ऐसे में प्रखंड क्षेत्र में बीमार पशुओं को दवा नहीं मिल पाता मवेशी अस्पताल के प्रभार में दीनबंधु गुप्ता हैं जो 14 जगह के और प्रभार में हैं। ऐसे में इनसे अस्पताल की व्यवस्था की उम्मीद करना बेकार है। सप्ताह में शायद कभी बस 5 मिनट के लिए यह अस्पताल खुल जाए यही काफी है सैकड़ों लोग मवेशी से संबंधित अस्पताल का चक्कर लगाते दिखते हैं। दर्जनों बार प्रिंट मीडिया ने प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित किया फिर भी अस्पताल की व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका गोपालक दवा के लिए दर-दर भटक रहे हैं। घासीदास पंचायत के एक समाजसेवी ने बताया एक स्टाफ कि यहां तैनाती है जो मुंह देखकर लोगों में दवा वितरण करते हैं। अब भगवान भरोसे यह अस्पताल खुद में कई रहस्य समेटे हुए हैं। प्रखंड क्षेत्र की जनता अस्पताल के बंद होने से अभाव ग्रस्त जिंदगी जीने को मजबूर हैं ऐसे में अब वरीय पदाधिकारी से भी उम्मीद की गुंजाइश खत्म होते दिख रही है।

# स्थल बदलकर रैयती जमीन पर चेक डैम बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध, रोका काम

**➲ग्रामीणों का आरोप -जहां बनाना था चेक डैम, वहां नहीं बनाकर दूसरे जगह पर हो रहा है काम**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के कोनवाई गांव के सतबहिनी नाला पर जल संसाधन विभाग (लघु सिंचाई) के द्वारा बनाया जा रहा चेक डैम निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध किया है। शुक्रवार को कोनवाई और पिपरा कला के ग्रामीणों ने चेक डैम निर्माण का विरोध करते हुए कार्य को रोक दिया है। ग्रामीणों ने घंटों निर्माण स्थल पर जमकर हंगामा किया। ग्रामीण मौके पर जल संसाधन विभाग के वरीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। हालांकि ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए जेई राघवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण जेई और संवेदक से एस्टीमेट दिखाने की मांग पर अड़े रहे। घंटों मान मनोबल का खेल चलता रहा, लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं रहे। जेई को पुनः वापस जाना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि जहां योजना का स्थल चयन हुआ है , वहां ही बनाया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक कौशल सिंह के द्वारा मनमानी तरीके से स्थल बदलकर चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। चेक डैम निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। घटिया तरीके से निर्माण किया जा रहा है। रैयती जमीन पर जबरदस्ती चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि चेक डैम का निर्माण सतबहिनी नाला पर किया जाना था। शिलापट्ट भी सतबहिनी नाला के पास ही लगाया गया है। संवेदक सतबहिनी नाला पर चेक डैम निर्माण कराने के बदले स्थल बदल कर शिलापट्ट से काफी दूर कुबरी कहुआ के पास किसानों के रैयती जमीन पर जबरदस्ती निर्माण करा रहा है। जिस स्थान पर निर्माण किया जा रहा है, वहां फगुनी मांझी, केश्वर मांझी, मनोज पासवान, कारू भुइयां, सितम भुइयां, बिहारी भुइयां बीगुन भुइयां आदि दर्जनों किसान का रैयती जमीन बर्बाद हो जाएगी। जहां चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है, वहां से किसानों का कोई फायदा नहीं होगा। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्तर पर योजना का चयन किया गया है। वहां काम कराया जाए। वरना काम को बंद कर दिया जाए। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा है कि संवेदक की मनमानी किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण मरने को भी तैयार हैं। **शिलान्यास के बिना ही संवेदक ने शुरू किया काम :** कोनवाई सतबहिनी नाला पर चेक डैम का निर्माण कार्य संवेदक बिना शिलान्यास का ही शुरू कर दिया। प्रोटोकॉल के अनुसार जिस विधानसभा क्षेत्र में योजनाएं संचालित होती है, उस विधानसभा क्षेत्र के विधायक और सांसद के द्वारा योजना का शिलान्यास किया जाता है। लेकिन संवेदक कौशल सिंह नियम कानून को ताक पर रखकर बिना शिलान्यास का ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया। संवेदक ने शिलापट्ट तो लगा दिया, मगर शिलान्यास नहीं कराया गया। **क्या कहते हैं जेई राघवेंद्र :** इस संबंध में जब जेई राघवेंद्र कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि फिलहाल कार्य को रोक दिया गया है। ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया है। योजना स्थल पर ही निर्माण किया जा रहा है। शिलापट्ट लगाने में संवेदक द्वारा भूल किया गया है। ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य किया जाएगा। संवेदक को भी गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निर्माण कराने का आदेश दिया गया है। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**संक्षिप्त खबरें**

### रांची : यादव समाज का मिलन समारोह 22 को

**रांची :** श्रीकृष्ण विकास परिषद की ओर से यादव समाज का मिलन समारोह धुर्वा डैम में 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने बताया कि मिलन समारोह भव्य होगा। प्रांत के 24 जिलों से लोग आएंगे। राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक उमाशंकर अकेला अमित यादव और बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष काजल यादव, राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव सहित अनेक प्रोफेसर, डॉक्टर और समाजसेवी मौजूद रहेंगे। इस दौरान मेधावी बच्चों और बुद्धिजीवियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### रांची जिला संतमत सत्संग का 34वां महाधिवेशन आज से

**रांची :** रांची जिला संतमत समिति का 34वां वार्षिक अधिवेशन 21 जनवरी से चुटिया के महर्षि मेंही आश्रम में होने जा रहा है। वार्षिक अधिवेशन में भागलपुर कुप्पाघाट महर्षि मेंही आश्रम के स्वामी प्रमोद महाराज, स्वामी निर्मलानंद महाराज, स्वामी विवेकानंद महाराज, स्वामी परमानंद महाराज सहित अन्य महात्माओं के प्रवचन होंगे। अधिवेशन की शुरुआत प्रातः स्तुति और ग्रंथ पाठ के साथ होगी। दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से भजनों और महापुरुषों के प्रवचन होंगे। यह जानकारी स्वामी निर्मल आनंद ने दी। समिति के संरक्षक योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस महाराज और महर्षि संत सेवी महाराज का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने बताया कि अधिवेशन की तैयारी हो चुकी है।

# बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय संगठन गुनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर बैंककर्मियों ने बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक कार्यालय, रांची (प्रधान टावर ओवरब्रिज के समीप अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किए। इस प्रदर्शन में बैंककर्मियों की महिला साथियों की भी।सहभागिता अच्छी रही। जानकारी हो कि हमारा यह हडताल निम्न मुद्दों को लेकर है एक सप्ताह में पाँच दिवसीय बैंकिंग की शुरुआत पूर्व में सेवानिवृत लोगों के लिए पेंशन का अद्यतन बकाया मुद्दों का समाधान। बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी पदों में पर्याप्त भर्ती । नई पेंशन योजना को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के लिए चेतन संशोधन के मांग पत्र पर वार्ता की तत्काल शुरू करने के लिए हमारे आँखेल भारतीय संगठन के द्वारा 13 जनवरी 2023 को सरकार एवं इंडियन बैंक एसोसिएसन को दे दिया गया है, जिसमें विस्तृत रूप से 11 नवम्बर 2020 से 12 पनवरी 2023 तक की तमाम वार्ता के संदर्भ में स्पष्ट रूप से जानकारी दी गई है कि हमें विवस हो किन कारणों से दो दिवसीय बैंक हड़ताल पर जाना पड़ रहा है।बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि पाँच दिवसीय बैंकिंग के संदर्भ में आपसी सहमति एवं सुझाव के बावजूद भी लागू नहीं किया जाना चिंता का विषय है, जबकि अन्य वित्तीय संस्थानों में यह पहले से लागू हो चुका है। सेवानिवृत कर्मियों के पेंशन अपडेसन के सदर्भ में पिछले 27 वर्षों से लंबित है जबकि रिजर्व बैंक में यह लागू हो चुका है। 11 नवम्बर 2020 के पश्चात 11वी द्विपक्षीय समझौते में बकाया मुद्दों का समाधान ) पर मामला अभी तक लंबित है जिसे 31 अक्तूबर 2022 तक हो जाना चाहिए था। यह क्क की नकारात्मक रवैये को दर्शाता है। जिस संदर्भ में पिछले दिनों 27 जून 2022 को हड़ताल का आह्वान था ढ्ढ क्कके द्वारा तत्काल निष्पादन करने के आश्वासन के पश्चात हड़ताल स्थगित कर दिया गया था , परंतु वस्तुस्थिति यथावत है। इस कार्यक्रम को कॉमरेड सुनील लकड़ा, कॉमरेड एम एल सिंह, कॉमरेड दाई पी सिंह, कॉमरेड गौतम घोष, कॉमरेड अखिलेश कुमार कॉमरेड प्रकाश उराँव, कॉमरेड शिगुन उराँव, कॉमरेड राजन कुजूर, कॉमरेड कनक रंजन चौधरी, कॉमरेड मनीष कुमार सिंह, कॉमरेड मुरलीधर राम, कॉमरेड, जमन कुमार श्रेवाल आदि ने संबोधित किया।

# घटनाओं को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करें सीएम : डा आशा लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा ने कहा कि झारखंड में दुष्कर्म और धर्ममतांतरण का खेल तेजी से बढ़ रहा है।

फिर भी हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में सुशासन का दावा कर रही है। उन्होंने कहा कि बुधवार को धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवती को उसके घर से उठाकर जंगल में चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। फिर भी पुलिस अब तक आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वहीं दूसरी ओर, कोडरमा के कोठियार पंचायत के गरडीह टोला में पिछले दिनों लालच देकर हिंदुओं का मतांतरण कराया गया।

गरडीह टोला के 25 हिंदू परिवारों ने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया। पटना से आए ईसाई प्रचारकों ने इस कार्य को अंजाम दिया। फिर भी स्थानीय प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। संबंधित परिवार के लोग सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े हैं।

राज्य सरकार की कार्यशैली पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि इन दिनों मुख्यमंत्री खातियानी जोहर यात्रा निकल रहे हैं।

विभिन्न जिलों में चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की जा रही है। सचिव स्तर के अधिकारियों को फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस डिपार्टमेंट के आलाधिकारी जिलों और प्रमंडल में पहुंचकर लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा कर रहे है। इससे यह स्पष्ट हो चुका है कि हेमंत सोरेन की सरकार में पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल में इस राज्य की जनता के लिए क्या कार्य किया। उन्होंने कहा कि फिलहाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खतियानी जोहार यात्रा के माध्यम से स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। यदि उन्हें इस राज्य की जनता की तनिक भी चिंता होती तो इन घटनाओं को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते, परंतु उन्होंने इन घटनाओं पर चुप्पी साधकर यह साबित कर दिया कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

# भ्रष्टाचार का घी खाने वाले अब पछता रहे : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बालू, पत्थर और कोयले के बाद झारखंड में शुद्ध देसी घी चर्चा में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दो सालों में भ्रष्टाचार की ऐसी घी निकाली, जिसे खाने वाले अब पछता रहे हैं। बाबूलाल ने शुक्रवार को ट्विट करते हुए कहा कि गैंग्स ऑफ साहिबगंज के एक किरदार माइनिंग अफसर विभूति कुमार देसी घी भी सप्लाई करते थे। ईडी की पूछताछ में मोबाइल चैट के बारे में विभूति ने बताया कि वो सीए सुमन को रांची में शुद्ध घी उपलब्ध करा रहे थे। उन्होंने कहा कि डीएमओ विभूति कुमार ने सीए के अलावे और किस-किस को घी खिलाया है, यह तो जांच में पता चल ही जाएगा।

# अल्पसंख्यक अधिकार समन्वय समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** माकपा राज्य कार्यालय में अल्पसंख्यक समुदाय के बुद्धिजीवियों के साथ वामदलों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें हाई कोर्ट के वकील, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत वामदलों के राज्य नेतृत्व ने हिस्सा लिया। बैठक में यह सहमति बनी की झारखंड में अल्पसंख्यकों के ज्वलंत समस्याओं पर आगामी 11 मार्च को एक राज्य स्तरीय कंवेंशन किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा यह भी तय किया गया कि कंवेंशन के पूर्व अल्पसंख्यक समुदायों के मुद्दों को चिन्हित कर एक मांग-पत्र तैयार किया जाए और राज्य के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से एक शिष्टमंडल मिलकर उन्हें यह मांग पत्र सौंपा जाए।

बैठक की अध्यक्षता माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने की। बैठक में भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, माले के स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य भुवनेश्वर केवट, समन्वय समिति के संयोजक अब्दुल कलाम रसीदी, अजय सिंह, सुखनाथ लोहरा, प्रफुल्ल लिंडा, नदीम खान, फरजाना फारुकी और वीणा लिंडा समेत अन्य लोग शामिल थे।

# कृष्णा अपार्टमेंट के आउट हाउस में लगी आग, एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बरियातू थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के आउटहाउस में गुरुवार देर रात आग लग गई। जिसमें कमरे में मौजूद सोनाहातू के रहने वाले दामोदर लोहरा (19) जिंदा जल गया। जबकि रातू इलाके का रहने वाला अमर तिग्गा बुरी तरह झुलस गया है, जिसे रिम्स में भर्ती कराया गया। दामोदर लोहरा नगर निगम में छिड़काव कर्मचारी था। बताया जाता है कि दामोदर लोहरा अपने फुफेरे भाई मनोज के साथ कृष्णा अपार्टमेंट के आउटहाउस में रहता था। गुरुवार रात दामोदर का दोस्त अमर तिग्गा उससे मिलने आया था। करीब आधे घंटे बाद ही अचानक आउटहाउस से चीखने-चिल्लाने की आवाज आने लगी। आसपास के रहने वाले लोग जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि जिस कमरे में दामोदर और अमर थे, उसमें धुआं भरा है। दामोदर जमीन पर पड़ा हुआ था, जलने की वजह से उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं, गंभीर रूप से झुलसा अमर तड़प रहा था। मामले की जानकारी बरियातू पुलिस को दी गई, जिसके बाद एंबुलेंस बुलाकर अमर को रिम्स भेजा गया। आउटहाउस में आग कैसे लगी, पुलिस इसकी जांच कर रही है। अंदेशा यह है कि कमरे में लगी हीटर में हुए शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। शायद ठंड से बचने के लिए उन्होंने हीटर का उपयोग किया होगा। बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि आग लगने की वजहों की जांच की जा रही है।

# वार्षिक खेलकूद दिवस का हुआ समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची स्थित सेंट जॉन्स स्कूल, इंग्लिश मीडियम, रांची में तृतीय वार्षिक खेलकूद दिवस का गुरुवार को सफल आयोजन किया गया. दिवस की शुरुआत मुख्य अतिथियों के स्वागत और अभिनंदन के साथ हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि फा. फादर अमृत लकड़ा एस.जे. रेक्टर मनरेसा, हाउस, रांची ने मार्च पास्ट का निरीक्षण किया, परेड की सलामी ली, स्पोर्ट्स डे शुभारम्भ घोषित किया और गुब्बारों को छोड़ा। मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में कहा, स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन बनता है। खेल हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। प्राचार्य फा. एंथनी एक्का एस.जे. कहा,जीने के लिए स्वस्थ शरीर जरूरी है, लेकिन स्वस्थ दिमाग के अभाव में इंसान , इंसान नहीं बल्कि जानवर जैसा हो जाता है। इस प्रकार मेरी राय में एक स्वस्थ दिमाग जो किसी को अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करता है, एक स्वस्थ शरीर की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है। कॉर्डिनेटर पेट्रीसिया एन नाग ने पांच एस के बारे में कहा - सहनशक्ति, गति, शक्ति, कौशल और आत्मा। कार्यक्रम विवरण - कछुआ दौड़, तीन टांगों वाली दौड़, गुब्बारा फोड़ना, स्कूल के लिए तैयार होना, बाल्टी में गेंद डालना, जलेबी दौड़, फैंसी ड्रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, रिले दौड़, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, भाला फेंक। माता-पिता और पूर्व छात्रों के लिए बैलून रेस, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ भी आयोजित की गई।

# बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को आयेंगे रांची



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को रांची आयेंगे। पटना में गोड्डा के पूर्व विधायक और प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने शुक्रवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। मुलाकात कर झारखंड में चल रहे संगठन के गतिविधि और वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विचार विमर्श किया। झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि संगठन को सुदृढ़ और मजबूत करने के लिए बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को आयेंगे। रांची में राजद के विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान यादव संगठन की स्थिति से भी अवगत होंगे। झारखंड में पंचायत से प्रदेश स्तर पर राजद कैसे मजबूत हो। इस पर मजबूती के लिए बात कर टिप्स देंगे। मुलाकात के दौरान गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव और बेलहर के विधायक मनोज यादव साथ थे। उप मुख्यमंत्री से मिलने के बाद बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ सुरेंद्र यादव और बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव से भी की मुलाकात की। साथ ही झारखंड के सांगठनिक एवं राजनीतिक स्थिति से उन्हें भी अवगत कराया।

# मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, म्यूटेशन प्रमाण-पत्र की डीसी ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** रांची राहुल कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, लंबित दाखिल-खारिज, म्यूटेशन, प्रमाण प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित राजस्व से संबंधित अन्य मामलों की समीक्षा की। वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची एवं बुंडू, अपर समाहर्त्ता रांची, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, जिला कृषि पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की अंचलवार समीक्षा की गई। जिले में योजना के तहत किसाानों को भुगतान को लेकर उपायुक्त ने खुशी जाहिर की। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को सुखाड़ राहत योजना के तहत लंबित एवं रिवर्टेड आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी आवेदन हल्का कर्मचारी के पास लंबित हैं, फील्ड विजिट कर उसका निष्पादन कराएं। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सभी कैटेगरी में मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए सीओ हर दिन अपना लॉगिन चेक करें।

### मुख्यमंत्री 23 जनवरी को जायेंगे सिमडेगा

**रांची :** खातियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 23 जनवरी को सिमडेगा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और झामुमो के कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं। खतियानी जोहार यात्रा का मुख्य कार्यक्रम अल्बर्ट एक्का स्टेडियम और पार्वती इंटर कॉलेज परिसर मैदान में आयोजित है। इसे लेकर स्टेडियम में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन सजग है। हालांकि, 22 जनवरी को नक्सलियों के झारखंड बंद को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से सभी जिला एसपी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत एक साथ कर रहा तीन अंतरराष्ट्रीय संगठनों की अध्यक्षता : दीपक प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव एवम संकल्पों पर प्रकाश डाला।प्रकाश ने कहा कि नई दिल्ली में विगत 16एवम 17जनवरी को पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024तक बढ़ाया गया। प्रदेश भाजपा उन्हें बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में पार्टी की सांगठनिक संरचना को और मजबूत करने का संकल्प व्यक्त करती है।कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में नड्डा के कुशल मार्गदर्शन में तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाएगी। कहा कि गुजरात चुनाव में 53त्नवोट के साथ 182में से 156सीटों पर कमल खिला।साथ ही आदिवासी इलाके की 27में से 23सीटें भाजपा के खाते में गई।जबकि एससी केलिए आरक्षित 13में से 11सीट भाजपा को मिली।भाजपा को पहली बार किसी राज्य में 86त्नसीटें मिली। कहा कि शहरी इलाकों की 53में 49सीट जबकि ग्रामीण इलाकों की 98में से 79सीट भाजपा ने जीती। गुजरात चुनाव में भाजपा को 53.33त्नवोट मिले।इसके अलावा आगामी विधानसभा चुनावों में विजय संकल्प,काशी तमिल संगमम,हर घर तिरंगा कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता की चर्चा हुई। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवम प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव भी उपस्थित थे।

# गुरु रविदास महासभा का राजभवन के समक्ष धरना




**सचिव ने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गयी तो सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेंगे।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा ने शुक्रवार को राजभवन के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। मौके पर सचिव प्रदीप रवि ने कहा कि रांची नगर निगम चुनाव में मेयर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया था। इसे हटाकर हेमंत सोरेन ने दलितों के साथ धोखा किया। उन्होंने कहा कि टीएसी की बैठक कर झामुमो ने अनुसूचित जाति के बजाय अनुसूचित जनजाति के लिए मेयर सीट आरक्षित कर दी। सचिव ने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गयी तो सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सालों से अनुसूचित जाति आयोग को बंद कर दिया है, जिससे राज्य में दलित समाज पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुहैल राम ने कहा कि झामुमो सरकार दलितों को ठगने का काम कर रही है।

झारखंड में लगातार अनुसूचित जाति के साथ अत्याचार बढ़ रहा है। सरकार चुप्पी साधे बैठी है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि स्थानीय नीति में अनुसूचित जाति को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार दलितों और पिछड़ों को ठगने का काम कर रही है। धरने में रांची, हेसाग, मौसीबाड़ी, जगरनाथपुर, डोरंडा, कांटाटोली और अपर बाजार के महिला पुरुष शामिल थे।

# रांची में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के खरसीदाग ओपी क्षेत्र के भुसूर चौक के नजदीक तेजी से आ रहे कंटेनर ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आनन-फानन में रिम्स भेजा गया। मृतक की पहचान नया सराय पोखरटोली निवासी रोहित कुमार लोहरा और तुलसी कुमार लोहरा के रूप में की गयी है। ओपी प्रभारी नीरज ने बताया कि घायल को रिम्स में भर्ती कराया गया है। दो की मौत हो गयी है। कंटेनर और बाइक को जब्त किया गया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी** : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति(विकास) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अनुमण्डल पदाधिकारी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक, आई.टी.डी.ए व अन्य जिला स्तरीय व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त द्वारा कल्याण विभाग, क्कस्थ्लक्क ष्टस्थ्लक्क पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कृषि, आपूर्ति, विद्युत, समाज कल्याण, पशुपालन आदि विभाग से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा पी.पी.टी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यरत योजनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने का निदेश दिया गया तथा आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के आवश्यक निदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिला अंतर्गत स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाय। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। इसमें उन्होंने मुख्य रूप से कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, आधारभूत संरचना, कौशल विकास व विकास के मानकों पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें।

साथ ही उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं के कार्य की प्रगति के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से विस्तार में जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने स्तर से योजना के संबंध में लोगों को जागरूक करते हुए लाभान्वित करें। साथ ही छात्रवृत्ति योजना के लक्ष्य पूर्ति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने महत्वाकांक्षी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक,पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग लाभुकों (18 से 50 वर्ष तक) को 50000 रू से 25 लाख रुपए तक निर्धारित ब्याज दर पर एवं 40त्न अनुदान पर ऋण की सुविधा दी जा रही है। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि जो योजनाएं राशि के आभाव में लंबित हैं उनकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मौके पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक, ITDA को निर्देश दिए कि उलिहातू एवं एटकेडीह में आवास निर्माण कार्य का सर्वे किया जाय। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक, ITDA द्वारा संयुक्त रूप से योजना का भौतिक निरीक्षण किया जाय। इसके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा बिरसा आवास योजना, वनाधिकार अधिनियम एवं मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत लोगों को लाभ दिया जाय। इसमें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सक्रिय रूप से कार्य करें।

## मनरेगा योजना के क्रियान्वयन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखण्ड सभागार में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया. प्रिशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के 14 पंचायतों से मनरेगा महिला मेट,रोजगार सेवक,पंचायत सचिव उपस्थित हुये. प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा सभी उपस्थित मेठ पंचायत सेवक,व रोजगार सोवको को जॉब कार्ड संधारण,कार्य की मांग,मस्टर रॉल संधारण,अभिलेख संधारण,एन एम एम एस,योजना कार्य स्थल पर कार्य सुविधा,योजनाओं का मापी,मनरेगा अंतर्गत बिभिन्न योजनाओं के प्राक्कलन की जानकारी,मजदूरी भुगतान को निरीक्षण कर संबंधित मजदूर को जानकारी उपलब्ध करवाना,रोजगार दिवस व मजदूर को आवश्यक सहयोग प्रदान करना,आदि बिषयों पर बिस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर पंचायत सेवक परीक्षित महतो, रोजगार सोवक लालमोहन राम, विश्व रंजन कुमार,मणिलाल उराँव,बसंत यादव,सुरेन्द्र यादव,रविन्द्र मुण्डा,राधेश्याम प्रसाद,अमित यादव,विजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे.

## एजेकेएसएस का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का वनभोज सह मिलन समारोह सपही नदी तट पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर यूनियन के सभी यूनिट के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। इस दौरान यूनियन के एरिया सचिव हरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन का कार्यकर्ता ही रीढ़ होती है। इसलिए संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के कामगारों को यूनियन में ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाए ताकि यूनियन का वृहद रुप से विस्तार हो सके। उन्होंने कोयला मजदूरों के वर्तमान समस्याओं एवं उसके समाधान पर चर्चा किया। कार्यक्रम में कई लोगों ने यूनियन का सदस्यता ग्रहण किया। नए सदस्यों को यूनियन पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद सभी ने सामुहिक रूप से भोजन का आंनद लिया। इस मौके बसंत सामंत, जगदीश चौहान, मोहम्मद शहजाद, नरेश कुमार, कन्हाई पासी, खीख राम बारीक, रामचरण सतनामी, इम्तियाज अंसारी, अजीत चौहान,संदीप कुमार, रोहित कुमार, चंद्र कुमार साहू,राहुल तिवारी, सनोज सिंह आदि लोग शामिल थे।

# समाज दूसरों की अपेक्षा शिक्षा, राजनीति व आर्थिक रूप से काफी पीछे है, एकजुट होकर संघर्ष करना होगा : बलजीत पासवान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी** : अखिल भारतीय दुसाध( पासवान) कल्याण समिति एन के पिपरवार क्षेत्र के तत्वाधान में शुक्रवार को वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन सपही नदी में किया गया. मुख्य अतिथि बलजीत पासवान पूर्व विधायक लातेहार, विशिष्ट अतिथि जवाहर पासवान, कन्हाई पासवान, बृजकिशोर पासवान, जय प्रकाश पासवान, अर्जुन मांझी,महेश पासवान, सुभाष पासवान, विनोद बिहारी पासवान, गोपाल पासवान, नंदन पासवान, बली पासवान,किशोर पासवान उपस्थित थे. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बलजीत पासवान ने कहा कहा कि आज भी समाज दूसरों की अपेक्षा शिक्षा, राजनीति व आर्थिक रूप से काफी पीछे है। इन सारी समस्याओं को दूर करने और हक लेने के एकजुट होकर संघर्ष करना होगा. वही विशिष्ट अतिथि जवाहर पासवान ने अपने वक्तव्यों में कहा नए वर्ष से आज से ही प्रण ले कि संगठन व समाज के सभी लोगों को एक साथ निष्ठा के साथ काम करने का निर्णय ले.और पासवान समाज का विकास तभी होगा. जब शिक्षा व रोजगार दोनों में आगे बढ़ेंगे. और रोजगार तभी मिलेगा या हम बेहतर कर सकेंगे. जब हमारे पीढ़ी के लोग शिक्षित हों. कार्यक्रम से पूर्व कार्यक्रम में शामिल लोगों ने बाबा चूहड़मल के चित्र पर पुष्पर्पित कर दीपप्रज्वलित किया गया. व राष्ट्रीय गान गाया गया. वही दूरदराज से आये हुए अतिथियों को बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम का संचालन मिथलेश पासवान व धन्यवाद ज्ञापन दिलीप पासवान ने किया. मौके पर मौके पर सुनील पासवान,सरजू पासवान, कईला पासवान,अनिल पासवान, राजू पासवान,रामलाल पासवान, सुदेश पासवान,प्रमोद पासवान, रविन्द्र पासवान,अजय पासवान, विजय पासवान,राघवेंद्र पासवान, वीरेंद्र भगत,नगीना देवी,मंजू देवी, मीना देवी,नीरा देवी सहित अन्य पासवान समाज उपस्थित थे. उधर इसी कार्यक्रम में आदिवासी जन परिषद खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष की ओर से 500 बच्चों के बीच कॉपी कलम का भी वितरण किया गया.


## कार्यालय जिला गव्य विकास पदाधिकारी, हजारीबाग

**"आम सूचना"**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रांची के 23 रा0(वि0) दिनांक 07.11.2022 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं/महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/लाभुक अंशदान (स्वयं या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत् विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अंदर आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | योजना का नाम | इकाई लागत प्रति यूनिट | लक्ष्य | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 75 प्रतिशत अनुदान | 90 प्रतिशत अनुदान | |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 05 गाय/भैंस वितरण की योजना | 3,37,625/- | 01 (SCSP) | 0 | |
| 2 | मिल्कींग मशीन (4 बकेट) | 1,20,000/- | 01 (OSP) | 01 (SCSP) | |
| 3 | पनीर एवं खोवा मेकिंग यूनिट (एक सेट) | 1,00,000/- | 0 | 01 (SCSP) | |
| 4 | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट 3 M × 2M × 1M | 25,000/- | 0 | 05 (OSP) | |
| 5 | काउ मैट | 5,200/- | 0 | 05 (OSP) 03 (SCSP) | |
| 6 | हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 06 (OSP) | 05 (OSP) 01 (SCSP) | |
| 7 | विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 0 | 01 (SCSP) | |

**चयन हेतु अहर्त्ताए एवं प्रक्रिया :–**

➢ जिला के लाभुकों का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा।
➢ योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखंड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
➢ जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।
➢ सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांरित की जायेगी।

**05/10 गाय योजना :–**

➢ 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
➢ 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**अन्य योजनाएं :–**

➢ 75 % के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
➢ 90% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**नोट :–** उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से सम्पर्क करेंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 287995 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)22-23*D


## परीक्षा पर चर्चा का आयोजन

**खूँटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय डी0 ए0 वी पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आहुत चिर परिचित विषय पर परीक्षा पर चर्चा का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि कड़िया मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि जगननाथ मुंडा तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता थे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सह भीम सिंह मुंडा, संजय साहू, ओम प्रकाश कश्यप राजकुमार गुप्ता (बिरसा कॉलेज) की उपस्थिति सराहनीय रही। विषय वस्तु को प्रस्तुत करते हुए कड़िया मुंडा ने कहा कि ÷ बच्चो को परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए केवल परीक्षा से ही जीवन का मूल्यांकन नहीं होता है, ये तो मात्र जीवन का एक अंग हैं उन्होंने ये भी कहा कि खेल कूद में भी अब अच्छा भविष्य हैं।मौके पर ड्राइंग (पेंटिंग) प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे लगभग 700 (सात सो) बच्चों ने भाग लिया। राजकुमार गुप्ता, गिरीश चंद्र जैसवाल, मदन मोहन मिश्रा, शिक्षक राकेश कुमार, जी सी घोष और डेजी झा के गहन जजमेंट में उक्त प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमे प्रथम स्थान वर्षा रानी कक्षा XII, द्वितीय स्थान आयुषी कुमारी ङ्क तथा तृतीय स्थान पंखुड़ी मिश्रा और पायलरानी सयुंक्त रूप से दिया गया। समस्त कार्यक्रम प्रियांक भगत तथा विकास रंजन के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का अंत विद्यालय के प्राचार्य टी0 पी0 झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा मनाने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी बिनोद तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रुप से पूजा के अवसर पर अश्लील व भड़काऊ गाना नहीं बजाने एवं सोशल मिडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने की अपील की गई। अगर कोई व्यक्ति इस तरह का कोई पोस्ट करते हैं तो वैसे लोगों को चिन्हित कर साइबर क्राइम के तहत कारवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा गया कि शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा क्षेत्र वासी मिलजूल कर मनाएं। प्रशासन के दिशा निर्देश व गाइडलाइन का पालन करें। वहीं प्रशासन ने कहा की शांति भंग करने वाले हुड़दंगियों व असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस की पैनी नजर रहेगी और पुलिस ऐसे लोगों से सख्ती से निपटेगी। सभी प्रखंडवासियों शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाए इसके लिए बड़कागांव पुलिस सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी। मौके पर मुख्य रूप से एसआई अनोज कुमार, एस आई बिनोद कुमार सिंह, अभय कुमार, बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंसस रितेश कुमार ठाकुर, प्रभु राम, पुर्व मुखिया भीखन महतो, अनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत कु. महतो, झामुमो नेता दिपन साव, किशोर राणा, रामसेवक सोनी, रघुनाथ राम, मोहम्मद शहजाद आलम सहित दर्जनों से अधिक जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी व अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## वन विभाग ने नापोखुर्द से लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर जब्त किया

**बडकागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नापोखुर्द से वन विभाग ने शुक्रवार को लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर किया जप्त। गुप्त सूचना के आधार पर वनपाल रामचंद्र प्रसाद के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने नापो खुर्द से दो सागवान तीन करम लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर जप्तकिया। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी था। वनपाल रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि के अवैध तरीके से जंगल की कटाई करने वाले लोगों को चिन्हित करके कार्रवाई की जाएगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा। छापेमारी दल में मुख्य रूप से वनरक्षी भोला साहू, मनोरंजन कुमार, केशव महतो, अशोक कुमार आदि शामिल थे।


## कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची (अभियंत्रण शाखा)

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/11/2022-23**

| S.No | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अनगड़ा | Dimra स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 2 | अनगड़ा | Guridih स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 3 | अनगड़ा | HWC Chatra स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 11100000.00 | 222000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| | | HWC Chatra स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | | | | |
| 4 | अनगड़ा | Bisa स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 5 | अनगड़ा | HWC Maheshpur स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 6 | अनगड़ा | HWC Narayansoso स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 7 | कॉंके | Oiana स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 11100000.00 | 222000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| | | Rarha स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | | | | |
| 8 | कॉंके | Pandra स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 11100000.00 | 222000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| | | Manahatu स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | | | | |
| 9 | कॉंके | Pithoriya स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 11100000.00 | 222000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| | | Pithutola स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | | | | |
| 10 | कॉंके | Kumahria स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 11 | ओरमॉझी | Kukai स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 12 | ओरमॉझी | Kurum स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 16650000.00 | 333000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| | | Kute स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | | | | |
| | | Berwey स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | | | | |
| 13 | ओरमॉझी | Kulhi स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 11100000.00 | 222000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| | | Manshukam स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | | | | |
| 14 | बुण्डू | Dalkedih स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 15 | बुण्डू | HWC Jaradih स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 16 | बुण्डू | HWC Kanchi स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 17 | बुण्डू | Taimara स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 18 | बुण्डू | Tirildih स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 19 | सिल्ली | Jhabri स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 20 | सिल्ली | Kochcho स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 11100000.00 | 222000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| | | Muri स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | | | | |
| 22 | सिल्ली | Lowadag स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 23 | सिल्ली | NawadihKulsut स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 24 | सिल्ली | Ajaygarh स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 25 | सिल्ली | Bansaruli स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 26 | सिल्ली | Basantpur स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 5550000.00 | 111000.00 | 10,000.00 | 06 माह |

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।

1. अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–04.02.2023
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–06.02.2023 से 11.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं निविदा दस्तावेज हार्ड कॉपी में जमा करने की तिथि–13.02.2023 को अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि–14.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, रॉंची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0–6201684634
8. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) किसी स्थानीय राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से लिया जायेगा जो जिला अभियन्ता, जिला परिषद, रॉंची के पदनाम से प्लेज्ड होगा एवं रॉंची में भुगतेय होगा।
9. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
10. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
11. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची, भवन निर्माण विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रॉंची

PR 288032 Panchayati Raj(22-23).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या– 15/2022-23/RWD/CHATRA** दिनांक– **20.01.2023**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/01 | ग्राम पंचायत–औरू में पक्की सड़क बगीचा से महुआटांड़ प्राथमिक विद्यालय तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 98,32,100.00 | अन्ठानबे लाख बत्तीस हजार एक सौ | 06 माह |
| 2. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/02 | ग्राम पंचायत–औरू में पक्की सड़क खजुरिया आहर से राजेन्द्र यादव के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 50,27,500.00 | पचास लाख सत्ताईस हजार पाँच सौ | 06 माह |
| 3. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/03 | पंचायत–औरू, ग्राम–डटमी में आर॰ई॰ओ॰ रोड से बीचडीह होते हुए चापी रोड पक्की सड़क तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 92,16,200.00 | बेरोनबे लाख सोलह हजार दो सौ | 06 माह |
| 4. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/04 | पंचायत–औरू, ग्राम–डटमी में पक्की सड़क से मिडिल स्कूल होते हुए आंगनबाड़ी भवन तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 98,41,900.00 | अन्ठानबे लाख एकतालीस हजार नौ सौ | 06 माह |
| 5. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/05 | पंचायत–औरू, ग्राम–सतघरवा में पक्की सड़क से निमियाँटांड़ तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 59,55,000.00 | उनसठ लाख पचपन हजार | 06 माह |
| 6. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/06 | पंचायत–औरू, ग्राम–डटमी में सतघरवा पक्की सड़क मुनी भुईयाँ टोली होते हुए बथान तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 98,17,600.00 | अन्ठानबे लाख सतरह हजार छः सौ | 06 माह |
| 7. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/07 | पंचायत–औरू, ग्राम–काशीकेवाल में आर॰ई॰ओ रोड से शंकर यादव के घर होते हुए शिव मंदिर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 33,00,500.00 | तैतीस लाख पाँच सौ | 03 माह |
| 8. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/08 | पंचायत–औरू, ग्राम–औरू में पटेल भुईयाँ के घर से मनी यादव के घर होते हुए छठ घाट तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 18,39,500.00 | अट्ठारह लाख उन्चालीस हजार पाँच सौ | 03 माह |
| 9. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/09 | पंचायत–औरू, ग्राम–काशीकेवाल में पक्की सड़क से देवी मण्डप होते हुए विकास ठाकुर के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण | 24,34,000.00 | चौबीस लाख चौंतीस हजार | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **27.01.2023**
3. ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **02.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय :– **03.02.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।**
5. ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **04.02.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।**
6. ई– निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
7. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **6201014532**
8. ई– निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"
9. UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 288074 Rural Work Department(22-23).D

## सोनी एफई 20-70एमएम एफ4जी लेंसों की स्टैंडर्ड जूम कैटेगरी को फिर से किया परिभाषित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनी एफई 20-70 एमएम एफ4जी (मॉडल - एसइएल2070जी) के साथ लेंस की स्टैंडर्ड जूम श्रेणी को फिर से परिभाषित कर रहा है, जो उल्लेखनीय रूप से कॉम्पैक्ट अल्ट्रा-वाइड 20-70 एमएम जूम रेंज, हल्के फुल-फ्रेम लेंस, सम्पूर्ण जूम रेंज में कांस्टेंट एफ4 एपर्चर का दावा करता है। असरदार जी लेंस इमेज क्वालिटी, हाई स्पीड वाली सटीकता और ट्रैकिंग एएफ और अधिकतम गतिशीलता और ऑपरेबिलिटी के लिए एक स्मार्ट डिजाइन के साथ, यह नया लेंस ढेरों अलग-अलग तरह के क्रिएटर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। एफई 20-70 एमएम एफ 4जी अलग-अलग तरह के कंटेंट को कैप्चर करने के लिए एकदम सही विकल्प है, जैसे व्लॉगिंग और मूवी प्रोडक्शन से लेकर पोर्ट्रेट और लैंडस्केप के स्टिल शॉट्स। एफई 20-70 एमएम एफ 4जी सभी सोनी सेंटर्स, अल्फा फ्लैगशिप स्टोर्स, सोनी के अधिकृत डीलर्स, ईकॉमर्स वेबसाइट्स (अमेजन और फ्लिपकार्ट) पर और पूरे भारत में प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक स्टोर पर आगामी 2 फरवरी से 124,990 रूपये में उपलब्ध होगा।

## गणतंत्र दिवस पर बच्चों को उचित सवाल उठाने के लिए टाटा साल्ट ने की पहल



**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश की सेहत, देश का नमक की थीम पर प्रमुखता से जोर देते हुए, भारत के ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक सेगमेंट में अग्रणी और मार्केट लीडर, टाटा साल्ट ने एक राष्ट्रव्यापी गणतंत्र दिवस अभियान शुरू किया है। 360-डिग्री दृष्टिकोण वाले, इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को सवाल उठाने के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है जिससे प्रासंगिक बातचीत को बढ़ावा दिया जा सके और सामाजिक परिवर्तन को बल मिल सके। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की प्रेसिडेंट, पैकेज्ड फूड्स-इंडिया, दीपिका भान ने कहा कि बच्चे वास्तव में हमारी सोच को नया रूप दे सकते हैं। वे उस यथास्थिति पर सवाल करते हैं जिसे हम स्वीकार कर लेना चाह रहे हैं और वही चुनौती बदलाव के लिए प्रेरित करती है। देश के लिए हर सवाल उठेगा एक ऐसा मंच है जो इन वास्तविक सवालों को सामने लाने का प्रयास करता है।

## एमजीएम अस्पताल में जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 39 वे स्थापना दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन शुक्रवार 20 जनवरी को एमजीएम अस्पताल परिसर में 239 जरूरतमंदों के बीच दोपहर का भोजन और लड्डू वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष उषा चैधरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें पुष्पा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, नीलम देबूका, निशा अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल आदि सदस्यों का योगदान रहा।

## ईचागढ़ : झुंड से बिछड़े हाथी ने बाजार में घूंसकर जमकर मचाया उत्पात

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नही ले रहा है। शुक्रवार की अहले सुबह करीब 5 बजे पिलीद जंगल के झुंड से बीछड़े एक हाथी ने मिलन चौक स्थित टमाटर मंडी में घुसकर उत्पात मचाया। हाथी ने टमाटर व्यापारी चितरंजन महतो के मंडी में रखे टमाटरों को चटकर व रौंदकर नष्ट कर दिया। इसके अलावा पिलीद मे रंजीत सिंह मुण्डा का बैगन खेती को भी रौंद डाला। मिलन चौक के एक शैलुन का दरवाजा भी तोड़कर कुर्सी आदि को तोड़ दिया । झुंड से बिछड़े हाथी रघुनाथपुर व पिलीद जंगल में डेरा डाले हुए हैं। घटना कि सुचना मिलते ही वनरक्षी कैलाश महतो क्षति का जायजा लेने पहुंचे ।वही ग्रामाण प्रधान सुधीर सिंह मुण्डा ने वन विभाग से उचित मुआवजा देने का मांग किया है।

## जूलॉजी विभाग के छात्र छात्राओं ने जाना मत्स्य पालन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज के जूलॉजी विभाग के विद्यार्थियों के लिए गुड़ाबांधा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (ग्रामीण विकास विभाग) ने आयोजित किया। इस दौरान छात्र छात्राओं को मत्स्य पालन के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन करने वालों तथा उसके विशेषज्ञों से मत्स्य पालन की विशेषताओं को जाना और समझा। इस कार्यशाला के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने बधाई दी। कार्यशाला जूलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ शशि प्रभा त्रिपाठी तथा अन्य शिक्षिका प्रो नुजहत जहां, प्रो सानिया तहरीम और मोहम्मद सदीक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरायकेला के कक्षा अरुण से दशम तक के बच्चों के मध्य वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा अरुण से द्वितीय तक के बच्चों के बीच विद्यालय प्रांगण में तथा कक्षा तृतीय से दशम तक के बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता बिरसा मुंडा स्टेडियम सरायकेला में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दौरान कुल 140 बच्चों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। और सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य तुषार कांत पति ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदीयों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हरिवंश की तीन किताबों पर लेखकीय संवाद आज

**- प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का आयोजन. चेंबर भवन, बिष्टुपुर में पाठकों से संवाद करेंगे लेखक हरिवंश**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कल शनिवार को 12 बजे से चेंबर भवन, बिष्टुपुर में राज्यसभा के उपसभापति, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक हरिवंश की तीन किताबों पर लेखकीय संवाद होगा. प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के इस आयोजन में लेखक श्री हरिवंश की तीन नयी पुस्तकों के बारे में जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज के कुलसचिव डॉ अविनाश कुमार सिंह व एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ ए के झा व घाटशिला कॉलेज के प्रोफेसर मित्रेश्वर अग्निमित्र परिचर्चा करेंगे. साहित्यकार सह प्रोफेसर त्रिपुरा झा लेखक श्री हरिवंश की तीनों पुस्तकों पर प्रश्नोत्तरी संवाद करेंगी. इस आयोजन में उपस्थित पाठकों से भी लेखक का संवाद होगा. वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इन तीनों पुस्तकों के नाम क्रमशः पथ के प्रकाश पुंज, कलश और सृष्टि का मुकुट- कैलास मानसरोवर है. इन तीनों पुस्तकों का संपादन हैदराबाद में रहनेवाले प्रसिद्ध पत्रकार अतुल कुमार ने किया है. पथ के प्रकाश पुंज संस्मरण और रेखाचित्र की मिलीजुली किताब है, जिसमें लेखक श्री हरिवंश ने देश–दुनिया के उन नायकों का स्मरण किया है, जिन्होंने देश–दुनिया को राह दिखायी. एक नये रास्ते का निर्माण किया. जो प्रेरणा के स्रोत रहे. राजनीति, समाजशास्त्र, विज्ञान, पत्रकारिता, शिक्षा इत्यादि क्षेत्रों की ये अनूठी विभूतियां रही हैं. इन्होंने ऐसी यात्रा की कि वह 'जीवन का पथ' का प्रकाश पुंज बनी. कलश पुस्तक में भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के मनीषियों से हुई बात–मुलाकात का ब्यौरा, साक्षात्कार या उनके बारे में आलेख हैं. बतौर पत्रकार, लेखक श्री हरिवंश ने बीते लगभग 40 वर्षों में आध्यात्मिक विषयों पर, जो आलेख और इस विषय पर लिखे, जिन दुर्लभ साधु-संतों और योगियों से बातचीत की है, उनमें से चुनिंदा लेखों के संकलन को को 'वाणी प्रकाशन' द्वारा कलश में प्रकाशित किया गया है.

सृष्टि का मुकुट- कैलास मानसरोवर लेखक श्री हरिवंश की कैलास मानसरोवर की यात्रा के अनुभवों का दस्तावेज, यात्रा वृतांत और यात्रा डायरी, तीनों का मिलाजुला रूप है. यह जानकारी प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के महासचिव श्याम झा व रवि झा ने संयुक्त रूप से दी.

# प्रखंड स्तरीय सहाय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** सरायकेला जिले के राजनगर में सहाय योजना के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को सम्पन्न हो गया।पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सहाय योजना अंतर्गत राजनगर प्रखंड में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। ब्लॉक मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ डांगुर कोड़ा ने किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ओलिभ ग्रेस कुल्लू, अंचलाधिकारी धनंजय कुमार ,सहाय योजना की प्रखंड संयोजक रजनी टोपनो,सुखदेव गोप,बीस सूत्री सदस्य पप्पू रॉय,तथा सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। वहीं प्रखंड के 21 पंचायतों के पुरुष एवं महिला वर्ग का फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए। पुरुष वर्ग के फाइनल में कटंगा ने सिजुलता को हराया वहीं महिला वर्ग तुमुंग ने जुमाल को हराकर विजेता घोषित हुई।

# विद्युत ऊर्जा मेला आज, उपभोक्ताओं के सभी समस्याओं का किया जाएगा निदान

**सरायकेला :** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सरायकेला अंतर्गत 33/11 के वी विद्युत शक्ति उपकेंद्र सरायकेला (गुडियाडीह) एवं विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल चांडिल में शनिवार 21 जनवरी को किया जा रहा है. विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सरायकेला के कार्यपालक अभियंता महेश्वर कुमार द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी गयी है. ऊर्जा मेला में मुख्यतः नया विद्युत सम्बंध, खराब मीटर बदलना, बिल में सुधार, सर्टिफिकेट केस सहित अन्य विद्युत सम्बन्धित मामलों का निष्पादन सहित आम जनों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा.

## भू माफियाओं द्वारा बेचे गए वन विभाग की जमीन पर प्रशासन का चला डंडा, किया जमींदोज़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** वन विभाग की ओर से गम्हरिया में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान गम्हरिया के बलरामपुर मौजा में वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण कर अवैध रूप से किए गए निर्माण कार्य को तोड़ा गया। आरएफओ प्रमोद सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान बुलडोजर से एक दर्जन से अधिक अवैध निर्माण को जमींदोज़ कर दिया गया। विदित है कि हाल के दिनों में धड़ल्ले से भू माफियाओं द्वारा वन भूमि को अतिक्रमण कर उसे औने-पौने दामों में बेचा जा रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग हरकत में आई और विभाग के जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। वन विभाग की इस कार्यवाई के बाद भू माफियाओं में हड़कंप मच गया है और वे भूमिगत हो गए हैं।

# त्रिपुरा घटना के विरोध में कांग्रेसियों ने किया भाजपा सरकार एवं त्रिपुरा मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**टाटानगर :** त्रिपुरा में प्रदेश प्रभारी डॉ अजय कुमार के रैली पर हुए हमले के बाद कांग्रेस का रुख और आक्रामक होते जा रहा है। इसी क्रम में आज झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के आह्वान पर लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रचार में हिस्सा ले रहे त्रिपुरा प्रदेश प्रभारी डॉ अजय कुमार के विरुद्ध मॉबलिंचिंग का माहौल बना कर हमला करने की घटना को लेकर कांग्रेसजनों में भारी रोष है, इसी को लेकर बागबेड़ा मण्डल कांग्रेस के अन्तर्गत टाटानगर स्टेशन चौक पर संजय झा संत एवं राजनारायण यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार एवं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम संध्या 4 बजे वरीय नेतागण रियाजुद्दीन खान एवं महेंद्र पाण्डेय के द्वारा पुतला में आग लगा कर किया गया। पुतला दहन से पूर्व भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर भारी रोष व्याप्त किया। सुबोध सिंह सरदार ने संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को गंभीरता-पूर्वक कार्यवाई सुनिश्चित कर अविलंब हमलावरों को गिरफ्तार करे। 15 सूत्रीय सदस्य रियाजुद्दीन खान ने कहा कि जब जब भाजपा का चुनाव में जनाधिकार कम होता है, तो असंवैधानिक कार्य कर दहशत फैलाती है। महेंद्र पाण्डेय एवं अफ़सर इमाम ने कहा कि त्रिपुरा सरकार के मंत्री का भुमिका भी संदिग्ध है। कार्यक्रम में वरीय नेतागण नागेंद्र सिंह, रियाजुद्दीन खान, सुबोध सिंह सरदार, संजय सिंह आजाद, पवन कुमार बबलू, प्रखण्ड अध्यक्ष जमशेदपुर ग्रामीण आशीष ठाकुर, राजेन्द्र सिंह, संजय झा, संजय झा संत, अजय मंडल, मो सगीर, सुमित्रा पाण्डा, धर्मेन्द्र यादव, रवि यादव, रंजीत, भरत सिंह, प्रमोद मिश्रा, मोनू रजक सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

# पटमदा के बेलटांड़ में सात रात्रि बांग्ला जात्रा उत्सव का मंगल कालिंदी ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** नेताजी सुभाष संस्कृति मंच, बेलटांड़ पटमदा के तत्वावधान में आयोजित सात रात्रि बांग्ला जात्रा उत्सव का गुरुवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के 5 दर्जन से भी अधिक वरिष्ठ जात्रा कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि यह क्षेत्र बांग्ला भाषा-भाषी क्षेत्र है और बांग्ला जात्रा यहां की संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि वे काड़ा लड़ाई और सांड़ा (मुर्गा) लड़ाई में नहीं बल्कि इस तरह के शिक्षामूलक कार्यक्रम में हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। कमेटी के अनुरोध पर इस सात रात्रि कार्यक्रम का पूरा खर्च उठाने के लिए तैयार हुए हैं और अगले साल से और भी भव्य आयोजन करने के लिए वे पूरी मदद करेंगे। मौके पर महासचिव बृंदावन दास, कोषाध्यक्ष माणिक हालदार, आदित्य हालदार, सुभाष कर्मकार, विश्वामित्र दास, शिशुपाल सिंह सरदार व खादिम अंसारी आदि मौजूद थे। पहले दिन बिड़रा गांव के गिरिधारी ऑपेरा द्वारा स्वाधीन देशेर पराधीन भालोबासा बांग्ला जात्रा का मंचन किया गया।

**वरिष्ठ जात्रा कलाकार विधायक के हाथों हुए सम्मानित**



**स्थायीकरण की मांग पर अनुबंध चिकित्साकर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल का पांचवा दिन**

# जिले में चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ और राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम संघ के संयुक्त आह्वान पर स्थायीकरण की मांग को लेकर अनुबंध चिकित्साकर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत पांच दिनों से लगातार जारी है। शुक्रवार को भी हड़ताली चिकित्साकर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष धरना देकर सरकार विरोधी नारे लगाए। इधर, उनके इस हड़ताल में एनआरएचएम, एएनएम, ऑपरेटर्स आदि के भी शामिल रहने से गम्हरिया प्रखंड समेत पूरे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। इस कारण गम्हरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत सभी सरकारी अस्पतालों में दैनिक कार्य के साथ साथ प्रसव, टीकाकरण आदि का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इससे दुरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदित है कि इस हड़ताल में राज्य के करीब आठ हजार अनुबंध चिकित्साकर्मी शामिल हैं।

## कांड्रा-चौका रेलवे ओवरब्रिज पर हाइवा का एक्सल टूटा, घंटो जाम लगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** कांड्रा-चौका मुख्य मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर दोपहर शुक्रवार को दोपहर तीन बजे एक हाइवा का एक्सल बीच सड़क पर टूटने से करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। इस दौरान सड़क के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक छोटी-बड़ी वाहनों की लाइन लग गई। इस जाम के कारण आमलोगों के अलावा स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। डेढ़ घंटे बाद चालक और राहगीरों के सहयोग से हाइवा को ओवरब्रिज के ऊपर से धक्का देकर किनारे किया गया।

# दुलमी व पातकुम को मोटरबोट घाट के रूप में विकसित करने की मांग, सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चांडिल बांध विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति के चार सदस्यीय दल ने आज अनुमंडल पदाधिकारी को मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र में विस्थापित हुए ग्रामीण व समिति के सदस्य को रोजगार से जोड़ने के लिए विस्थापित क्षेत्र कुकड़ू प्रखंड के दुलमी व ईचागढ़ प्रखंड के पातकुम में मोटर बोट घाट के रूप में सरकारी योजना तहत सांदर्यीकरण किया जाए। समिति के सचिव श्यामल मार्डी ने जानकारी देते हुए बताया मोटर वोट संचालन करने से पर्यटकों के आवागमन में बड़ोत्तरी होगी। जिससे परोक्ष या अपरोक्ष रूप से लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुलमी से मात्र दस -पंद्रह किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल की मशहूर पर्यर्टन स्थल अयोध्या पर्वत श्रृंखला स्थित है। जहां बारह महीने पर्यटक आते हैं लेकिन वहां नौका विहार का सुविधा नहीं है। जिसके कारण संभावना है दुलमी घाट में पर्यटकों की भीड़ होगी। मौके पर दुर्गापद राजवाड़, मजनू मंडल, श्यामल मार्डी आदि समिति के सदस्य मौजूद थे।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए टांगराइन स्कूल में विशेष कक्षाएं शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टांगराइन स्कूल में आज नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष कक्षाएं शुरू की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगला माझी ने एक छात्रा रूपी मांझी को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा गाइड भेंट कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने बताया कि नवोदय परीक्षा में शामिल होने वाले सभी बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से गाइड उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही विशेष कक्षाओं का संचालन किया जाएगा जिसमें लुपुंग गांव के शिक्षक धीरज मंडल और श्रीमन क्लासेस के श्रीमन नारायण त्रिगुण का सहयोग लिया जाएगा।

# आईपीटीएसई ओलिंपियाड में जेएसएसपी के सक्षम को मिला तीसरा स्थान, दिल्ली में सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क के कक्षा 10 के सक्षम श्रीवास्तव ने फिक्की और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से आयोजित आईपीटीएसई ओलिंपियाड के 5वें संस्करण में अखिल भारतीय रैंक 3 हासिल करके स्कूल का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने 19 जनवरी की शाम को नई दिल्ली में आयोजित आईपीटीएसई कॉन्क्लेव में 7000/- रुपये के नकद के साथ पुरस्कार प्राप्त किया। उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रतिभा मनिंदर सिंह द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा अचीवर्स के प्रयासों की सराहना करने के लिए आईपी फाउंडेशन, फिक्की और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अलावा तीन छात्र धैर्य कुमार, अनुराग कुमार साह और अदिति चंद्रा को भी स्कूली छात्र श्रेणी-राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष 10 में चुना गया है। इस मौके पर अपनी प्रतिक्रिया में स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मध्य विद्यालय सालुकडीह की संयोजिका व रसोईया हटाने की उठी मांग, किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सालुकडीह में शुक्रवार को सालुकडीह गांव की महिलाओं ने माता समिति, संयोजिका व रसोईया बदलने को लेकर प्रधानाध्यापक से मांग रखा। महिलाओं का कहना है कि जिसका बच्चा इस विद्यालय से निकल चुका है और उसी बच्चों के मां माता समिति में जमे हुए हैं। वहीं महिलाओं ने संयोजिका व रसोईया मध्यान्ह भोजन ठीक से नहीं बनाने का आरोप लगाते हुए तत्काल हटाकर नये सीरे से चयन करने का मांग किया। महिलाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल बंद होने के बाद शाम को भी दोबारा से रसोई घर को खोला जाता है। कैकयी महतो व पुर्नीमा स्वांसी ने बताया कि अगर हमारे मांगों पर विचार करते हुए नये सिरे से चयन नहीं किया गया तो विद्यालय और प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। वहीं प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष स्कूल आकर संयोजिका व रसोईया आदि बदलने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को प्रवंधन समिति की बैठक है और उस दिन मांगों को समिति के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग का जो भी आदेश मिलेगा उसके अनुसार चयन किया जाएगा। मौके पर उप मुखिया हाराधन महतो, परि महतो,लुकेश ,सोमवारी महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## संपादकीय

# मोदी को 'मुस्लिम कबूल'

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने अपने चुनावी लक्ष्य तय कर लिये हैं। हालांकि सिर्फ 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव जीतना एक विराट और मुश्किल चुनौती है, क्योंकि भाजपा की स्थिति और संगठन सभी राज्यों में एक ही ठोस धरातल पर नहीं है। फिर भी भाजपा ने 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनावों का जो रोडमैप तैयार किया है, उसमें प्रधानमंत्री मोदी ही बुनियादी मुद्दा हैं, मोदी ही चेहरा हैं, मोदी ही सूत्रधार और सहारा हैं। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह ने यहां तक हुंकार भरी है कि मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और विरोधियों को लगातार तीसरी बार 'विपक्ष' में बैठना पड़ेगा। भाजपा ने 2024 का लक्ष्य 350 सीटें तय किया है, लेकिन अंतर्भाव यह भी है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का 404 सीटों का कीर्तिमान ध्वस्त किया जाए, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टीजनों को जो संदेश, उद्बोधन और रणनीतिक पाठ पढ़ाया है, वह परस्पर विपरीतार्थक है। प्रधानमंत्री अब भाजपा को राजनीतिक आंदोलन तक ही सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि सामाजिक आंदोलन में तबदील करने के पक्षधर हैं। यदि समाज का संदर्भ है, तो फिर सभी को साथ लेकर चलने की सोच और नीति तैयार करनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार चुनाव के व्यापक संदर्भों में आह्वान किया है कि पार्टी कार्यकर्ता पसमांदा, गरीब, पढ़े-लिखे और पेशेवर मुसलमानों तक जाएं। उनसे मुलाकातें कर समझाएं कि सरकार पूरे देश के लिए क्या कर रही है। मुस्लिमों के बोहरा समुदाय को भी संपर्क और संवाद की प्रक्रिया से जोड़ें। प्रधानमंत्री ने कुछ नाराज़गी भरे अंदाज़ में निर्देश दिया कि कुछ लोग मुसलमानों के खिलाफ सिनेमाई अंदाज़ में बयानबाजी करते रहते हैं, लेकिन अब बेवजह की गलतबयानी न की जाए। भाजपा अतिरिक्त जनाधार की तलाश में है, ताकि ज्यादा सीटें जीती जा सकें और साबित किया जा सके कि भाजपा का 'चरम' अभी शेष है, लिहाजा मुसलमानों पर फोकस करने की रणनीति तय की गई है। 2011 की जनगणना के मुताबिक, भारत में 14.6 करोड़ पसमांदा मुस्लिम थे और बोहरा समुदाय की आबादी 12-13 लाख थी। जाहिर है कि एक दशक से अधिक के अंतराल में इन आंकड़ों में बढ़ोतरी हुई होगी। अब सबसे प्रासंगिक सवाल यह है कि क्या मुस्लिम भाजपा की तरफ धुरवीकृत होंगे? चूंकि दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कालखंड में कुल 8-9 फीसदी मुसलमान ही भाजपा को वोट देते थे। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भी कमोबेश यही औसत रहा था। औसतन 40 फीसदी मुसलमान आज भी कांग्रेस को वोट देते हैं। उनमें से प्रधानमंत्री ने चुनिंदा जमात को चुना है, जो मुसलमानों की सबसे अधिक आबादी है। वे मुस्लिम आज भी अशिक्षित, गरीब, असंगठित हैं। प्रधानमंत्री ने इच्छा जताई है कि पसमांदा मुसलमानों को बताया जाए कि उनके कल्याण और आर्थिक, पेशेवर मदद के लिए सरकार ने क्या-क्या परियोजनाएं बनाई और चला रखी हैं। उनसे फायदा लिया जा सकता है। सवाल यह भी है कि भाजपा और प्रधानमंत्री ने चुनावी जीत के मद्देनजर मुसलमान को कबूल कर लिया है, क्या जवाब में मुस्लिम समाज भी कबूल करेगा? भाजपा के लिए यह जोख़िम भरी राजनीति है, क्योंकि अभी तक पार्टी को 'हिन्दूवादी' और व्यापक मायनों में 'राष्ट्रवादी' माना जाता रहा है, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश दिया है कि पार्टी को 'राष्ट्रव्यापी' बनाने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री मोदी ने एक और आह्वान किया है कि पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी सरहद के पास बसे गांवों तक भी जाएं और वहां के लोगों को भी पार्टी नीतियों और कार्यक्रमों के साथ जोड़ें। एक और महत्त्वपूर्ण निर्देश दिया गया है कि देश के 18-25 साल की उम्र के युवा वर्ग को जोड़ें और उन्हें खुलासा करें कि पिछला दौर कितना भ्रष्ट, कुशासन वाला, अनाचारी और लुंज-पुंज था, लिहाजा अब सरकार के सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासवादी दृष्टि देश के लिए कितने जरूरी हैं? बहरहाल भाजपा चुनावी मोड में है। उसका मुस्लिमवाद अभी स्पष्ट होना है।

भाजपा ने 2024 का लक्ष्य 350 सीटें तय किया है, लेकिन अंतर्भाव यह भी है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का 404 सीटों का कीर्तिमान ध्वस्त किया जाए, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टीजनों को जो संदेश, उद्बोधन और रणनीतिक पाठ पढ़ाया है, वह परस्पर विपरीतार्थक है। प्रधानमंत्री अब भाजपा को राजनीतिक आंदोलन तक ही सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि सामाजिक आंदोलन में तबदील करने के पक्षधर हैं। यदि समाज का संदर्भ है, तो फिर सभी को साथ लेकर चलने की सोच और नीति तैयार करनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार चुनाव के व्यापक संदर्भों में आह्वान किया है कि पार्टी कार्यकर्ता पसमांदा, गरीब, पढ़े-लिखे और पेशेवर मुसलमानों तक जाएं। उनसे मुलाकातें कर समझाएं कि सरकार पूरे देश के लिए क्या कर रही है।

## कुछ अलग

# एक जाग्रत जीवन जीने का संकल्प

पिछले सालभर में आपने कितनी साधना की है? मन के कितने दोष दूर किए हैं? मन का कितना अज्ञान दूर किया है? पिछले वर्ष में क्या किया? इस दिन यह विचार करना चाहिए कि पिछला साल तो हमारा यही सोचते हुए निकल गया कि साधना आज शुरू करेंगे, कल शुरू करेंगे। नए साल की शुरुआत में संकल्प करने की परंपरा है। बहुत लोग बहुत प्रकार के संकल्प करते हैं, जैसे—वजन कम करेंगे, मीठा नहीं खाएंगे, झूठ नहीं बोलेंगे। ऐसे संकल्प करना भी अच्छी बात है, क्योंकि उससे भी आपके मन की शक्ति बढ़ जाती है और मन की कमी दूर हो जाती है। बहुत-से लोग संकल्प तो करते हैं, परंतु उसे पूरा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि मन बेईमान हो जाता है। जैसे पानी के लिए नीचे गिरना आसान और सहज होता है, परंतु अगर उसे ऊपर उठाना हो तो मोटरपंप की जरूरत पड़ती है। ऐसे ही हमारे मन के लिए नीचे गिरना आसान और सहज है। मन को ऊंचा उठाना बहुत मुश्किल है। मन के लिए अच्छी बातों से जुड़ना बहुत मुश्किल है, उनको छोड़ देना सहज है। मन की आदतें ऐसी होती हैं कि उन्हीं आदतों में मन को सुविधा महसूस होने लगती है। हमारा मन कुछ आदतों को पाल लेता है और उन्हीं में खुश रहता है। अपनी दिनचर्या में साधना को बढ़ाने का संकल्प अगर आप करते हैं तो उसको बिना किसी अटकाव के सालभर चलाते रहना बहुत जरूरी है। भूतकाल बीत चुका है, परंतु वर्तमान आपके हाथ में है। इसलिए आनेवाले कल में क्या होगा, यह आपके आज पर निर्भर करता है। अगर आप अपने आज को साधनापूर्ण, शांतिपूर्ण और सुंदर बना लोगे तो निश्चित रूप से आपका कल भी वैसा ही होगा। आनेवाले कल की चिंता आज नहीं करनी चाहिए, लेकिन आज की चिंता अवश्य करनी चाहिए। परंतु समस्या यह है कि लोग आनेवाले कल की चिंता तो बहुत करते हैं, पर आज की जरा भी नहीं करते। मैं आपको कुछ संकल्प करने को कहूंगी तो उसको आप आसानी से तोड़ सकते हो। परंतु जब आप ख़ुद संकल्प करोगे कि मैं यह करूंगा, तो आप उसे खुशी से कर लोगे। आपका अहंकार और अपने प्रति प्यार आपको उस संकल्प को पूरा करने के लिए मजबूर करेगा। इसलिए यह विचार अवश्य करना चाहिए कि हम अपने जीवन की नैया को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। नहीं तो सच बात यह है कि समय भागा जा रहा है। उपनिषद् में कहा है कि वास्तव में समय नहीं बीतता, हम बीत जाते हैं। 2022 नहीं बीता, हम बीत गए हैं। इस नए वर्ष में कुछ नए गुण, नई सोच, नई विधा, नया चिंतन और कुछ अच्छे कर्म आप अपने जीवन में ले आएं। किसी नादान की तरह मत जीएं। जीएं तो एक जाग्रत व्यक्ति की तरह होशपूर्वक जीएं। जाग्रत व्यक्ति की तरह जीने के लिए आपको जाग्रत व्यक्ति के साथ होना पड़ेगा। जाग्रत व्यक्ति के साथ होने का मतलब है कि वे जो ज्ञान दे रहे हैं, उस ज्ञान के साथ रहना। सत्संग के साथ, विचार के साथ, चिंतन के साथ जीएं। हमारे विचार ऐसे उत्तम होने चाहिए कि हमारे हाथ से कभी कुछ गलत हो ही नहीं। हमारी जीभ कुछ गलत बोले ही नहीं, हमारी आंख कुछ गलत देखे ही नहीं, हमारे कान कुछ गलत सुनें ही नहीं। याद रखना इस बात को कि जो कुछ आप अपने अंदर डालोगे, वही आपसे बाहर आएगा। वही देखें और सुनें, जिससे मन में प्रेम, करुणा, दया इत्यादि भावनाएं निर्मित हों। वही सुनें, जिससे साधना, ज्ञान, वैराग्य, भक्ति बढ़ती जाए। जिनसे मन में क्रोध, लोभ, कामना, दुविधा बढ़े, ऐसी चीजों से अपनी इंद्रियों को बचाएं। अगर आप भक्ति और ज्ञान की राह पर चलना चाहते हैं, तो आपको यह बात समझनी ही होगी कि आप बेहोशी में जीवन को नहीं जी सकते। समझदारी, सूझ-बूझ और होशपूर्वक जीवन जीने से आप अपने मन को अशांत होने से बचा सकते हैं। मन शांत, सात्त्विक और शुद्ध रहेगा, तो फिर प्रभु उस मन में बड़ा सुंदर आसन जमाकर बैठ जाएंगे।

## रिपोर्ट के अनुसार भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सम्पत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपये के पार जा चुकी है, जिससे 18 महीनों तक देश का पूरा बजट चलाया जा सकता है

# अरबपतियों की संख्या बढ़ना अच्छा है पर गरीबों की आर्थिक सेहत कब सुधरेगी?

**योगेश कुमार गोयल**

गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक से ठीक पहले आई रिपोर्ट 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट : द इंडिया स्टोरी' में इसे लेकर कई चौंका देने वाले खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास इस समय देश के 70 करोड़ लोगों से भी ज्यादा धन-दौलत है और वर्ष 2021 में भारत की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर देश के केवल 5 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा था जबकि भारत की निचले तबके की बहुत बड़ी आबादी का देश की केवल तीन फीसदी सम्पत्ति पर ही कब्जा रहा। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, जो 2022 में 166 पर पहुंच गई पिछले साल नवम्बर तक भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति में 121 फीसदी तक बढ़ोतरी देखी गई।

दुनियाभर में अमीरी और गरीबी के बीच खाई निरन्तर बढ़ती जा रही है, जो कोरोना काल के बीच और तेजी से बढ़ी है। इसी बढ़ती खाई को लेकर पूरी दुनिया में एक नई बहस छिड़ी है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक से ठीक पहले आई रिपोर्ट 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरी' में इसे लेकर कई चौंका देने वाले खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास इस समय देश के 70 करोड़ लोगों से भी ज्यादा धन-दौलत है और वर्ष 2021 में भारत की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर देश के केवल 5 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा था जबकि भारत की निचले तबके की बहुत बड़ी आबादी का देश की केवल तीन फीसदी सम्पत्ति पर ही कब्जा रहा। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, जो 2022 में 166 पर पहुंच गई पिछले साल नवम्बर तक भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति में 121 फीसदी तक बढ़ोतरी देखी गई। एक ओर जहां आम आदमी कोरोना महामारी के दौर में पेट भरने का जुगाड़ करने के लिए संसाधन जुटाने को तरसता रहा, नौकरी संबंधी समस्याओं का सामना करता रहा, वहीं उस दौर में भी भारत के अरबपतियों की दौलत में प्रतिदिन 3608 करोड़ रुपये प्रतिदिन बढ़े। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट में पिछले दस वर्षों में देश में पैदा हुई सम्पत्ति के गैर-बराबर बंटवारे के मुद्दे को भी उठाते हुए कहा गया है कि 2012 से 2021 के बीच भारत में जितनी भी संपत्ति अस्तित्व में आई, उसका 40 प्रतिशत हिस्सा देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के हाथ में गया जबकि 50 फीसदी जनता के हाथ में केवल तीन फीसदी सम्पत्ति ही आई। रिपोर्ट के अनुसार भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सम्पत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपये के पार जा चुकी है, जिससे 18 महीनों तक देश का पूरा बजट चलाया जा सकता है। यही कारण है कि सरकार को सलाह दी जाती रही है कि यदि भारतीय अरबपतियों की कुल सम्पत्ति पर महज दो फीसदी टैक्स ही लगा दिया जाए तो उसी से आगामी तीन वर्षों तक कुपोषण के शिकार बच्चों की सभी जरूरतों को बहुत आसानी



से पूरा किया जा सकता है। 1980 के दशक की शुरुआत में एक फीसदी धनाढ़यों का देश की कुल आय के छह फीसदी हिस्से पर ही कब्जा था लेकिन बीते वर्षों में यह लगातार बढ़ता गया है और तेजी से बढ़ी आर्थिक असमानता के कारण स्थिति बिगड़ती गई है। वैसे तो पिछले कुछ वर्षों से लगातार यह तथ्य सामने आ रहे हैं कि देश की आधी सम्पत्ति देश के चंद अमीरों की तिजोरियों में बंद है और अमीर-गरीब के बीच खाई निरन्तर गहरी हो गई है लेकिन बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति अब और भी बदतर होती जा रही है और यह केवल भारत की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। कटु सत्य यही है कि महामारी के दौर में तो अमीर जहां और ज्यादा अमीर हुए, वहीं गरीबों तथा मध्यम वर्ग का हाल और बुरा हुआ है तथा आर्थिक विषमता चिंताजनक स्थिति तक बढ़ गई है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में पहले भी कहा जा चुका है कि अमीर लोग महामारी के समय में आरामदायक जिंदगी का आनंद ले रहे थे जबकि स्वास्थ्य कर्मचारी, दुकानों में काम करने वाले और विक्रेता जरूरी भुगतान करने में असमर्थ थे और इस परिस्थिति से निकलने में वर्षों लग सकते हैं। ऑक्सफैम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ बेहर के मुताबिक रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अन्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था से किस तरह सबसे बड़े आर्थिक संकट के दौरान सबसे धनी लोगों ने बहुत अधिक सम्पत्ति अर्जित की जबकि करोड़ों लोग बेहद मुश्किल से गुजर-बसर कर रहे हैं। ऑक्सफैम की पिछले साल की रिपोर्ट में भी कहा गया था कि यदि कोरोना के कुबेरों से वसूली होती तो देश में आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति इतनी खराब नहीं होती। इससे पूर्व 'रिफ्यूजी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में भी खुलासा हुआ था कि कोरोना महामारी ने दुनियाभर में 16 करोड़ से भी ज्यादा ऐसे लोगों के रहने का ठिकाना छीन लिया, जो भुखमरी, बेरोजगारी तथा आतंकवाद के कारण अपने घर या देश छोड़कर दूसरी जगहों पर बस गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी सामाजिक असमानताओं को और उभार रही है। संयुक्त राष्ट्र और डेनवर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी कहा जा चुका है कि महामारी के दीर्घकालिक परिणामों के चलते वर्ष 2030 तक 20.7 करोड़ और लोग बेहद गरीबी की ओर जा सकते हैं और यदि ऐसा हुआ तो दुनियाभर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब को पार कर जाएगी। विश्व खाद्य कार्यक्रम के एक आकलन के अनुसार दुनियाभर में 82 करोड़ से भी ज्यादा लोग हर रात भूखे सोते हैं और बहुत जल्द 13 करोड़ और लोग भुखमरी तक पहुंच सकते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट इन फिगर्स 2020' रिपोर्ट में कहा गया था कि कोरोना से वैश्विक गरीबी दर में 22 वर्षों में पहली बार बढ़ोतरी होगी और भारत की गरीब आबादी में 1.2 करोड़ लोग और जुड़ जाएंगे, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं। विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता बेहद चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। करीब दो वर्ष पहले भी यह तथ्य सामने आया था कि भारत के केवल एक फीसदी सर्वाधिक अमीर लोगों के पास ही देश की कम आय वाली 70 फीसदी आबादी की तुलना में चार गुना से ज्यादा और देश के अरबपतियों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा सम्पत्ति है। विश्व आर्थिक पत्रिका 'फोर्ब्स' की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो।

# छोटे कदम, बड़े परिवर्तन

राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार से संबंधित ठोस सलाह देने वाली तथा देश में राजनीति की पाठशाला मानी जाने वाली कंपनी 'विन्नोवेशन्स' हमारी कंपनी 'क्विकरिलेशन्स प्राइवेट लिमिटेड' का एक उपक्रम है जो विभिन्न राजनीतिक दलों और अग्रणी राजनीतिज्ञों के लिए काम करते हुए अथवा बहुत बार स्वतंत्र रूप से भी ऐसे शोध और अध्ययन करती रहती है जिनसे देश की समस्याओं, मतदाताओं के मूड आदि की सही पहचान होती है। हाल में 'विन्नोवेशन्स' का ध्यान एक ऐसे पहलू की ओर गया जिसकी लंबे समय से सिर्फ इसलिए उपेक्षा होती रही है क्योंकि विभिन्न सरकारें एफडीआई की चाह में कारपोरेट सेक्टर को खुश करने में ही व्यस्त रही हैं। पर उससे पहले कि मैं मूल विषय पर आऊं, अमेरिका में हुए एक अध्ययन की बात करना चाहूंगा ताकि मेरी बात पाठकों को आसानी से समझ आ सके। आज अमेरिका की 66 प्रतिशत यानी दो-तिहाई आबादी मोटापे का शिकार है। यदि संसद में किसी दल को दो-तिहाई बहुमत मिल जाए तो वह संविधान के एक बड़े भाग में मनचाहे संशोधन कर सकता है, देश की दशा-दिशा बदल सकता है। तो अमेरिका की यह आबादी भी देश की दशा-दिशा बदल रही है। वहां कपड़ों के प्लस-साइज़ के स्टोर खुले, एयरलाइन्स वालों ने तथा बसों, रेलों और थियेटरों में विशेष रूप से चौड़ी सीटें लगाईं ताकि लोग आराम से बैठ सकें। समस्या यह है कि अब यह रोग सिर्फ अमेरिका तक ही सीमित नहीं है बल्कि विश्व भर में फैल गया है।

शासन प्रशासन में, राजनीति में, खासकर चुनावों में छोटी-छोटी बातें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। छोटी-छोटी बातें भी चुनाव में किसी राजनीतिक दल की विजय अथवा पराजय के बड़े कारण बन जाते हैं। मतदाताओं का बहुत बड़ा वर्ग ऐसा होता है जो किसी एक राजनीतिक दल का स्थायी समर्थक अथवा विरोधी नहीं होता और वह परिस्थितियों के अनुसार और बदलती हवा के अनुसार तय करता है कि वह अपना मत किसे दे। खास बात यह है कि मतदाताओं का यह वर्ग भी कई उपवर्गों, यानी सबसेट्स में बंटा होता है और दल-निरपेक्ष मतदाताओं का यह वर्ग ही दरअसल राजनीतिक दलों के सत्तासीन होने या सत्ताविहीन होने की स्थिति बनाता है। चुनावों की सारी रणनीति इसी बात पर निर्भर करती है कि दल-विशेष इस दल-निरपेक्ष वर्ग के कितने उपवर्गों को लुभा पाता है। राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार से संबंधित ठोस सलाह देने वाली तथा देश में राजनीति की पाठशाला मानी जाने वाली कंपनी 'विन्नोवेशन्स' हमारी कंपनी 'क्विकरिलेशन्स प्राइवेट लिमिटेड' का एक उपक्रम है जो विभिन्न राजनीतिक दलों और अग्रणी राजनीतिज्ञों के लिए काम करते हुए अथवा बहुत बार स्वतंत्र रूप से भी ऐसे शोध और अध्ययन करती रहती है जिनसे देश की समस्याओं, मतदाताओं के मूड आदि की सही पहचान होती है। हाल में 'विन्नोवेशन्स' का ध्यान एक ऐसे पहलू की ओर गया जिसकी लंबे समय से सिर्फ इसलिए उपेक्षा होती रही है क्योंकि विभिन्न सरकारें एफडीआई की चाह में कारपोरेट सेक्टर को खुश करने में ही व्यस्त रही हैं। पर उससे पहले कि मैं मूल विषय पर आऊं, अमेरिका में हुए एक अध्ययन की बात करना चाहूंगा ताकि मेरी बात पाठकों को आसानी से समझ आ सके। आज अमेरिका की 66 प्रतिशत यानी दो-तिहाई आबादी मोटापे का शिकार है। यदि संसद में किसी दल को दो-तिहाई बहुमत मिल जाए तो वह संविधान के एक बड़े भाग में मनचाहे संशोधन कर सकता है, देश की दशा-दिशा बदल सकता है। तो अमेरिका की यह आबादी भी देश की दशा-दिशा बदल रही है। वहां कपड़ों के प्लस-साइज़ के स्टोर खुले, एयरलाइन्स वालों ने तथा बसों, रेलों और थियेटरों में विशेष रूप से चौड़ी सीटें लगाईं ताकि लोग आराम से बैठ सकें। समस्या यह है कि अब यह रोग सिर्फ अमेरिका तक ही सीमित नहीं है बल्कि विश्व भर में फैल गया है और विकासशील देशों में भी इसने पैर पसार लिये हैं। यहां तक कि विश्व स्वास्थ्य संगठन, यानी डब्ल्यूएचओ ने इसकी गंभीरता बताने के लिए इसे 'ग्लोबैसिटी' (ग्लोबल ओबैसिटी : वैश्विक मोटापा) का नाम दिया है। अमेरिका का सारा भोजन जंक फूड पर आधारित है। बर्गर, पिज्ज़ा, हॉट डॉग आदि में आलू-प्याज-टमाटर की कितनी ही कतलें डाल लें, सड़े आटे से बने ये सुविधाजनक भोज्य पदार्थ (कान्विनिएंस फूड) और इनके साथ पिये जाने वाले सॉफ्ट ड्रिंक वस्तुत) मोटापे का बड़ा कारण हैं। इस भोजन से भूख तो मिटती है लेकिन पोषण नहीं मिलता। हर नुक्कड़, हर मोड़ पर आसानी से उपलब्ध होने वाला यह भोजन पूरे विश्व की सेहत बिगाड़ रहा है लेकिन इनके आकर्षक विज्ञापन, बनाने, मंगाने और खाने की सुविधा के कारण इनका प्रचलन दुनिया भर में बढ़ता चला जा रहा है जो पूरी दुनिया को बीमार बना रहा है। भारतवर्ष में जैसे-जैसे इनका प्रचलन बढ़ा है, मोटापा तथा मोटापा-जनित बीमारों की संख्या भी उसी तेजी से बढ़ रही है। यह रुझान अभी इतना बड़ा नहीं नजर आता कि नीति-निर्धारकों की निगाह में आए, लेकिन जल्दी ही यह हमारे देश के लोगों के जीने (और यहां तक कि मरने) के ढंग को बदल देगा। भारतवर्ष में अभी जंक फूड के साथ-साथ भारतीय भोजन परोसने वाले ढाबों और रेस्तराओं की भी भरमार है, पर यह स्थिति कब बदल जाए, कहा नहीं जा सकता। आइए, अब मूल बात की ओर चलते हैं। भाजपा को सदैव से हिंदू समर्थक और व्यापारी समर्थक दल माना जाता है। भाजपा जब-जब सत्ता में आई है, व्यापारी वर्ग को कुछ न कुछ लाभ अवश्य मिला है। मोदी लंबी पारी खेलना चाहते हैं, इसलिए एक तरफ तो वे कारपोरेट सेक्टर को सुविधाएं दे रहे हैं, लेकिन वे छोटे व्यापारियों को भी यह महसूस नहीं होने देना चाहते कि उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है, हालांकि ऑनलाइन व्यापार की बढ़त के कारण अभी तक पारंपरिक व्यापार में शामिल लोगों को ऐसा कुछ नजर नहीं आया है जिसे वे राहत मान सकें। नॉन-कारपोरेट सेक्टर माने जाने वाले छोटे व्यापारियों के विभिन्न वर्गों में छोटे व्यापारी, ट्रांसपोर्टर्स, ट्रक ऑपरेटर्स, लघु उद्यमी, हॉकर्स, स्वरोजगार एवं महिला उद्यमी शामिल हैं। इन सबका आग्रह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को बेहतर गति प्रदान करने के लिए अब सरकार को अपना ध्यान कॉर्पोरेट सेक्टर से हटाकर नॉन-कॉर्पोरेट सेक्टर पर केंद्रित करना चाहिए क्योंकि विगत लम्बे समय से नॉन-कॉर्पोरेट सेक्टर ने सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में योगदान, घरेलू उत्पाद, निर्यात एवं रोजगार के क्षेत्रों में कार्पोरेट सेक्टर को पीछे छोड़ा है। वस्तुस्थिति यह है कि आज़ादी से लेकर अब तक सदा नॉन-कॉर्पोरेट सेक्टर की बेहद उपेक्षा की गयी है। नॉन-कार्पोरेट सेक्टर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें हर स्तर के व्यक्ति के खपने की सुविधा है। सडक़ों के किनारे फड़ी लगाने वाले, ट्रैफिक लाइटों पर सामान बेचने वाले लोगों में आपको छोटे बच्चे, महिलाएं और दिव्यांग लोगों की भरमार मिलेगी जिससे कार्पोरेट सेक्टर महरूम है। इसके बावजूद एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि बैंक नॉन-कॉर्पोरेट सेक्टर को ऋण देने में असफल हुए हैं क्योंकि अब तक इस सेक्टर के केवल 6 प्रतिशत लोगों को ही बैंकों से कजऱ् मिल पाया है, जबकि बचे 96 प्रतिशत लोग आज भी प्राइवेट मनी लेंडर या अन्य स्रोतों से कजऱ् लेने के लिए मजबूर हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन रिटेल के कारण ऑफलाइन ट्रेड की चुनौतियों का जिक्र करें तो हम पाते हैं कि रिटेल व्यापार और रिटेल ई-कॉमर्स व्यापार में एफडीआई की अनुमति के मामले में भी विसंगतियां स्पष्ट हैं। हमें यह भी स्वीकार करना ही होगा कि समय की सूइयों को वापिस नहीं घुमाया जा सकता और तकनीकी प्रगति के चलते होने वाले परिवर्तनों की अनदेखी भी नहीं की जा सकती। ग्राहकों को ऑनलाइन व्यवसाय से मिलने वाली सुविधाएं अधिक आकर्षित करती हैं तो अंततः बाज़ार में भी वही टिकेगा जिसे ग्राहक पसंद करेंगे। यही कारण है कि आज कोई भी सरकार ऑनलाइन ट्रेड की उपेक्षा करने की स्थिति में नहीं है। उद्यम की ओर प्रवृत्त होने वाला युवा वर्ग भी तकनीक का इस्तेमाल करके इसे वैश्विक स्तर पर ले जाने का इच्छुक है, यही कारण है कि ऑनलाइन ट्रेड का चलन तेज़ी से बढ़ रहा है। किसी भी सरकार के लिए समाज के विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं का संतुलित करना आसान नहीं होता। ऑनलाइन व्यापार अब शायद विश्व भर में अपनी सुविधा के लिए बढ़त पर है जिससे ऑफलाइन ट्रेड घबराया हुआ है। ऐसे में देखना होगा कि मोदी सरकार नॉन-कारपोरेट सेक्टर की आशाओं पर खरा उतरने के लिए क्या करती है? सरकार का निर्णय आम जनता को एक छोटा-सा कदम लग सकता है, पर उसके किसी भी निर्णय से बड़े परिवर्तन के आसार से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

## नागरिक बोध

# भारत में गरीबी-अमीरी की खाई

आजकल हम भारतीय लोग इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार देश की असली हालत क्या है? इस देश में गरीबी भी उतनी ही तेजी से बढ़ती जा रही है, जितनी तेजी से अमीरी बढ़ रही है। अमीर होनेवालों की संख्या सिर्फ सैकड़ों में होती है लेकिन गरीब होनेवालों की संख्या करोड़ों में होती है। ऑक्सफॉम के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में सिर्फ 64 अरबपति बढ़े हैं। सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है याने उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। सारे अरबपतियों की संपत्ति पर मुश्किल से 2 प्रतिशत टैक्स लगता है। इस पैसे से देश के सारे भूखे लोगों को अगले तीन साल तक भोजन करवाया जा सकता है। यदि इन मालदारों पर थोड़ा ज्यादा टैक्स लगाया जाए और उपभोक्ता वस्तुओं का टैक्स घटा दिया जाए तो सबसे ज्यादा फायदा देश के गरीब लोगों को ही होगा। अभी तो देश में जितनी भी संपदा पैदा होती है, उसका 40 प्रतिशत सिर्फ 1 प्रतिशत लोग हजम कर जाते हैं जबकि 50 प्रतिशत लोगों को उसका 3 प्रतिशत हिस्सा ही हाथ लगता है। अमीर लोग अपने घरों में चार-चार कारें रखते हैं और गरीबों को खाने के लिए चार रोटी भी ठीक से नसीब नहीं होती। ये जो 50 प्रतिशत लोग हैं, इनसे सरकार जीएसटी का कुल 64 प्रतिशत पैसा वसूलती है जबकि देश के 10 प्रतिशत सबसे मालदार लोग सिर्फ 3 प्रतिशत टैक्स देते हैं। इन 10 प्रतिशत लोगों के मुकाबले निचले 50 प्रतिशत लोग 6 गुना टैक्स भरते हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। साल भर में उनकी संपत्तियों में 121 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अब जो नया बजट आनेवाला है, शायद सरकार इन ताजा आंकड़ों पर ध्यान देगी और भारत की टैक्स-व्यवस्था में जरुर कुछ सुधार करेगी। देश कितना ही मालदार हो जाए लेकिन यदि उसमें गरीबी और अमीरी की खाई बढ़ती गई तो वह संपन्नता किसी भी दिन हमारे लोकतंत्र को परलोकतंत्र में बदल सकती है।

## देश दुनीया से

# 'मक्कियों' के सिर से यदि चीन हटा ले हाथ

लश्कर-ए-तैयबा उप-प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की अब दुनिया भर के लिए खतरा मान लिया गया है। जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर या लश्कर-ए-तैयबा मुखिया हाफिज मोहम्मद सईद की तरह उसे भी अब 'वैश्विक आतंकवादी' करार दे दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की '1267 अल-कायदा समिति' के नियमों के तहत ऐसा किया गया है, जो भारत सहित सभी अमन-पसंद मुल्कों के लिए एक उपलब्धि है। अमेरिका ने नवंबर, 2010 में ही मक्की को दहशतगर्द घोषित कर दिया था और तब से यह कोशिश चल रही थी कि संयुक्त राष्ट्र भी इसे 'वैश्विक आतंकी' घोषित करे। मगर जब भी भारत और अमेरिका समर्थित यह प्रस्ताव सुरक्षा परिषद में आता, तो चीन यह कहकर 'टेक्निकल' रोक लगा देता कि उसे और सूचनाओं की दरकार है। नतीजतन, भारत ने रणनीति बदली और अपने मित्र राष्ट्रों की सहायता से चीन को वैश्विक मंचों पर घेरना शुरू कर दिया। इसी रणनीति के तहत वोटिंग की मांग की जाती रही, जिसमें चीन साफ-साफ अलग नजर आता रहा। इसका नतीजा यह हुआ कि अपनी इज्जत बचाने के लिए भी वह 'टेक्निकल' रोक जैसे कदमों से बचने लगा, और भारत के लिए राह आसान हो गई। मसूद अजहर को भी भारत ने इसी तरह वैश्विक आतंकी घोषित करवाया था। फिर भी, इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि पाकिस्तान की मदद करने और भारत के साथ दुश्मनी निभाने का कोई भी मौका शायद ही चीन छोड़ना पसंद करेगा। हाफिज सईद के बाद मक्की न सिर्फ लश्कर-ए-तैयबा को संभाल रहा था, बल्कि सऊदी अरब और खाड़ी के अन्य देशों से संगठन के लिए फंड भी जुटाता था। वैश्विक आतंकी घोषित होने के बाद अब उसकी ये तमाम गतिविधियां बंद हो जाएंगी। दरअसल, वैश्विक आतंकी घोषित किए जाने के बाद मूलतः तीन तरह की पाबंदी लगाई जाती है। पहली, घोषित आतंकी के कहीं आने-जाने, यानी देश से बाहर आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। दूसरी, उसकी फंडिंग रोक दी जाती है व तमाम संपत्ति जब्त कर ली जाती है और तीसरी, किसी भी तरह से उसे हथियार मुहैया कराना संभव नहीं रह जाता। वह भी प्रतिबंधित हो जाता है। जाहिर है, इससे वह अपने संगठन के लिए एक 'सफेद हाथी' बन जाता है। चूंकि ये अनिवार्य प्रावधान हैं, इसलिए दुनिया के हर देश इन पर अमल करते हैं। हालांकि, भारत के लिए यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उसके इस दावे को पर्याप्त बल मिलता है कि पाकिस्तान आतंकियों को खाद-पानी देने का काम कर रहा है, जो न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए भी खतरा हैं। पाकिस्तान की जमीन पर पलने वाले जितने अधिक आतंकी सुरक्षा परिषद् की वैश्विक आतंकी सूची में शामिल होंगे, जाहिर है कि भारत उतनी अधिक मजबूती से खुद को विश्व मंच पर पेश करेगा। रही बात चीन की, तो उसने बेशक मजबूरी में अपनी 'टेक्निकल' रोक हटाई है, लेकिन वह यही जताने की कोशिश करेगा कि उसने भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है, और वह क्षेत्रीय स्थिरता का हिमायती है। मगर शायद ही भारत इस झांसे में आएगा। फिर, इस सच्चाई से भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि इन दिनों चीन की अर्थव्यवस्था कमजोर हो गई है और पिछले साल इसमें महज तीन प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जिसका मतलब है कि उसे अपनी आर्थिकी संभालने के लिए भारत जैसे बड़े बाजार की सख्त जरूरत है। बहरहाल, इस पूरे घटनाक्रम पर पाकिस्तान की प्रतिक्रिता काफी दिलचस्प हो सकती है। पिछले साल जब इसी प्रस्ताव पर चीन ने रोक लगाई थी, तब पाकिस्तान ने कई तरह से अपनी खुशी जाहिर की थी। उसने तमाम तरह की डींगें भी हांकी थीं। अब इस प्रतिबंध पर उसका क्या रुख होगा, यह गौरतलब है? वैसे, अगर वह चीन से खफा भी होता है, तो उसकी नाराजगी शायद ही मायने रखेगी, क्योंकि बीजिंग पर वह काफी हद तक निर्भर है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की '1267 अल-कायदा समिति' के नियमों के तहत ऐसा किया गया है, जो भारत सहित सभी अमन-पसंद मुल्कों के लिए एक उपलब्धि है। अमेरिका ने नवंबर, 2010 में ही मक्की को दहशतगर्द घोषित कर दिया था और तब से यह कोशिश चल रही थी कि संयुक्त राष्ट्र भी इसे 'वैश्विक आतंकी' घोषित करे। मगर जब भी भारत और अमेरिका समर्थित यह प्रस्ताव सुरक्षा परिषद में आता, तो चीन यह कहकर 'टेक्निकल' रोक लगा देता कि उसे और सूचनाओं की दरकार है। नतीजतन, भारत ने रणनीति बदली और अपने मित्र राष्ट्रों की सहायता से चीन को वैश्विक मंचों पर घेरना शुरू कर दिया।

# स्व.मुखिया चंद्रिका यादव के पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री सत्यानन्द भोगता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता जी एक दिवसीय दौरे पर प्रतापपुर पहुँचे। प्रतापपुर प्रखंड के गजवा गांव में स्व.मुखिया चंद्रिका यादव के 5 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए।इस मौके पर उन्होंने पूर्व मुखिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आत्मा की शांति की कामना की। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. यादव जी एक व्यक्ति नहीं विचार थे। वो अपने पूरे जीवनभर गरीबों के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ी। गरीबों के लिए वो मसीहा थे। उन्होंने गरीबों, शोषितों को जगाने का काम किया। असमाजिक तत्वों ने उनकी आवाज को दबाने के लिए उनकी हत्या 20 जनवरी 2018 में कर दी लेकिन उनके विचार और सिद्धान्त हमसब के बीच में है। वो हमसब के दिलों में है। मंत्री श्री भोगता के अलावे अन्य कई गणमान्य लोगों ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में बिहार मखदुमपुर विधायक सतीश दास, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु यादव, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य अरुण यादव, युवा राजद जिलाध्यक्ष प्रतीक प्रकाश अंगार, स्व. मुखिया पुत्र रोहित यादव, दीपक यादव, खेदू यादव, भोली साहू, दीपक साहू सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बीडीओ ने झंडोतोलन को लेकर की समय सारणी निर्धारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन हेतु बीडीओ मोनी कुमारी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का समय सारणी का निर्धारण किया गया। झंडोत्तोलन के पूर्व गांधी चौक में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर 7.30 बजे व सुभाष चौक में स्थापित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर 7.45 बजे माल्यार्पण किया जाएगा। जिसके बाद प्रखण्ड साह अंचल कार्यालय में 8.15, सिंघानी पंचायत सचिवालय में 8.45, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नौ बजे, +2जनता उच्च विद्यालय में 9.30, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 9.50, पंचायत बरवाडीह में 10.10 व थाना परिसर में10.30 बजे झंडोत्तोलन का समय निर्धारण किया गया है। मौके पर जिप सदस्य रामसेवक दांगी, प्रमुख मनीषा कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष विकाश यादव, विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर, पंसस अनिल दांगी, मेराल मुखिया नीतू देवी, पूर्व पंसस राजेश दांगी समेत कई उपस्थित थे।

## ट्रक चलाने के नाम पर रंगदारी मांगे जाने का आरोप

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्तिथ तेतरियाखांड कोलियरी में ट्रक चलाने के नाम पर फिर से रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। इस बार बालूमाथ के कोमर ग्राम निवासी कमलेश सिंह पिता जयनंदन सिंह ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि वह कैंसर पीड़ित हैं। उनका इलाज पटना के पारस हॉस्पिटल में चल रहा है। वह अपने घर परिवार को चलाने के लिए एक ट्रक खरीदे हैं। जो तेतरियाखांड कोलियरी में चलता है ।जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 09 एए 4998 है। लेकिन पिछले कुछ समय से तेतरियाखांड कोलियरी में ट्रक को प्रवेश करने देने के नाम पर गिरधारी यादव ग्राम नगडा थाना बालूमाथ निवासी के द्वारा 50,000 रंगदारी की मांग की जा रही है। कमलेश सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब वे कोलियरी गए हुए थे इसी दौरान गिरधारी यादव और कुछ दबंग किस्म के आदमियों के साथ आए और गाली-गलौज करते हुए कहा कि तुम्हारा बाप का कोलियरी है ।यहां से भागो नहीं तो जान से मार देंगे। इससे पहले भी गिरधारी यादव के द्वारा कई लोगों से रंगबाजी किया है और अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। मेरे पास इतना पैसा नहीं है कि मैं दे सकूं। उन्होंने ने बालूमाथ थाना प्रभारी से पूरे मामले की छानबीन करते हुए कारवाई की मांग की है।

## मारपीट व पैसा लूटने का आरोप

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के हाथडीह ग्राम निवासी विपिन यादव ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर मारपीट व चाकू दिखाकर पैसा लूटने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मेरे साथ कुंदेश्वर यादव पिता बिहारी यादव दोनों बालूमाथ से अपने घर हांथडीह जा रहे थे। इसी बीच गुरुवार की संध्या लगभग 7:00 बजे कोमर ग्राम निवासी शुभम सिंह उम्र 21 वर्ष पिता स्व0भरत सिंह, रोशन सिंह उम्र 26 वर्ष पिता बृक्ष सिंह, गोलू सिंह उम्र 31 वर्ष पिता अनिल सिंह, बिट्टू सिंह उम्र 26 वर्ष पिता प्रदीप सिंह और विवेक सिंह उम्र 35 वर्ष पिता कृष्णा सिंह सभी ग्राम कोमर थाना बालूमाथ निवासी ने अचानक आकर गाली गलौज करने लगे और मारपीट आरंभ कर दिया एवं चाकू दिखाकर बोला जितना रुपया है उतना दे दो नहीं तो जान से मार कर फेंक देंगे ।कुण्देश्वर यादव के पास 2000 जबरन लूट लिया। आवेदन में विपिन यादव ने बालूमाथ थाना प्रभारी से उपरोक्त सभी व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की है।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कुल का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के शिला पिकेट समीप सरस्वती विद्या मंदिर इंग्लिश स्कुल का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना व फिता काट कर किया गया। उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि इचाक मुखिया कविता देवी,उप मुखिया प्रिया कुमारी,जिला परिषद उम्मीदवार अर्जुन कुमार, शिला पिकेट थाना प्रभारी शुशील टुड्डू शामिल थे। अतिथियों ने इंग्लिश स्कुल के प्रबंधक को फूलों फलों व आगे बढ़ो की कामना किया।कहा कि इस क्षेत्र में इंग्लिश पैटर्न पर कोई विद्यालय नहीं था जिसे लेकर यहां के होनहार बच्चे कहीं अन्ययंत्र जगहों पर जाकर इंग्लिश मीडियम का पढाई कराना पड़ता था। जिससे ज्यादा खर्च करना पड़ता था। वहीं स्कुल के प्रबंधक रामदेव वर्मा कुशवाहा ने बताया कि हमारे इस स्कुल में नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक इंग्लिश मीडियम के पैटर्न पर पढाई करवाया जाएगा। मेरे स्कुल में बाहर के योग्य व प्रशिक्षित इंग्लिश शिक्षकों के द्वारा शिक्षा दिया जाएगा। साथ हीं मेरे यहां बच्चों का आवास सुविधा भी मौजूद है। आगे कहा कि इस सरस्वती विद्या मंदिर इंग्लिश स्कुल हजारी बाग़ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम के पाठ्यक्रम के आधारित पर पढाई की जाएगी। मेरे संस्थान में एडमिशन ओपन है। जिन अभिभावक को मेरे स्कुल में अपने बच्चों को एडमिशन करवाना है वो अविलंब नामांकन करा सकते है। उचित फ़ीस के साथ सभी तरह का सुविधा उपलब्ध है।मौके पर सुरेश कुमार, अशोक चंद्रवंशी, सतीश कुमार, महेंद्र प्रसाद, रमन साहू के अलावे दर्जनों जन प्रतिनिधि व ग्रामीण तथा शिक्षा विद मौजूद थे।

# झंडोत्तोलन समारोह आयोजन को लेकर समय सारणी निर्धारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में गणतंत्रता दिवस समारोह को सफलता पूर्वक मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारी प्रधानाध्यापक, कर्मचारी एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जहां बैठक में उपस्थित लोगों के सहमति से झंडोत्तोलन के समय सारणी निर्धारित किया गया। वहीं झंडोत्तोलन कार्यक्रम का समय 8:35 बजे बरवाडीह पंचायत सचिवालय 8:45 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय, 9:05 बजे डीएसपी कार्यालय, 9:15 बजे पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय 9:20 बजे बरवाडीह थाना 9:35 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 9:45 बजे राजकीयकृत उच्च विद्यालय बरवाडीह, 9:50 बजे परियोजना बालिका उच्च विद्यालय 9:55 बजे राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, 10:00 बजे प्रखंड संसाधन केंद्र, 10:10 पशु चिकित्सा कार्यालय, 10:15 सैफ कैम्प मुर्गीडीह 10:20 राजा मेदिनी राय महाविद्यालय, 10:30 बजे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और 10:45 बजे मॉडल विद्यालय बरवाडीह में रखा गया है। जहां प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय झंडोत्तोलन करेंगे। वहीं राष्ट्रध्वज की सलामी हेतु सशस्त्र बल की व्यवस्था थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के द्वारा किया जाएगा।

## चट्टी बारियातु से चलने वाले कोयला वाहन के विरोध में सड़क पर उतरेगी भाकपा, करेगी विरोध



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कमेटी की बैठक शुक्रवार को राज्य परिषद सदस्य देवनंदन साहू की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे। बैठक में पार्टी का नवीकरण कार्य और सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। वही बैठक में जिले की ज्वलंत समस्या पर चर्चा की गयी। बैठक में राज्य परिषद सदस्य ने कहा कि हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड के कोल ब्लॉक चट्टी बारियातू का कोयला ट्रकों द्वारा टंडवा से सिमरिया होते कटकमसांडी ले जाने का मुहिम चलाया जा रहा है। जिसका भाकपा पार्टी पुरजोर विरोध करेगी और कोयला ढुलाई बंद कर देगी। बैठक में किसान सभा का मार्च महीने में जिला सम्मेलन एवं सदस्यता अभियान चलाने पर निर्णय लिया गया। मौके पर जिला मंत्री बनवारी साहू, जिला प्रवक्ता दशरथ ठाकुर, अंचल मंत्री गयानाथ पांडेय, हेमंती देवी, गोपाल प्रसाद मेहता, महावीर राम, मो शमसुद्दीन अंसारी, चिंतामन साहू, विष्णु देव साहू, रामकुमार साहू, विष्णु प्रसाद नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष जवाहर विश्वकर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति की हुई बैठक, डीजे बजाने पर रोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कन्हाचट्टी :** राजपुर थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ हुलाश माहतो ने किया, बैठक में सरस्वती पूजा में शांति बनाये रखने की की बात कही गई।बैठक में कई लोगो ने अपना अपना विचार रखा, थाना प्रभारी विकाश पासवान ने पूजा के दौरान हुड दंग करने वालो पर कड़ी नजर रखी जाएगी, साथ ही पूजा पंडाल में डीजे बजाने रोक लगाई गई है। मौके पर बिपिओ नीरज पासवान, प्रमुख इंदु देवी, उप प्रमुख सुमन कुमार, मुखिया आफताब आलम, छोटू सिंह, घनु पासी, पंचयात समिति सदस्य बिकाश दांगी, सोनू खान मोहमद शेर साह, राकेश सिंह, रामाधिन राम, बिनय सिन्हा रेशमी देवी, राकेश सिंह सतीश सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे।

# महिला कामगारों का सेमिनार किसान भवन में आयोजित की गयी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के किसान भवन में शुक्रवार को महिला कामगारों का एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार स्वयंसेवी संस्था के लोक प्रेरणा केंद्र और जतन बैट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। सेमिनार में केंद्र की सचिव मौसमी बाखला, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद और जिप सदस्य देवनंदन साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार में महिला कामगारों को हक और अधिकार की जानकारी दी गई तथा उन्हें सामान मजदूरी भुगतान की मांग की बात एवं जानकारी दी गई। वही श्रम विभाग से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। सेमिनार में कहा गया कि सरकार द्वारा महिला कामगारों को कई सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किंतु जानकारी के अभाव में उन तक पहुंच नहीं पा रहा है, ऐसे में महिला कामगारों को जागरूक होना होगा और अपने अधिकार के प्रति सचेत होना होगा। मौके पर सुजीत कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष बिनोद महतो, नरेश साव, चंदा देवी, उपमुखिया जीवन सिंह, कुलदीप प्रसाद, मितेश्वरी, मंजुला देवी संस्था की अनिता मिश्रा, प्रतिमा देवी, कविता देवी, सीमा देवी, रानी कुमारी, सरोज तिर्की, राकेश, बजरंगी, सुनील कुमार, सहित दर्जनों कामगार महिलाएं उपस्थित थी।

## लीड्स संस्था द्वारा स्वच्छ ऊर्जा समाधान पर प्रखण्ड लेबल वर्कशॉप का किया गया आयोजन



**कोलेबिरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा प्रखंड के प्रखण्ड सभागार में लीड्स संस्था द्वारा यूरोपियन यूनियन के सहयोग से रेस परियोजना के अन्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लीड्स के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनीष कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। डीपीएम नरेंद्र मिश्रा परियोजना के उद्देश्य को पूरे विस्तार पूर्वक बताया गया। स्वच्छउर्जा विशेषज्ञ कुलदीप मेहता द्वारा स्वच्छ ऊर्जा आधारित सरकारी योजना कुसुम योजना, उज्ज्वला योजना, पर्यावरण संरक्षण संबंधित चर्चा किया गया। तकनिकी विशेषज्ञ सौरभ लाल ने युवाओं का टेक्निकल प्रशिक्षण, धुंवा रहित चूल्हा निर्माण, बायोगैस प्लांट की स्थापना के बारे में जानकारी दिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ग्लॉमिंग वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा रहा है स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करके ही उक्त समस्या से छुटकारा मिल सकता है। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित 11 पंचायत के मुखियाओ ने परियोजना को सराहा एवं अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में लीड्स संस्था के भावानन्द झा, दिलराज, लालबहादुर, अविनाश, आकाश, शिक्षा विभाग के BPM विकास सरन, प्रथम फाउंडेशन के BPM कृतिराज साहू, पंचायत सेवक, वार्ड सदस्य, जल सहिया, किसान, और ग्राम स्वच्छ उर्जा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# किसी भी परिस्थिति में अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण नहीं होना चाहिए : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** 19 जनवरी से 25 जनवरी तक अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर अंकुश लगाने के लिए महा अभियान चलाएं।किसी भी परिस्थिति में अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण नहीं होना चाहिए। उक्त बातें डीसी आबू इमरान ने समाहरणालय के सभा कक्ष में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम की समीक्षात्मक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा। बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की से समीक्षा की गई। पूर्व की बैठक में सी.सी.एल. प्रबंधन को निदेशित किया गया था कि सी.सी.एल. क्षेत्रान्तर्गत आवश्यक सभी स्थानों यथा रेलवे साईडिंग/ कॉटाघरों/ सीसीएल चेकगेट/ सीसीएलआवागमन गेट इत्यादि स्थानों में सीसीटीवी लगाने की हिदायत दी गई थी। खनन पदाधिकारी बताया कि 22 स्थानों में 48 सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित किया गया है। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स द्वारा जिले में कोयले के अवैध उत्खनन, चोरी एवं भण्डारण के विरूद्ध नियमित रूप से कार्रवाई कि जा रही है। आगे बताया गया की माह -नवंबर, 2022 से 15 जनवरी, 2023 तक अवैध कोयला चोरी एवं भण्डारण के विरूद्ध स्थानीय थाना में 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें संलिप्त 14 वाहन एवं 282.44 टन अवैध कोयला को जब्त किया गया है। 12 अभियुक्तों को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।डीएमओ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दिनांक 02.01.2023 को अनुमण्डल स्तरीय खनन टास्क फोर्स के द्वारा छापामारी अभियान के क्रम में पिपरवार थानान्तर्गत लुकईयॉ जंगल में अवैध कोयला खनन का मामला सत्यापित की गई। अवैध खनन के लिए उपयोग में होने वाले सभी रास्तों को अवरुद्ध कर दिया गया है। अवैध खननकर्ता के विरूद्ध पिपरवार थाना में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। डीसी श्री इमरान ने कहा कि वाहनों में स्पीड कंट्रोल डिवाईस सड़क किनारे साईनेज बोर्ड वाहन चालक को सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन के लिए प्रशिक्षण देने समेत कई जरूरी हिदायत दी।डीसी ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 22-23 में लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होने वैसे विभाग जिनके द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व संग्रहण कार्य संतोषजनक नहीं किया गया है।उन विभागों पर नाराजगी जताते हुए समय सीमा के अंदर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया।अंचल की समीक्षा में मोटेशन, सकसेशन मोटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिपोर्ट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए अंचल में लंबित मामलों के शत प्रतिशत निष्पादन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पुलीस अधीक्षक राकेश रंजन, दक्षिणी वन प्रमण्डल पदाधिकारी एस. पी. सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, भू:अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, सभी अंचल अधिकारी समेत परियोजनाओं से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिले में 19 से 25 जनवरी तक चलाया जा रहा है महाभियान



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम हेतू 19 जनवरी से 25 जनवरी तक महाभियान चलाया जा रहा है। महाअभियान के आज दूसरे दिन फिर से लूकैया और सरैया जंगल में डोजर चलाकर अवैध कोयला के खदान को भर दिया गया है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि यह कार्य नियमित रूप से चलता रहेगा जब तक पूरा खदान बंद नहीं हो जाता है।जिला खनन पदाधिकारी चतरा श्री गोपाल दास द्वारा इस संबंध में अशोका, अम्रपाली, मगध और पूर्णाडीह ओसीपी के परियोजना पदाधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि के साथ महाप्रबंधक का कार्यालय पिपरवार क्षेत्र में एक आवश्यक बैठक कर अवैध खनन को रोकने ,नियम संगत कोयले का उत्पादन एवं कोयले का प्रेषण परिवहन चालान के साथ करने तथा ससमय रॉयल्टी का भुगतान करने सहित कई आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में अनुपस्थित पाए जाने वाले परियोजना पदाधिकारी पर स्पष्टीकरण की मांग किए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना पदाधिकारी पिपरवार, परियोजना पदाधिकारी सीएचपी पिपरवार ,फाइनेंस मैनेजर, स्टाफ अफसर माइनिंग, डिस्पैच अफसर एवं सीसीएल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएसडब्ल्यू कोल खनन परियोजना के हेड कोल स्ट्रेटजी सह सीनियर वाइस परसिडेंट संजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार जीएम राजीव कुमार के अगुवाई में निरंतर ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों के बीच जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है। संजय कुमार सिंह का कहना है कि आने वाले दिनों में मोइत्रा कोल खनन परियोजना के प्रभावित गांव के ग्रामीणों को हर तरह की सुविधा मुहैय्या कराई जाएगी। इसी क्रम में शुक्रवार को महुगाई पंचायत के ग्राम अंबाजित के भुइयां टोला, आजाद नगर, और मोइत्रा में कंबल का वितरण किया गया। बढ़ते ठंड में कंबल पा कर ग्रामीण काफी खुश नजर आए। ग्रामीणों ने कहा के जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के द्वारा इस तरह का सामुदायिक कार्य सराहनीय है। ग्रामीणों ने जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन और उनके अधिकारियों का आभार प्रकट किया। मौके पर मुख्य रूप से कंपनी के सीनियर मैनेजर धनंजय कुमार, सीनियर मैनेजर पवन कुमार, असिटेंट मैनेजर विष्णु कुमार सिंह, दिलीप कुमार पोद्दार, विश्वजीत कुमार, सुशांत कुमार, अजय सिंह, भोला सिंह, चंदन सिंह, वार्ड सदस्य मनु भुइयां सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### कंबल वितरण अभियान चलाया गया

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए पीवीयूएनएल द्वारा सामुदायिक विकास के तहत कंबल वितरण अभियान चलाया गया। जिसमें परियोजना क्षेत्र अंतर्गत आस-पास के गांवों के मुखियाओं को 2500 कंबल सौंपे गए हैं। वहीं पंचायत जयनगर पतरातू मुखिया हीरा देवी की उपस्थिति में अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य एवं निशांत सैनी कार्यकारी सीएसआर सदस्य सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता विनोद यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों का जनसंपर्क अभियान

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 22 जनवरी को बरही में प्रस्तावित भारत जोड़ो यात्रा के तैयारी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का विशेष प्रतिनिधि मंडल तूफानी जनसंपर्क अभियान चला रहा है। आज शुक्रवार को कांग्रेसियों का जत्था विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में बरही प्रखंड के अंतर्गत पंचमाधव पंचायत धनवार पंचायत रानी चुआं पंचायत मलकोको पंचायत समेत अन्य क्षेत्रों में घर घर जाकर लोगों से मिले एवं भारत जोड़ो यात्रा क्या है इसके उद्देश्य के बारे में लोगों को विस्तार से बताया बताते चलें कि भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया एक जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य नई दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजन कारी राजनीति के खिलाफ देश को एकजुट करना है। उक्त जानकारी कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी है। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष यमुना यादव, कुणाल कतरियार, मोहम्मद वारिस समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे

### बरही निबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा क्षेत्र के झामुमो पूर्व प्रत्याशी बिनोद विश्वकर्मा ने बरही निबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने नव पदस्थापित निबंधक विकास कुमार को बरही विधानसभा की जनता की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उपस्थित सभी डीड राइटर निबंधक को यहां पदस्थापित कराने में अहम भूमिका पर बिनोद विश्कर्मा के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि बरही अनुमंडल क्षेत्र की जनता को अब रजिस्ट्री कराने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। निबंधक से आग्रह किया गया कि क्षेत्र के हित में क्षेत्र के लिए सामंजस्य कायम करते हुए काम करना है। इस पर रजिस्ट्रार विकास कुमार ने भी सामंजस्य बनाकर के काम करने का भरोसा दिलाया। दस्तावेज नविस संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सचिव मोहम्मद इसराफील समेत सभी नविस संघ के सदस्यों ने श्री विश्वकर्मा के अथक प्रयास से पदस्थापित निबंधक के लिए के लिए बधाई दिया एवं आभार व्यक्त किया। मौके पर झामुमो बरही प्रखंड उपाध्यक्ष संजय रविदास, गयूर अली समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले परेड के लिए चल रहे पूर्वाभ्यास का जायजा लिया मौके पर उन्होंने सिविल सर्जन रामगढ़ को प्रशिक्षण के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्त्ता को बच्चों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उप विकास आयुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी रात्रि 12:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मधशालाओ एवं बधशालाओं को बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उप विकास आयुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को दिया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा की बीते वर्ष बेहतरीन कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस सम्बंध में उन्होंने सभी विभागों के वरीय अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो-कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:35 बजे, उप विकास आयुकत कार्यालय में प्रातः 10:40 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:15 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।इन सबके अलावा उक्त बैठक के दौरान झंडोत्तोलन के समय परेड की व्यवस्था, परेड के पूर्वाभ्यास की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, विधि व्यवस्था आदि विषयों पर भी चर्चा करते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

# सदर विधायक और स्थानीय ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शुक्रवार को कटकमसांडी प्रखंड के कंचनपुर स्थित छड़वा डैम काली मंदिर प्रांगण में आगामी 22 से 30 जनवरी तक अयोजित होने वाले नवनिर्माणाधीन मंदिर के उद्घाटन सह श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने काली मंदिर उद्घाटन समिति के आग्रह पर मंदिर परिसर में उद्घाटन समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक में इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने को लेकर चर्चा- परिचर्चा हुई।

उन्होंने अपने कई शुभचिंतकों से इस अनुष्ठान हेतु सहयोग भी कराया और समिती को आश्वस्त किया कि आप जो भी निर्णय लेंगे मैं तैयार हूं। मौके पर ही विधायक मनीष जायसवाल के आवाह्न पर समिति को कई लोगों ने सहयोग राशि भी प्रदान किया और कई ने अपने स्तर से सहयोग करने की घोषणा की।

## जिला शिक्षा अधीक्षक से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष कुमार गुप्ता से मिल कर शिक्षा विभाग में व्याप्त समस्याओं से अवगत करवाया । इस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए शीघ्र निराकरण का अश्वासन दिया ।प्रतिनिधिमंडल में श्री भगत के अतिरिक्त जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, नगर उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद एंव दिलीप कुमार रवि शामिल थे ।

# वेडिंग जोन मार्केट निर्माण में निगम का टालमटोल, आक्रोशित दुकानदारों का प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत फुटपाथ दुकानदारों का बेन्डिंग जोन मार्केट नहीं बनाये जाने को लेकर आक्रोश शैली एवं धरना प्रदर्शन किया गया। ज्ञातव्य है कि गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ एवं टीवीसी मेम्बर के द्वारा 11 दिसंबर से हीं लगातार नगर निगम एवं जिला प्रशासन को आवेदन के माध्यम से अपनी समयाओं से अवगत कराया जा रहा है। लेकिन अब तक हजारीबाग में वेल्डिंग जोन की नींव तक नहीं रखी गयी है।लगभग 18 सौ फुटपाथ दुकानदारों का पुराना कार्ड बनाया गया था। जबकि विभाग द्वारा डिजिटल कार्ड लगभग 1250 कार्ड ही उपलब्ध कराया गया, जबकि डिजिटल कार्ड के लिए लगभग 3 हजार से जयादा फॉर्म भराया गया है। संघ का कहना है कि हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो सड़क पर उतरकर चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। धरना की अध्यक्षता राजेश कुमार गुप्ता एवं संचालन विशाल कुमार वाल्मीकि ने किया। मौके पर बटेश्वर मेहता, अमरदीप यादव, विवेक वाल्मीकि, शशि केसरी, रजी अहमद, गणेश कुमार सिटू, सुदेश चन्द्रवंशी, अजीत चन्द्रवंशी, विजय कुमार गुप्ता, रविन्द्र महतो, संतोष कुमार गुप्ता, कृष्णा महतो, राजन गुप्ता, अजय गुप्ता, विकास केशरी, विनय केशरी, पप्पु रजक, प्रदीप कुमार, मोहम्मद शमीम, रमेश सिंह अरोड़ा, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद नसीम, मंगल पाण्डेय, कुन्ती देवी आर्यन वर्मा, विनोद केशरी, अनवर हुसैन, भीम साव, लाल बहादुर साव समेत सैकड़ों की संख्या में फुटपाथ दुकानदार मौजूद थें।

# आजसू पार्टी वार्ड कमिटी बैठक हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पटेल छात्रवास में आजसू पार्टी के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 30 वार्ड कमिटी के बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता तेजपाल महतो एवं संचालन नीतीश निराला ने किया।जिसमे मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,पूर्व कैबिनेट मंत्री रामचंद्र सहिश एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो उपस्थित हुए।मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। आगामी होने वाले विधानसभा उपचुनाव में आजसू समर्थित उम्मीदवार सुनीता चौधरी को भारी से भारी मतों से विजय बनाकर सुनीता चौधरी को विधानसभा भेजने का कार्य करें। साथ ही उन्होंने कहा कि तीन साल में विकास की जो गति रुक गयी है उन्हें पुनः वही गति में स्थापित करना ही हमारा लक्ष्य है। बैठक के दौरान झामुमो के दर्जनों कार्यकर्ता दिनेश महतो के नेतृत्व में आजसू पार्टी में शामिल हुए। मौके पर आजसू पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो,सचिव राजेन्द्र महतो, तारकेश्वर महतो,सोहन महतो, धनेश्वर चौधरी,आशा महतो, आशा देवी,वार्ड पार्षद सीता देवी, पार्षद प्रतिनिधि मनोज़ महतो, अनिल पटेल,लुकेश्वर महतो, सुमित नायक आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# गोला में वीआईपी पार्टी का हुआ जुटान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला स्थित आर एस होटल परिसर में विकासशील इंसान पार्टी का एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशोर केवट ने की एवं संचालन आदित्य सिंह ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ राजकुमार चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित हुए इस दौरान सभा में उपस्थित लोगों के बीच रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर उम्मीदवारी का दावा पेश किया तथा विधानसभा के चुनाव में अपना प्रत्याशी के रूप में चरण केवट को प्रस्तुत किया और उसका चुनाव चिन्ह नाव छाप वोट देने की अपील की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि एनडीए और यूपीए की सरकार के लोगों ने जनता को ठगने का काम किया है अब गरीब दलित और पिछड़ों के मसीहा के रूप में वीआईपी पार्टी का उम्मीदवार चरण केवट को वोट देकर रामगढ़ विधानसभा से जिताने का काम करें और झारखंड विधानसभा भेजने का काम करें ।इस मौके पर विकासशील पार्टी के मनोज निषाद झारखंड प्रभारी चंदन साहनी संजय मलाह सुनील कुमार महतो संगीता देवी मनीषा देवी संजय महत्तो परमेश्वर महतो सुनील महतो सहित सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बनासो बीएड कॉलेज में प्रशिक्षु शिक्षको के साथ परामर्श कक्षा आयोजित की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं का कक्षा प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अपने अध्यापन और व्यवहार के द्वारा उन्नत समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस महाविद्यालय से जब आप सब प्रशिक्षित होकर जाएंगे तो मेरा एवं महाविद्यालय का नाम ऊँचा करेंगे ये मेरा विश्वास है । इस मौके पर उपस्थित होने वाले सहायक प्राध्यापकों में सवर्णा मिश्रा,बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,संजय चौरसिया,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव,चंदन कुमार,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,प्रवीण कु0 जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ0 सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ0 अम्बरीश कु0 दुबे,डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु0 पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,लक्ष्मण कुमार,आजाद एवं सभी सत्रों के प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

# अवैध बालू खनन व कारोबारियों को लेकर भाकपा ने अंचलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा अवैध बालू खनन व कारोबार को लेकर अंचलाधिकारी पतरातू को ज्ञापन दिया गया। भाकपा जिला सचिव कामरेड विष्णु कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जहां बालू खनन व उठाओ पर पूरी तरह रोक है वही बालू कारोबारी प्रशासन के आंख के नीचे से काम करती नजर आ रही है वही कारोबारियों द्वारा बालू से करोड़ों रुपयों की उगाही कि जा रही है।जिससे सरकार को करोडो रुपए राजस्व की हानि हो रही है। आगे उन्होंने कहा कि आए दिन क्षेत्र में कारोबारी बेखौफ होकर काम कर रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ज्ञापन के माध्यम से अंचलाधिकारी को सूचना देकर अवैध खनन पर रोक, बालु घाटों का निरंतर पेट्रोलिंग करने की मांग करता है वही अवैध बालू को लेकर क्षेत्र में संगठन गंभीर है जिसे लेकर संगठन अविलम्ब रोक की मांग करता है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भाकपा जिला सचिव कामरेड विष्णु कुमार अंचल सचिव मनोज कुमार महतो बलकुदरा शाखा सचिव मनोज पहान,संतोष मुंडा, मोहम्मद अंसारी,सुनील सिंह रवि मुंडा,यदुराज मुंडा,सनी मुंडा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पहाड़ी मंदिर गौरी शंकर धाम में मेला का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** कटकमदाग प्रखंड के बानादाग पहाड़ी मंदिर में गौरी शंकर धाम में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। वहीं इस वर्ष हज़ारीबाग़ के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने मेला का नारियल फोड़ने के साथ फीता काटकर उदघाटन किया। बानादाग पहाड़ी मंदिर गौरी शंकर धाम मे पूजा अर्चना के बाद हर्ष अजमेरा ने कर्यक्रम को सम्बोधित किया। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपने सम्बोधन में लोगों को कहा कि गौरी शंकर धाम का क्षेत्र बहुत ही मनमोहक एवं शांति प्रिया स्थान है। एवं इस जगह को देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार को पर्यटक स्थल घोषित किया जाए। यहां आकर लोगों से अभिवादन के साथ ही गौरी शंकर धाम ट्रस्ट के सदस्यों को पुष्पगुच्छ देकर बधाई भी दिया। वही भंडारे मे सभी श्रद्धालुओ व ग्रमीण जनता ने भारी सख्या मे प्रसाद ग्रहण करने हजारों में श्रद्धालु पहुंचे।

# बड़कागांव पुलिस की बड़ी करवाई 8 टन अवैध कोयला जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत अररिया टांड़ जंगल में डंप किया हुआ 8 टन अवैध कोयला बरामद किया गया। डंप किए गए कोयले को ट्रैक्टर के माध्यम से बड़कागांव थाने ले जाया गया। मौके पर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम के लिए लगातार सघन छापेमारी अभियान जारी है। किसी भी कीमत पर अवैध कारोबारी बख्शे नहीं जाएंगे। बड़कागांव पुलिस द्वारा अवैध कोयला कारोबार के रोक थाम को लेकर हो रही कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबारी में हड़कंप मचा हुआ है। बरामद कोयले को लेकर अग्रतर करवाई जारी है। अभियान के दौरान एसआई शैलेंद्र कुमार एसआई दीपक कुमार पासवान सहित सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

# निशुल्क चिकित्सा वाहन सेवा शुरू, मरीजों को समय से मिलेगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने शुक्रवार को ग्रामीणों के लिए निःशुल्क चिकित्सा वाहन सेवा की शुरुआत की। बड़कागांव प्रखंड के अंचलाधिकारी अमित किस्कू और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर चिकित्सा वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रसाद ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन से लगातार कई तरह के सहयोग मिल रहा है जो प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान किया गया, विभिन्न ग्रामीण इलाकों में लगातार फ्री हेल्थ कैम्प लगाए जा रहे हैं और अब ये चिकित्सा वाहन शुरू हो रहा है, जिससे यहाँ के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए अदाणी फॉउंडेशन की टीम को धन्यवाद दिया। मौके पर मौजूद बड़कागांव के अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का सेवा भाव अतुलनीय है, इसलिए सभी को मिलकर ऐसे सामाजिक हित के कार्यों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए ताकि आम लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। चिकित्सा वाहन पूरी तरह डॉक्टरी सुविधा, ऑक्सीजन सिलिंडर और दवाईयों से लैस है। वाहन के माध्यम से बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा, हाहे, फुलांग, गाली, बलोदर और अम्बाजीत के जैसे दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इस चिकित्सा वाहन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य संबधी रोगों का उपचार प्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टर, रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट, रजिस्टर्ड नर्स के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। साथ ही खून की कमी की जांच, शुगर, बीपी, वजन और अस्थमा की जांच, मलेरिया, टाइफाइड एवं विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच की जाएगी। इसके अलावा बुखार, खांसी, जुकाम, बच्चों की दवाइयों, सेनेटरी नैपकिन, बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा (अल्बेन्डाजोल), विटामिन सी तथा महिलाओं के अन्दर खून की कमी को दूर करने के लिए आयरन की दवा तथा सिरप भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा। एक अनुमान के तहत एम्बुलेंस दो से तीन गांवों का प्रतिदिन भ्रमण करके करीब सौ मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधा दिलाएगी। कार्यक्रम में बड़कागांव के थाना प्रभारी विनोद तिर्की समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## निशुल्क चिकित्सा सह रक्तदान शिविर

**हजारीबाग :** स्व रामानंद की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर जूलू पार्क स्थित ,क्लब फार्मा द्वारा वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से रक्तदान शिविर तथा पाली डॉक हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ कौशल कुमार एम डी एम्स, मानस चंद्रा एमडी ऑर्था,डॉ राजेश कुमार एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ विमलेश कुमार एवं धीरेंद्र सिंह के द्वारा रक्तदान करके किया गया तत्पश्चात कुमारी जूही सिंह ,अमरेंद्र कुमार एवं मयूर जैन ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के तहत हुआ प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, सहायक निर्वाची पदाधिकारियों, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं नामांकन से संबंधित अन्य पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान ओएसडी टू सीईओ मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग श्रीमती गीता चौबे के द्वारा निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र, सहायक निर्वाचक पदाधिकारियों, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं नामांकन से संबंधित अन्य पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई वहीं उन्होंने सभी को चुनाव के दौरान नामांकन के पूर्व, नामांकन के दौरान एवं नामांकन के उपरांत किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए सभी की दुविधाओं को दूर किया।

# एनएच-33 के निकट पटेल चौक के पास बस और ट्रक की जोरदार टक्कर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गया से रांची जा रही महारानी नामक यात्री बस रामगढ़ के एनएच-33 के निकट पटेल चौक के पास ट्रक द्वारा जोरदार टक्कर मारने के बाद पलट गई। इस घटना में बस में सवार 15 लोग घायल हो गए ।जिनमें से 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया ।जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के समय गिरिडीह के

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की प्रबंधन से एजेंडा बैठक अरगड्डा जीएम मुख्यालय आज



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र मुख्यालय में आज शनिवार समय करीब 12–30 बजे यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के साथ प्रबंधन की एजेंडा बैठक आयोजित होगी। जिसमें क्षेत्र की समस्याओं, मजदूरों के हक अधिकार और मांगों को लेकर वार्ता होगी। इसकी जानकारी यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन अरगड्डा क्षेत्र सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को दिया।

## आजसू पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 14 अरगड्डा बाजार में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तन मन से लग कर पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने को लेकर कई सुझाव दिए गए ।

# छोटकीटोंगी पड़ारूनाला नदी तट पर गिद्दी पुलिस ने छापामारी कर 10 साइकिल और 3 टन कोयला किया बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** थाना गिददी क्षेत्र के छोटकीटोंगी पड़ारूनाला व मंगरदहा नदी तट के किनारे अवैध कोयला खनन दो भूमिगत सुरंगों पर शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे गिददी पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया। छापामारी में 10 साइकिल और 3 टन अवैध कोयला बरामद हुआ हैं। जिसे पुलिस ने ट्रैक्टरों के माध्यम से उठवा कर गिद्दी थाने ले आई हैं। इस संबंध में गिद्दी पुलिस थाना प्रभारी सुधीर प्रसाद साहू ने बताया कि सूचना पर छापेमारी कर 10 साइकिल और 3 टन कोयला बरामद हुआ। जांच पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर पुलिसिया कार्रवाई के बाद से ही अवैध कोयला खनन करने वाले लोगों के बीच हड़कंप व्याप्त हैं। सूत्रों की माने तो आगे पुलिस जानकारी मिलने पर अवैध खनन स्थलों पर छापेमारी अभियान चलाएगी।

# सीएसएस ने किया एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ द्वारा ग्राम बाल संरक्षण समिति के कार्य व भूमिका के प्रति समझ बढ़ाने लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख बिनिता कच्छप ने किया। प्रशिक्षक डॉ. स्मिता गुप्ता, डॉ सचि कुमारी ने प्रतिभागियों को जेजे एक्ट 2015 के तहत निर्दिष्ट समितियों एवं पोकसो एक्ट 2012 के विषय में विस्तृत जानकारी दिया । पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चों के संरक्षण व विकास के लिए प्रखंड एवं ग्राम बाल संरक्षण समिति को सशक्त बनाना आवश्यक है। इसके अभाव में बच्चों के मुद्दे विधिवत रूप से जिला स्तरीय व्यवस्था तक नहीं पहुँचते । इसके लिए प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए ग्राम स्तर के समितियों को सक्रिय बनाया जाना चाहिए ताकि समस्याओं की शिघ्र पहचान एवं समाधान की जा सके । मौके पर पदाधिकारियों ने कराँजी, पुरनापानी, टेरो, बेड़ो, बारीडिह, जरिया, कटरमाली, मुड़ामु, खत्री खटंगा के समितियों को आदर्श समिति के रूप में स्थापित का संकल्प लिया । इस मौके पर बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार, बाल सुरक्षा थाना प्रभारी, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, बाल विकास पदाधिकारी नायब जेबा सहित मुखिया, सुशांति भगत, आँगन बाड़ी सेविका, सहिया, महिला समूह की लीडर, सामाजिक संस्थाएं व ग्राम प्रधान शामिल थे ।

# जय गुरुदेव आश्रम में निश्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** जय गुरुदेव नाम योग साधना कुटिया स्थल जरिया आश्रम का 15 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को प्रार्थना सुमिरन ध्यान भजन के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर निशुल्क चिकित्सा शिविर व दवा निश्शुल्क वितरण किया गया है होम्योपैथिक के डॉक्टर मनोज कुमार आपकी सेवा दिया । वही भोजन प्रसाद भी वितरण किया गया ।

## बीसा पंचायत में सरस्वती पूजा समिति की बैठक

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**अनगडा :** प्रखंड के बीसा पंचायत में सरस्वती पूजा समिति की बैठक किया गया। जिसमें एक कमिटी का गठन किया गया। अध्यक्ष - पीकेश्वर बेदिया, सचिव - सोनाराम बेदिया, कोषाध्यक्ष - सहिराम बेदिया को चुनाव किया गया। जयराम कोचिंग सेंटर के द्वारा सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाएगा। जयराम बेदिया ने बताया कि सरस्वती पूजा को ख़ास कर के विद्यार्थियों ने बहुत उत्साहित के साथ मनाते हैं। क्योंकि सरस्वती मां के पास ज्ञान और संगीत का भंडारित है। बैठक में उपस्थित जुकेशवर बेदिया, रोहित बेदिया, रामदेव ,धीरज अन्य उपस्थित थे।

## नारायणपुर पुलिस ने की वाहन जांच ,चार वाहन जब्त

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**नारायणपुर :** नारायणपुर थाना मोड में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नारायणपुर थाना के अधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच में चालक के लाइसेंस ,इंश्योरेंस प्रदूषण सर्टिफिकेट एवं हेलमेट की जांच की गई ।इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मच गया बाइक चालक इधर-उधर रास्ते से भागते दिखाई दिए एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि थाना मोड में वाहन जांच लगाकर 4 वाहनों को जब्त किया तथा उन्हें चालान काटा गया है। उन्होंने बताया कि बाइक चालकों द्वारा हेलमेट नहीं पहनने पर सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटें लगने पर मृत्यु हो रही है ।

# सुदेश ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय सिल्ली विधायक श्री सुदेश कुमार महतो ने उनके रांची स्थित आवास पर बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सिल्ली में व्याप्त बिजली समस्या को लेकर चर्चा किया। विधायक ने अधिकारियों से सिल्ली विधानसभा के अंतर्गत वैसे गांव जहां सिंचाई हेतु विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है उसे एक निश्चित समयावधी में पूर्ण करने निर्देश दिए। इसके साथ ही बहुत से गांव जहां सिंचाई हेतु विद्युतीकरण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पया है वहां जल्द से जल्द सर्वे तथा डीपीआर बनाने का कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। बिजली विभाग के पदाघिकारियों ने शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में बिजली विभाग के जीएमबी के श्रीवास्तव, कार्यपालक अभिंयता ओमशंकर मेहता, प्रोजक्ट मैनेजर अरविंद वर्मा, लवलीन, साईट इंजिनियर दौनेश्वर लिहारे आदि शामिल थे।

## मुड़मा मैदान में ऊर्जामेला का आयोजन झारखंड बिजली वितरण निगम क्या जाएगा

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज शनिवार को मुड़मां मेला मैदान में ऊर्जामेला का आयोजन झारखंड बिजली वितरण निगम के तत्ववाधान में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल,मांडर के द्वारा किया जा रहा है ,इस मेला के आयोजन का उद्देश्य उपभोक्ताओ के शिकायत और समस्या को दूर करना और लोगों को जागरूक बनाना है कि वे सभी अपने घरेलू विद्युत संबध में मीटर लगाए और 100 यूनिट मुफ्त बिजली पाए योजना का लाभ उठाए। इस मेला का आयोजन बिजली बिल जमा करना, खराब मीटर बदलना , बिजली बिल सुधार ,अनमीटर से मीटर , नया विद्युत संबंध उपल्बध कराना, बिजली चोरी से संबंधित समस्या का निवारण ,सर्टिफिकेट केस से संबंधित समस्या और भी जो भी उपभोक्ता से संबधित समस्या के निष्पादन हेतु किया जा रहा है।

## विधायक के नाना का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो के 89 वर्षीय नाना छोटा मुरी निवासी रामेश्वर महतो की शुक्रवार को उनके आवास पर मृत्यु हो गयी। खबर के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। विधायक समेत अन्य आजसु कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उनको देखने पहुंचे। रामेश्वर महतो पहले फौज में थे! उसके बाद रेलवे से रिटायर हुए थे। रिटायर के बाद से उनकी रुचि सामाजिक व धार्मिक कार्यों में गहरी रुचि थी। उनका अंतिम संस्कार देलबेड़ा घाट पर किया गया।

## स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला आज

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के लेगांहातु भेलवा टुंगरी में स्वर्गीय काशी नाथ महतो स्मृति मेला सह एक दिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया है। इस मेले मे मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेगें।


### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।

**Category-II के बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना।**

| क्र० | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट नं० | रकबा (हे० में) | Yearly Production on as per EC limit (CFT) | e-Tender Reference No. :- | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाषन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं षर्त्तें | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुदरी, ओकड़ा, शिमला, डोड़मा, | तोरपा | प्लॉट सं०– 790 (अंश), 782, प्लॉट सं०– 3262, प्लॉट सं०– 1611(अंश), प्लॉट सं०– 1, 389(अंश) | 5.02 | 10,84,766 | 02/KHN | 21.01.2023 | 27.01.2023 14:00 बजे तक | 28.01.2023 14:00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, खूँटी। |

नोटः– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावलीए शर्त्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्त्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी।

PR 287978 Mines and Geology(22-23)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/RANCHI/12/2022-23 e-tender (P.R. No. 286485 (Rural Development) 22-23 (D) के कंडिका – 02 से 04 एवं 06 को आंशिक रूप से संशोधित किया जाता है:–

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 16.01.2023 के स्थान पर दिनांक 20.01.2023 पढ़ा जाए।
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.01.2023 से 24.01.2023 के स्थान पर दिनांक 21.01.2023 से दिनांक 28.01.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाए।
4.कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 27.01.2023 के स्थान पर दिनांक 31.01.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक पढ़ा जाए।
6.तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 30.01.2023 के स्थान पर दिनांक 01.02.2023 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाए।

निविदा की शेष कंडिकायें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

PR288029 (Rural Development)22-23*D



### उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (नजारत शाखा)

**–: अति अल्पकालीन निविदा :–**

23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र आगामी उपचुनाव, 2023 के निमित्त उपयोग हेतु विभिन्न प्रकार के **मुद्रण सामग्री** की आपूर्ति हेतु एक अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। वैसे निविदादाता जो निविदा शर्त के अनुरूप निविदा भरने के इच्छुक है, वे अपना भरा हुआ निविदा लिफाफा दिनांक 27.01.2023 के 4:00 बजे अपराह्न तक जिला नजारत कार्यालय, रामगढ़ में जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 28.01.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन खोला जायेगा। कार्य एवं सामग्री जिसकी निविदा आमंत्रित की जा रही है कि विवरणी एवं शर्त्ते https://ramgarh.nic.in में notice के अन्दर देखा जा सकता है।

ह0–
नजारत उपसमाहर्त्ता,रामगढ़

PR 287990 (Election)22-23*D



### उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (नजारत शाखा)

**–: अति अल्पकालीन निविदा :–**

23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र आगामी उपचुनाव, 2023 एवं सरकारी कार्यालय में उपयोग हेतु कम्प्यूटर उपकरण, प्रिंटर, कॉट्रेज, पेन ड्राईव आदि की आपूर्ति हेतु एक अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। वैसे निविदादाता जो निविदा शर्त के अनुरूप निविदा भरने के इच्छुक है, वे अपना भरा हुआ निविदा लिफाफा दिनांक 27.01.2023 के 4:00 बजे अपराह्न तक जिला नजारत कार्यालय, रामगढ़ में जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 28.01.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन खोला जायेगा। कार्य एवं सामग्री जिसकी निविदा आमंत्रित की जा रही है कि विवरणी एवं शर्त्ते https://ramgarh.nic.in में notice के अन्दर देखा जा सकता है।

ह0–
नजारत उपसमाहर्त्ता, रामगढ़

PR 287988 Election(22-23)#D



### उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़। (नजारत शाखा)

**–: अति अल्पकालीन निविदा :–**

23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र आगामी उपचुनाव, 2023 कार्यालय एवं विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में उपयोग हेतु ड्रोन कैमरा, विडियोग्राफी/फोटोग्राफी इत्यादि की आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। वैसे निविदादाता जो निविदा शर्त के अनुरूप निविदा भरने के इच्छुक है, वे अपना भरा हुआ निविदा लिफाफा दिनांक 27.01.2023 के 4:00 बजे अपराह्न तक जिला नजारत कार्यालय, रामगढ़ में जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 28.01.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन खोला जायेगा। कार्य एवं सामग्री जिसकी निविदा आमंत्रित की जा रही है कि विवरणी एवं शर्त्ते https://ramgarh.nic.in में notice के अन्दर देखा जा सकता है।

ह0–
नजारत उपसमाहर्त्ता,
रामगढ़।

PR 287992 Election(22-23)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा

(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 33/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अवधि : दिनांक 25.01.2023 से दिनांक 28.01.2023 तक (कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.01.2023 को 2:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.01.2023 को 3:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा डालने एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिलान्तर्गत प्रखण्ड कैरो के ग्राम उतका के मतलुब अंसारी के घर से बुधवा उरॉव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 9,14,400.00 | 18500.00 | 1250.00 | 1 माह |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा

PR 288038 Lohardaga(22-23).D



### कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 09/2022-23 Date – 20.01.2023

कार्य का विवरण–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rejuvenation of Mahto aahar pond at ward no. 20 under Jhumri Telaiya Nagar Parishad. | 15476726 | 309600 | 10000 | 12 months |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है। Joint Venture / Consortium Entity द्वारा निविदा में भाग लिये जाने की स्थिति में Lead Partner/Member का नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार की समुचित श्रेणी में निबंधन होना अनिवार्य है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 30.01.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 06.02.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 08.02.2023 अपराहन 4.00 बजे स्थान नगर परिषद झुमरी तिलैया।
5 निविदा खोलने की तिथि : 09.02.2023 अपराहन 4.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 288062 Urban Development(22-23)#D

## हाईस्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक हरिप्रसाद दुबे का निधन

**तोपचांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आर्ष परिषद कतरास कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष रहे हरि प्रसाद दूबे का आज निधन हो गया।बहुत ही दुखद घटना घटी क्यों कि टीऐपी हाईस्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक रहे दूबे समाजसेवी, व्यवहार कुशल, मृदुभाषी, सहज, सरल, शिक्षाविद, आर्ष परिषद कतरास के संस्थापक, तथा आर्ष परिषद कतरास कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष, सिरसागढ़ा निवासी आदरणीय गुरु हरिप्रसाद दुबेजी का आज उनके घर पर शुक्रवार को सुबह 5~15 बजे निधन हो गया। वे लगभग 97 वर्ष के थे। यह पूरे आर्ष परिषद कतरास कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। पूरा कतरास ब्राह्मण समाज उनके निधन पर मर्माहत और दुखी है।वे एक बहुत बड़े समाजसेवी और शिक्षाविद थे। उनके पढ़ाये हुए बच्चे देश के विभिन्न कोनों में विभिन्न पदों पर आज कार्यरत हैं।में भी टी ऐ पी हाईस्कूल में उनका छात्र रहा हूं । वे सामाजिक कार्यो में हमेशा से तत्पर रहकर लोगों को मदद करते थे। सही राह दिखाते थे। सामाजिक कार्य कर रहे लोगों को हिम्मत और हौसला देने का काम किया करते थे । वे अपने पीछे सुखी संपन्न भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे आज भी लोगों के दिलों पर रहने वाले एक बेमिसाल शख्शियत थे। श्री हरि प्रसाद दूबे जी के लिए सभी वर्गों के लोग उनकी आत्म की शांति की दुआएं की गई ।

## नेहरु युवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय विभाग के तहत देश के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए नेहरू युवा केंद्र वर्षों से देश के सभी जिले में कार्यरत है। नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के बैनर तले 13 से 19 जनवरी तक स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रतीक मानकर राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाया गया जिसका समापन शुक्रवार को ज़िला कर्यालय नेहरू युवा केंद्र अलकापुरी में ज़िला युवा अधिकारी रवि मिश्रा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ज़िला अधिकारी ने कहा कि नेहरू केंद्र द्वारा युवा सप्ताह के तहत ज़िले के विभिन्न युवा मण्डल में अलग अलग तरह की प्रतियोगिता कराया गया था। जिसमे प्रथम , द्वितिय , तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वही जागरूकता रैली भी किया गया। मौके पर लेखापाल नैयर परवेज ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र गिरिडीह के द्वारा नेहरू युवा केंद्र से संबंद्धता प्राप्त युवा मण्डल को उत्कृष्ट युवा मण्डल पुरस्कार वित्तिय वर्ष 2021-22 में युवा मण्डल द्वारा किए गए कार्यक्रमों के आधार पर पचीस हजार रुपए राशि की आवंटित है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ के लेने के लिए 27 जनवरी तक सारे दस्तावेज जमा करना है ।

## बेंगाबाद में जागरूकता शिविर का आयोजन

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला विधिक सेवा गिरिडीह की ओर से गुरूवार को विधिक जागरूकता सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजित किया गया।मौके पर सौरव कुमार, बीडीओ कयूम अंसारी,सीओ कृष्ण कुमार मरांडी, प्रमुख मीना देवी, सत्येंद्र कुमार, विपिन कुमार यादव उपस्थित थे। विधिक सेवा के सौरव कुमार ने कहा अपने अपने स्तर से भी अपने क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करें समाज के अंतिम तबके में रहने वाले लोगों तक सक्षम, सुलभ एवं त्वरित न्याय इत्यादि योजनाओं के बारे में आम लोगों को जानकारी दी साथ ही उन्होंने अपने बच्चों को निरंतर शिक्षा प्रदान करने हेतु शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल प्रतिषेध अधिनियम आदि कानून के बारे में भी जानकारी प्रदान किया। जिला सेवा प्राधिकार की और से एक विकलांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बेंगाबाद पीएलवी जय प्रकाश वर्मा संतोष पाठक ने किया। इस मौके पर मुखिया पंचायत सचिव के अलावे प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## परीक्षा पर चर्चा को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर बरगंडा गिरिडीह के सभागार में आगामी महीने में होने वाले बोर्ड के परीक्षा के तनाव से विद्यार्थीयों को मुक्त करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा आयोजन समिति गिरिडीह के संयोजक युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रंजीत राय, युवा नेता संजीव कुमार तथा प्रो विनीता कुमारी के संयोजन में तनावमुक्त परीक्षा की तैयारी की समझ विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित 9 विषयों पर एवं एक चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें लगभग 300 छात्र छात्राओं ने भाग लिया और एक से बढकर एक चित्रांकन किया। प्रतियोगिता में कृति कुमारी कक्षा ग्यारह की छात्रा को प्रथम स्थान ,अंजलि वैद्य कक्षा ग्यारह की छात्रा को द्वितीय स्थान तथा प्रिया कुमारी कक्षा 8 सी की छात्रा को तृतीय स्थान मिला इन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टॉप टेन और टॉप 25 प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया जबकि 100 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र माननीय अतिथियों के द्वारा दिया गया। बताया गया कि 27 जनवरी को प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के द्वारा 11 बजे से परीक्षा पर लाइव चर्चा परीक्षार्थियों के साथ करेंगे। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह के निवर्तमान विधायक निर्भय कुमार शाहबादी तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए परीक्षा की तैयारी तनावमुक्त होकर करने की सलाह दी।

## कपकपाती ठंढ में बुजुर्ग समेत एक अर्धविक्षिप्त का निधन

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड अंतर्गत सिमराढाब पंचायत के बनपुरा निवासी लगभग 85 वर्षीय चमन महतो की ठंढ लगने से शुक्रवार अहले सुबह निधन हो गया. इस बीच उसके पुत्र रूपलाल महतो ने बताया कि मृतक सुबह उठने के बाद शौच के लिये शौचालय गया था वहीं उन्हें ठंढ लग गया और वह गिर पड़ा बहुत देर तक शौचालय से नही आने पर खोजबीन करने पर पता चला कि मृतक शौचालय के फर्श पर गिरा पडा है अफरा-तफरी में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इधर चोंगाखार पंचायत के करमा निवासी लगभग 65 वर्षीय एक अर्धविक्षिप्त व्यक्ति की भी अहले सुबह निधन हो गया. जैसा कि प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि मृतक सुबह साढे चार बजे तक मंदिर में बज रहे आरती के धून पर नाच गा रहा था. तत्पश्चात वहीं चबुतरे पर लेट गया और लेटते हीं उसने दम तोड़ दिया.

## महुदा क्षेत्र में शुरू हुआ रटन्ती मां काली की पूजा

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा क्षेत्र में रटन्ती मां काली पूजा की शुरुआत किया गया। महुदा के राधा नगर, तेतुलिया पंचायत2 के बेलखोंदा, तेतुलिया, भाटडीह एवं पिपराटांड़ आदि जगहों में रटन्ती मां काली पूजा की शुरुआत किया गया मान्यता है कि रटन्ती कली पूजा एकमात्र ऐसी पूजा है जो अमावस्या को नहीं चतुर्दशी में पूजा किया जाता है इसलिए क्षेत्र में काफी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है एवं रटन्ती मां काली पूजा में जो भी मन्नत मांगी जाती है वह मां काली जरूर पूर्ण करती है इस मौके पर बेलखोदा के अलावे अन्य पूजा समितियों ने गांव के काली पूजा की शुरुआत किया है।

## छत्रुटाड़ में निकाला सबसे जहरीला रशलवेपर सांप, लोगों में दहशत

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड के छत्रुटाड़ में निकाला सबसे जहरीला सांप लोगो में दहस्त का माहोल बना हुआ है। बताया जाता हैं की इस सांप को लोग गलती से अजगर समझ लेते है जबकि यह सांप अजगर जैसा दिखता है, जो रशलवेपर सांप है। गांव के लोगो ने सांप को पहचान लिया जिसके कारण कोई अप्रिय घटना से लोग बच गए।

## पहला कदम में दिव्यांग बच्चों के बीच हियरिंग मशीन का हुआ वितरण

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिव्यांग बच्चों का स्कूल पहला कदम में आगमन हुआ इयररिंग डिस्ट्रीब्यूशन कैंप फ्रॉम गिफ्टेबल्ड फाउंडेशन फ्रॉम बेंगलुरु से डॉ दीपक कुमार ने दिव्यांग बच्चों के बीच हियरिंग मशीन का वितरण किया दिव्यांग बच्चों में ऐसे बच्चे जो कुछ भी सुन नहीं पाते तकरीबन बहुत बच्चे हैं उनमें से आठ बच्चों को सिग्निया कंपनी का मॉडल इंटुस तीन एस पी का हियरिंग मशीन दिया गया।

# खनन क्षेत्र में सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता : राज्यपाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन की स्थापना के 100 वर्ष और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कोयला नगर स्थित सामुदायिक भवन में 'खनन उद्योग~ चुनौतियां और अवसर' विषय पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल रमेश बैस बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन को स्थापना के 100 वर्ष और बीसीसीएल को 50 वर्ष पूरे करने पर बधाई व शुभकामनाएँ दी और दोनों संस्थाओं को इस संगोष्ठी के आयोजन के लिए भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन देश में खनन उद्योग की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है। संगठन ने भारत में खनन उद्योग को प्रभावित करने वाली नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उम्मीद करते हैं कि आने वाले अनेक वर्षों तक यह संगठन खनन उद्योग और समुदाय की सेवा करता रहेगा। उन्होंने कहा बीसीसीएल ने 2022 में अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और उन सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है जिन्होंने वर्षों से इस कंपनी से जुड़कर अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी पालन किया। विगत 50 वर्षों से भारतीय कोयला खनन उद्योग में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है और यह कंपनी देश के विकास में निरंतर योगदान दे रहा है। खनन समुदाय को एक साथ लाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने और खदान प्रबंधकों तथा खनन पेशेवरों को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन और बीसीसीएल द्वारा यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा खनन उद्योग का झारखण्ड राज्य की अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। धनबाद कोयला खनन के क्षेत्र में पूरे देश में प्रसिद्ध है। इसे देश की कोयला राजधानी भी कहा जाता है। यहां पर कोयले की अनेक खदानों में विभिन्न प्रकार के खनिज पाए जाते हैं। खनन उद्योग अर्थव्यवस्था का एक अनिवार्य भाग है और जरूरी उत्पादों एवं सेवाओं के लिए उपयोग में आने वाली कच्ची सामग्री का महत्वपूर्ण जरिया है। उन्होंने कहा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की नेतृत्व वाली सरकार में मुझे खान मंत्री के रूप में काम करने का मौका मिला। मैंने देश की विभिन्न खानों में जाकर वहाँ की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया तथा इस क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों से विभिन्न पहलुओं पर बातचीत भी की। अभी कुछ माह पूर्व मैं पूर्वी सिंहभूम स्थित यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भी गया और वहाँ की भूमिगत खदान में जाकर वहाँ की गतिविधियों को नजदीक से देखा।खनन के क्षेत्र में सुरक्षा पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है। खनन एक जोखिम भरा पेशा है और काम के दौरान कर्मी सुरक्षित रहें, यह भी सुनिश्चित करना होगा। खनन कार्यों की दक्षता और उत्पादकता में सुधार करने की दिशा में काम करना होगा। इस अवसर पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह, बीसीसीएल के सीएमडी समीर दत्ता, आईएमएमए के अध्यक्ष केएन सिंह, सिंफर के निदेशक ए के मिश्रा सहित जिले के सभी बड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रविवार की रात तोपचाची में चली थी गोली घायल युवक का फुटेज हुआ वाइरल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** खबर है कि तोपचाची जी टी रोड पर स्थित में एक होटल परिसर में रविवार की रात में अवेध मामले का विरोध करने पर सक्रिये गिरोह के लोगो द्वारा गोली चला दी गई थी, जिससे विरोध कर रहे युवक घायल हो गया ।गोली उसके बाह में लगी ओर आर पार हो गई । कुर्सियाँ भी टूटी। पुलिस के द्वारा पडताल नही किये गये , परिजनो का कहना है कि पुलिस को लिखित सूचना दी गई है ।

मामले में घायल युवक प्रश्न्जीत चौबे साहूबहियार गाव निवासी हैं। निजी क्लिनिक में इलाज कर रहे हैं ।व्हाटस अप्स ग्रूप में फुटेज वाइरल हुआ है ।

## चिकित्सक का मरीज करता रहा इंतजार नहीं था अस्पताल में चिकित्सक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड के सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में इलाज के लिए ए मरीज घंटो चिकित्सक का इंतजार करता रहा लेकिन चिकित्सक का कोई पता नहीं था। इस तरह ऑन ड्यूटी चिकित्सक का नहीं होना स्वस्थ विभाग पर सवाल उठता है। क्षेत्र के गरीब लोगो के इलाज के लिए बना यह अस्पताल सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रहा गया है। आये दिन चिकित्सक के नहीं होने पर सवाल उठता रहा है। इस तरह के लापरवाही से किसी गरीब की जान भी जा सकती है लेकिन इस और ध्यान देने वाला कोई नहीं। कई बार चिकित्सक के नहीं होने पर लोगो को सदर अस्पताल गिरिडीह जाना पड़ जाता है जो की दूर है इस बिच किसी भी तरह की घटना होने की संभावना रहती है।

## जयनगर-दरभंगा-सीतामढ़ी-नरकटियागंज-भिखानाटोरी आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत नरकटियागंज-अमोलवा रेलखंड का संरक्षा आयुक्त रेलवे , पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा किया गया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता श्री सुवोमोय मित्रा द्वारा आज दिनांक 20.01.2023 को 12 किमी लंबे नरकटियागंज-अमोलवा के बीच नव आमान परिवर्तित रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पहले चरण में आज सुबह संरक्षा आयुक्त द्वारा मोटर ट्रॉली से नरकटियागंज से अमोलवा तक निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत स्पेषल ट्रेन द्वारा नरकटियागंज से अमोलवा तक 120 किमी/घंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। विदित हो कि 294 किमी लंबे जयनगर-दरभंगा-सीतामढ़ी-नरकटियागंज-भिखानाटोरी आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत अब तक विभिन्न चरणों में जयनगर से नरकटियागंज तक 260 किलोमीटर रेलखंड का आमान परिवर्तन का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। शेष बचे 35 किमी परियोजना में से आज 12 किमी लंबे नरकटियागंज से अमोलवा तक सीआरएस द्वारा सफलतापूर्वक निरीक्षण किया गया। अमोलवा से गौनाहा तक आमान परिवर्तन का कार्य इस वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# डॉ अजय कुमार पर जानलेवा हमला बहुत ही निंदनीय व शर्मनाक : ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कमिटी के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंहए6 ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह त्रिपुरा के प्रभारी डॉ अजय कुमार पर जानलेवा हमला किया जाना बहुत ही निंदनीय व शर्मनाक है। त्रिपुरा में डॉ अजय कुमार के कुशल नेतृत्व व कांग्रेस के बढ़ते जनाधार को देखते हुए भाजपा गुंडागर्दी पर उतारू हो गई है। उक्त धटना त्रिपुरा के मंत्री शांतनु चौधरी के इशारे पर की गई और भाजपा ने इस प्रकार घिनोना कृत्य कर घटिया मानसिकता का परिचय दिया है। आगे उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भाजपा के चार विधायक का कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के साथ-साथ त्रिपुरा में भाजपा के जनाधार खिसकता देख वहां की वर्तमान सरकार एवं भाजपाई गुंडागर्दी करने के साथ-साथ बौखला गई हैं। आगे उन्होंने उक्त घटना में संलिप्त दोषियों पर अविलंब कारवाई करने की मांग करते हुए दोषियों को सलाखों के पीछे भेजने की मांग की। बताया की त्रिपुरा में डॉक्टर अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में संगठन मजबूत हुई है और निश्चित रुप से त्रिपुरा में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। आगे श्री सिंह ने कहा कि देश में लोग महंगाई बेरोजगारी आर्थिक संकटों से जूझ रही है। भाजपा की केंद्र सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है। भाजपा शासित राज्यों के साथ-साथ देश में भाजपा के विफल सरकार के प्रति लोगों का मोह भंग हुआ है एवं लोगों को कांग्रेस के प्रति विश्वास जगा है। राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में प्रेम, सद्भावना और भाईचारा का संदेश देने के साथ-साथ सभी को एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक पहल किया है।

## बन रहे डिग्री कॉलेज में अनियमितता को लेकर बगोदर प्रमुख ने काम को अवरोध किया



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर में बन रहे लगभग 10 करोड की लागत से डिग्री कॉलेज में भारी अनियमितता पाई गई शुक्रवार को बगोदर प्रमुख आशा राज के नेतृत्व में उक्त स्थल का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें कई त्रुटियां संवेदक द्वारा पाई गई बुनियाद से लेकर ढलाई कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और एस्टीमेट से हट कर संवेदक अपने मनमानी तरीके से काम को कराया जा रहा है वहीं साइड इंचार्ज को कड़ा फटकार लगाते हुए प्रमुख द्वारा काम को अभिलंब रोका गया। संवेदक को अविलंब बुलाया जाए और जो भी घटिया काम हुई है जब तक गुणवत्तापूर्ण रूप से काम में सुधार नहीं होगा तब तक डिग्री कॉलेज का काम बंद रहेगा।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन डेवलपमेंट यूनिट गिरिडीह की मासिक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरीडीह :** सदर प्रखंड के परसाटांड स्थित सरस्वती विद्या स्कूल राजपुरा में संघ कार्यालय में झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन डेवलमेंट यूनिट गिरीडीह की मासिक बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता सहदेव महतो कर रहे थे।जिसमे विद्यालय को गणतंत्र दिवस ओर सरस्वती पूजा के बारे में चर्चा हुई तथा साथ ही साथ उन्होंने बताया कि हर बार 8 वि बोर्ड के परीक्षा के समय हर बार प्राइवेट विद्यालय को परेशान किया जाता है।ये शिक्षा विभाग की मन मानी नही चलेगी।हर बार निजी विद्यालयो को परेशान किया जाता है।जिससे पैसे की उगाई हो सके। वही विद्यालय संघ के संरक्षक अजित मिश्रा ने कहा कि हर बार प्राइवेट विद्यालय से पच्चीस हजार की मांग की जाती है हमलोग कहा से लाये।अगर हमारी 8 वी बोर्ड की परीक्षा से हमारे विद्यालय के बच्चे बंचित रहा तो आगे हमलोग धरना प्रदर्शन करेंगे।और जबाब सरकार को देनी होगी।कि किस प्रकार हमारे बच्चों को 8 वीं बोर्ड की परीक्षा से बंचित किया जा रहा है।शिक्षा विभाग अपनी नियत साफ करे । मौके पर अध्यक्ष सहदेव महतो ,उपाध्यक्ष राम वर्मा,सचिव प्रमोद कुमार,कोषाध्यक्ष प्रयाग प्रसाद महतो,मीडिया प्रभारी विकास वर्मा ,राजेश कुमार,दुखन सिंह, परमेश्वर प्रसाद वर्मा आदि मौजूद थे।

## चार घरों में चोरों ने डाला डाका, ले उड़े लाखों की संपत्ति

### बेटी के विवाह के लिए रखा था 50000 रुपये, कल जाना था देने के लिए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं का एक और आयाम गुरूवार की रात को जुड गया. आपको बता दें कि गादी पंचायत के ग्राम खेसरो निवासी पारा शिक्षिका प्रमीला देवी, ग्राम खरियोडीह निवासी बासुदेव महतो, ग्राम बसगना निवासी बुधन पंडित एवं पप्पू पंडित के घरों में देर रात लगभग 11 बजे के करीब चोरों डाका डाल कर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया. अलबत्ता चोरों की हिम्मत देखिये बिरनी पुलिस थाना प्रभारी अमरजीत सिंह सदलबल के साथ इसी पंचायत में गस्त लगा रहे थे और लोगों को सचेत रहने की सलाह दे रहे थे, इस बीच चोर चोरी करने में मशगूल थे. उक्त घटना में पारा शिक्षिका प्रमिला देवी के घर से ईट बनाने के लिए रखा हुआ नगद लगभग तीस हजार समेत अन्य सामाग्री, वहीं बासुदेव महतो के घर से बेटी के विवाह के लिए रखे पचास हजार रुपये नगद राशि के अलावे बसगना से एक बकरा समेत हजारों की संपत्ति ले उड़े।

# धनबाद लव स्टोरी ने लिया नया मोड़ : अनशन पर बैठी प्रेमिका को पुलिस ने जबरन उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इस हाड़ कंपाने वाली ठंड में महेशपुर स्थित प्रेमी के घर के आगे अनशन पर बैठी प्रेमिका को राजगंज पुलिस गुरुवार रात साढ़े नौ बजे जबरन उठा कर ले गयी. प्रेमिका विवाह की जिद पर अड़ी थी

वह मंगलवार सुबह नौ बजे यहां पहुंची थी. इस दौरान परिजनों के साथ-साथ पुलिस, सामाजिक कार्यकर्ता, नेता आदि काफी मनाते-समझाते रहे, पर उसने किसी की एक न सुनी. वह कहती रही कि जब तक उत्तम महतो उर्फ उत्तम पटेल आकर बात नहीं करते, हम मर भी जायेंगे, दरवाजे से नहीं हटेंगे. भूली इलाके की रहने वाली युवती को महिला बल की सहायता से राजगंज पुलिस थाना ले गयी, जहां बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू की मौजूदगी में पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया.बता दें कि इससे पहले दोपहर ढाई बजे राजगंज पुलिस महेशपुर गांव पहुंची थी. उसने पहले युवती से आपबीती सुनी, फिर उत्तम के घर में मौजूद महिला सदस्यों से पूछताछ करने के बाद लौट गयी. शाम में युवती के पिता ने राजगंज थाना में शिकायत कर उत्तम पटेल उर्फ उत्तम महतो पर अपनी पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया. आरोप यह भी है कि उत्तम द्वारा आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी गयी।

शिकायत में उत्तम के पूरे परिवार की भी संलिप्तता बतायी गयी है. राजगंज पुलिस बाघमारा महिला थाना प्रभारी सोनिका वर्मा व सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी के साथ गांव पहुंची थी।



### प्रेमी की दर पर तीन चार साल है दोनों के बीच प्रेम संबंध

-धरना दे रही युवती के पास उसकी दादी व मामी भी आयीं. युवती का कहना था कि दोनों के बीच पिछले चार साल से प्रेम संबंध है उनके परिवार को भी यह जानकारी है. बावजूद युवक के परिजन और युवक अब शादी से इनकार कर रहे हैं. ऐसे में वह बिना उत्तम से मुलाकात किये नहीं जा सकती. गांव में सुबह से ही महेशपुर गांव में भीड़ लगी रही. भूखे पेट रहने व बढ़ती ठंड के कारण तबीयत नासाज दिखने पर महेशपुर पंचायत के मुखिया मनोज महतो ने ने युवती की चिकित्सकीय जांच करायी. इसमें रक्तचाप कम मिला।

### आरोप : सत्ता पक्ष के एक नेता का है संरक्षण

महेशपुर गांव पहुंचे गिरिडीह सांसद के प्रतिनिधि गिरधारी महतो, भाजपा नेता रमेश महतो, आजसू नेता जीतेंद्र नाथ महतो ने कहा कि वे लोग सामाजिक स्तर से हल निकालने का प्रयास किये, लेकिन इसे कुछ लोगों द्वारा राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है. तीनों नेताओं ने पत्रकारों को बताया कि युवक पक्ष को सत्ता पक्ष के एक नेता का संरक्षण प्राप्त है. युवक को धारजोरी गांव में छिपाकर रखा गया है. इधर महेशपुर गांव में तनाव बढ़ता जा रहा है. लोग युवक पक्ष को कोस रहे हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, इससे गांव की बदनामी भी हो रही है. पुलिसिया कदम पर भी लोग प्रश्न उठा रहे हैं।

### प्रेमी को जेल जाते नहीं देख सकती

युवती ने राजगंज थाना में पुलिस से कहा कि सनम बेवफा सही, लेकिन वह अपने प्यार पर सबकुछ न्योछावर करने को तैयार है. वह उसे जेल जाते नहीं देख सकती. सिर्फ उससे शादी करना चाहती है. युवती को धरना से जबरन उठाने पर उसके पिता व मामी का कहना था कि पुलिस ज्यादती कर रही है. वहीं ग्रामीणों का कहना था कि जब पीड़िता के पिता ने शिकायत की थी तो पुलिस पहले आरोपी व उसके परिवारवालों को पकड़ती. उल्टे शिकायतकर्ता पर दबाव बना रही है. युवती की शिकायत पर पुलिस ने यौन शोषण का मामला दर्ज किया है. युवती को बाघमारा महिला थाना प्रभारी के सुपुर्द किया गया है।

विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में बच्चों के बीच आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना : सुदर्शन भगत


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा से पूर्व लोहरदगा में बच्चों के बीच विशाल आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मनोहर लाल अग्रवाल विद्या मंदिर प्लस टू, विधालय किया गया। ताकि विद्यार्थी उत्सवपूर्ण और हल्के माहौल में अपनी परीक्षाएं दे सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, प्रांत संघ चालक सचिदानंद अग्रवाल, क्षेत्रीय चेंबर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष राजेश महतो, जिला सचिव राकेश सिन्हा, जिला अध्यक्ष भाजपा मनीर उराँव, एल जी एस एस सी पी यादव अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीपप्रज्वलन, एवं पुष्प अर्पित कर की गई।




अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागी विधालय स्मृति चिन्ह देकर आभार जताया गया। प्रतियोगिता में 500 से अधिक बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में एमबी डीएवी, शिला अग्रवाल विधा मंदिर लोहरदगा,मनोहर लाल अग्रवाल विधा मदिंर +2 विधालय, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विधालय, मंजूरमति उच्च विधालय, शिशु विधा मंदिर लोहरदगा, एम एल ए महिला महाविद्यालय भाग लिया। विधालय के 9 और 10 एवं महाविद्यालय के 12 कक्षा तक के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमबी डीएवी की स्तुति राज सिंह, द्वितीय स्थान मंजूमति विधालय के दिपक कुमार साहू,तृतीय स्थान मेघा कुमारी एमबी डीएवी प्राप्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी को विधार्थियों से विशेष लगाव है और समय समय पर स्वयं बात करते हैं। इस बार उन्होंने इग्जाम वारियर्स पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव न हो इसलिए परिक्षा से पूर्व उत्सव जैसा माहौल प्रदान करने की आग्रह सभों से की है।हम सभी लोगों की जिम्मिवारी है कि हम विधार्थियों को साकारात्मक एवं तनाव मुक्त वातावरण दें।दसवीं और बारहवीं के बच्चों का परिक्षा भविष्य के लिए एक दिशा तय करती है।और भविष्य बेहतर हो ऐसा माननीय मोदी जी की सदैव बेहतर प्रयास रहा है। और हमसभी जानते सभी के अंदर में विभिन्न प्रकार के हूनर होते है जिससे भविष्य में आधार बनाकर स्वालंबन से जुड़ जाते है तथा सामूहिक भागीदारी हमारी संस्कृति की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराता है। प्रवीण सिंह ने कहा कि परीक्षा के पहले आत्मविश्वास को जागृत करना बहुत जरूरी प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा में मदद करती है। सचिदानंद अग्रवाल ने कहा कि आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता हमें अपनी संस्कृति से जुड़ाव एवं मानव विचार को प्रकट करने का माध्यम बनाते हैं। राजेश महतो ने कहा की प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चे का आत्मविश्वास मजबूत होता है। सी पी यादव ने कहा कि परिक्षा पर चर्चा एवं आर्ट प्रतियोगिता में सामूहिकता में भागीदारी बच्चों में राष्ट्र के प्रति एकता की भावना एवं उद्देश्य को जगाता है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण आयोजक विधालय मनोहरलाल अग्रवाल विधा मंदिर प्लस टू के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी व धन्यवाद अनिल उराँव कार्यक्रम संयोजक ने की। कार्यक्रम के सह संयोजक पशुपति नाथ पारस, और दिलीप पटनायक, सजल कुमार व निर्णायक मंडली में देवानंद, विनोद सोनी, हरिओम प्रजापति, अवनी वर्मा, सत्यकेतु प्रजापति, भी शामिल रहे। कार्यक्रम में ब्रजबिहारी प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, चन्द्रशेखर प्रसाद, राकेश सिन्हा, स्नेह कुमार, शोभा देवी, अजय अग्रवाल, केशव पाठक, राघव राणा, राजमोहन राम, कलावती देवी, सामेला भगत, संगिता देवी, नीरज नलिन, हर्षनाथ महतो, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, जगनंदन पौराणिक, विश्वजीत शाहदेव, मनिष शिखर, पवन कुमार, अशोक साहू, विपिन कुमार दास, परमेंद्र सिंह, धनेश्वर पांडेय, मीना बाखला, भारती सिन्हा, प्रकाश नायक, बृजनंदन यादव, दिने कुमार, अमन कुमार, सुधांशु कुमार सहित अन्य शामिल हुए।

## जिले के 2 स्थानो मे ऊर्जा मेला आज, विद्युत से संबंधित समस्या का मेला मे होगा निदान : सन्तोष कुमार



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अध्यक्ष-सह-प्रवंध निदेशक पी0के0 वास्तव राँची के निर्देशानुसार जिले के 02 स्थानो मे आज 21 जनवरी शनिवार को होगा ऊर्जा मेला का आयोजन। उक्त संबंध मे कुडु कैरो विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सन्तोष कुमार ने प्रेस को बताया कि उक्त ऊर्जा मेला मे विद्युत उपभोक्ताओं को सरकार के द्वारा दिये जा रहे 100 युनिट मुफ्त बिजली सुविधा का लाभ लेने हेतु मीटर लगाने से संबंधित मामला, नया विद्युत संबंध लेने से संबंधित मामला, भार बढ़ाने से संबंधित मामला, कृषि कार्य हेतु नया विद्युत संबंध से संबंधित मामला, बिजली बिल सुधारने से संबंधित मामला, बिल नही मिलने की शिकायत, खराब व जले मीटर को बदलने से संबंधित मामला, विद्युत ट्रांसफार्मर जलने व खराब होने की शिकायत, लो-भोल्टेज की शिकायत, पोल व तार की आवश्कता से संबंधित आवेदन या बिजली से संबंधित अन्य कोई भी समस्या को लेकर आज ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है। सहायक अभियंता सन्तोष कुमार ने कहा कि, जिले के उपरोक्त 02 ऊर्जा मेला आयोजन स्थल मे जिले के सभी विद्युत उपभोक्ता अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर विद्युत से संबंधित समस्याओं का आवेदन बनाकर विभाग को समर्पित करें, उपभोक्ताओ के समस्या का त्वरित निदान किया जायेगा।

## मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र है मंदिर आने से सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है : सतीश पांडेय



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम अरकोसा गांव में नकटी देवी भगवती मंदिर निर्माण का कार्य हो रहा है इस शुभ कार्य में जय श्रीराम समिति के जिला संरक्षक अजय सोनी जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो नगर अध्यक्ष दीपक कुमार साहू,एवं विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रचारक सतीश पांडेय, देवेंद्र मंडल, सूरज दसौंधी, समेत अरकोशा गांव के सभी महिला पुरुष एवं आसपास के सरना सनातन धर्मलंबी मौजूद थे। विश्व हिंदू परिषद् धर्म प्रचार प्रमुख सतीश पांडेय ने कहा मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र है मंदिर आने से सकारात्मक ऊर्जा का प्राप्ति होती है। आज मंदिर निर्माण में ढलाई का कार्य को सभी महिला एवं पुरुष एक दूसरे का साथ देकर युगो युगो तक अपना नाम दर्ज कर लिए यह मौका सबको नहीं मिलता जिन्हें मिलता है वह बहुत ही भाग्यशाली होते हैं इस मंदिर में लोग दूर दूर से भगवती मां की आराधना के लिए आते हैं पूरे गांव के लोग नकटी भगवती देवी का मंदिर निर्माण से काफी खुश है। गांव के लोगो का कहना है नटकी देवी के आराध्य मात्र से सभी मनोकामना पूर्ण होते हैं। जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा मंदिर निर्माण में सहयोग करना बहुत ही पुण्य का काम है। मौके पर जय श्री राम समिती अरकोसा के तपलु वर्मा, अंगद महतो, राजेश्वर प्रजापति, अनिल प्रजापति, विवेक सिंह, गोपी यादव, नेकलेस यादव, सुनील सिंह, गोपेश महतो बीबेक सिंह, जीतू महतो, रामदेव उरांव, दिनेश महतो, रमेश चंद्र कुंवर, सनकेश्वरी देवी, तेतरी देवी, क्रांति देवी, जयंती उरांव, लीलावती देवी, पूजा देवी, रूपा देवी समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बसन्त पंचमी पर माँ सरस्वती का मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बसन्त पंचमी का त्योहार आते ही माँ सरस्वती का पूजन की तैयारी शुरू हो गई है। प्रखंड क्षेत्र में मूर्तिकारों द्वारा माता सरस्वती कीतरह तरह की मूर्तियां बनाया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष सरकारी गैर सरकारी विद्यालय व बच्चे बच्चियों द्वारा हर्षोल्लाश व उमंग के साथ मनाया जाता है। प्रखंड क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के अलावे सार्वजनिक जगहों पर हर्षोल्लाश के साथ माँ सरस्वती का मूर्ति स्थापित कर आकर्षक ढंग से पंडाल बनाकर पूजन किया जाता है। इस दौरान छात्र छात्राओं और बच्चे बच्चियों के बीच तीन चार दिन तक पूजा की खुमारी रहती है। वही विसर्जन के दिन भक्तिमय गीत संगीत



के साथ शोभायात्रा निकाल कर नाचते झूमते माँ सरस्वती का प्रतिमा को नदी तलब में विसर्जन किया जाता है। वही बसन्त पंचमी का त्योहार नजदीक आते ही मूर्तिकार बिनोद प्रजापति परिवार के साथ मूर्ति बनाने में जुट गये हैं। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में अन्य जगहों पर भी मूर्तियाँ बनाया जा रहा है। वही महिला मूर्तिकार आशा देवी व मूर्तिकार बिनोद प्रजापति ने बताया कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में बच्चे बच्चियों द्वारा उमंग व उल्लाष के साथ सरस्वती पूजा मनया जाता है। इस वर्ष मूर्तियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। क्योंकि मूर्ति बनाने में लगने वाले समान का अधिक कीमतों में खरीदना पड़ रहा है। पिछ्ले साल 500 से 2000 हजार तक मे मूर्ति बिक्री हुआ था। परन्तु वही मूर्ति इस वर्ष 1000 से 3000 तक मे बेचना पड़ेगा। इस वर्ष 26 जनवरी को सरस्वती पूजन है। जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र के मूर्तिकारों द्वारा मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## बालू माफिया बेखौफ सक्रिय पुलिस द्वारा जब्त अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को छीनकर हुए फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अवैध बालू लोडडे ट्रैक्टर को पुलिस जब्त कर एकागुड़ी पथ से थाना ला रही थी परंतु बालू माफिया बेखौफ सक्रिय होने का परिचय देते हुए पुलिस से जब्त वाहन को छीन फरार हो गये। लोहरदगा जिला में बालू माफिया का बोलबाला सातवें स्थान पर जिसपर पुलिस द्वारा लगतार कारवाई किया जा रहा है। उसी दरमियान एक सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी से प्राप्त हो रहा है। बताया जाता है कि अवैध बालू खनन व परिवहन की गुप्त सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिला था। जिसपर त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी टीम गठित कर अवैध बालू खनन व परिवहन के विरुद्ध कारवाई के लिए टीम को रवाना




किया गया। जहाँ छापेमारी के दौरान गठित टीम द्वारा एक ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना लाया जा रहा था। लेकिन बालू माफिया बेखौफ सक्रिय होने का परिचय देते हुए। डब्लू बी 02 डी 1999 एट हंड्रेड कार से चार लोग आए और ट्रैक्टर के आगे अपनी गाड़ी खड़ा कर जप्त ट्रैक्टर पुलिस को नीचे उतार कर धक्का मुक्की करते हुए ट्रैक्टर को लेकर भागने में सफल रहे। परंतु पुलिस ने कार को जब्त कर चार लोगों के विरुद्ध कारवाई में जुट गई है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने धक्का मुक्की की बात का पुष्टि नही कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि कोयल नदी से अवैध बालू उठाव कर एक ट्रैक्टर शहर की ओर जा रहा था। जिसकी गुप्त सूचना मिली थी। जिसपर पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। जिसपर रजिस्टेशन नम्बर अंकित नही था। साथ ही उन्होंने कहा जब्त ट्रैक्टर को थाना लाने के क्रम में ट्रैक्टर पर बैठे पुलिस को नीचे उतार कर बालू माफिया द्वारा ट्रैक्टर को भगाने का कार्य किया गया है। जिसके विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

## पांच वर्षों में भी रैयतों को मुवावजा का भुगतान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : अजय एक्का



**ठेठईटाँगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर से बोलबा होते हुए किनकेल तक सड़क चौड़ीकरण में अधिगृहीत जमीन के जमीन मालिकों ने ताराबोगा में बैठक कर मुवावजा की मांग को तेज करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2017 में ही सड़क चौड़ीकरण हेतु जमीन अधिग्रहण किया गया है किंतु पांच साल बीत जाने के बाद भी मुवावजा की राशि किन्हीं को नहीं मिला। ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पांच ?वर्ष बीत जाने के बाद भी मुवावजा भुगतान नहीं होना दुर्भाग्य की बात है, इससे यही दिखता है कि कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही या जिम्मेदारी के प्रति उदासीनता और जनता के प्रति संवेदनहीनता बरती जा रही है। लेकिन अब ऐसा बर्दाश्त नहीं होगा अगर अविलंब मुवावजा का भुगतान नहीं किया गया तो आगे कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे। **मुवावजा के लिए जहां तक जाना पड़े ग्रामीणों के साथ चलने के लिए तैयार हूं : प्रमुख ठेठईटाँगर :** ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण में अधिगृहित जमीन के मुआवजा के लिए आप सभी एकजुट हुए हैं, और अपना एकता का परिचय दिए हैं, जिससे मुझे बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि एकता से ही बड़े से बड़े मुश्किल को आसान किया जा सकता है, आगे भी हमें हर परिस्थिति में ऐसे ही एकता को बनाए रखना है, साथ ही मुवावजा के लिए जहां तक जाना पड़े आपके साथ जाने के लिए तैयार हूं, हर परिस्थिति में आपके साथ हुं, साथ ही ग्रामीणों को सरकार के द्वारा चलाए जाने वाले जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिसमें मुख्यमंत्री सृजन रोजगार योजना, केसीसी एवं सब्सिडी पर बीज एवं तालाब एवं डीप बोरिंग निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## पी एम परीक्षा पर चर्चा पेंटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का परीक्षा पे चर्चा पेंटिंग प्रतियोगिता के कार्यक्रम का आयोजन सिमडेगा जिला में एसएस प्लस टू हाई स्कूल में किया गया । जिसमें एसएस प्लस टू हाई स्कूल, एसएस प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, नागपुरिया विकास विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से 300 विद्यार्थियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के जी के प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि शिक्षा विभाग के सिमडेगा डी ए सी श्री विनोद जी जिला अध्यक्ष श्री लक्ष्मण भाई एसएस हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री अब्राहम के र केटर जी की उपस्थिति में बच्चों ने पेंटिंग का कार्यक्रम का कार्य किया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री सुशील श्रीवास्तव जी के द्वारा उपस्थित सभी बच्चों एवं सिमडेगा जिला के गन्ना मान अतिथि के बीच परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विचारों को प्रकट किया उन्होंने कहा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का ऐसा मानना है की परीक्षा एक त्यौहार की तरह विद्यार्थियों को मनाना चाहिए विद्यार्थी आने वाले कल का भविष्य होते हैं उन्हीं के द्वारा देश का हर दिशा और दशा तरह होता है।

## सीएम के कार्यक्रम को ले विधायक भूषण बाड़ा ने कार्यक्रम स्थल एवं हेली पैड का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के खातियानी जोहार यात्रा को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल एवं हेली पैड का निरीक्षण किया। मौके विधायक ने उपस्थित एसडीओ महेंद्र कुमार, एसडीपीओ डेविड ए डोढराय, सदर बीडीओ अजय रजक, डीपीआरओ पंकज, कार्यपालक पदाधिकारी मो शहजाद परवेज, सीओ प्रताप मिंज आदि अधिकारी को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सीएम के कार्यक्रम से पहले सभी तैयारियां समय सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। इसके वाले विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पदाधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए एसडीपीओ को निर्देश दिया। कार्यक्रम के आयोजन हेतु पंडाल निर्माण, कुर्सी, स्टॉल एवं अन्य व्यवस्था हेतु भी पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मौके पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, बांसजोर जिप सदस्य समरोम पॉल तोपनो, प्रदीप केसरी, युवा कांग्रेसी आकाश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का, अजित लकड़ा, शिशिर मिंज, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार आदि उपस्थित थे।

## कुडू प्रखण्ड बना अब अपराधियों का अड्डा गोली-बारी, चोरी डकैती यहां के लिए आम बात : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू के हृदयस्थली कहे जाने वाले बस पड़ाव में संध्या बेला में गोली चली जिसमें एक चीकन दुकान चलाने वाले युवक गुड्डू पासवान को गोली लगी है। स्थिति को चिन्ता जनक देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है।कहा जाता है कि अज्ञात अपराधियों ने युवक से चिकने लेने के बाद पैसे मांगने पर गोली मार दी और भाग खड़े हुए। आश्चर्यजनक है कि उसे निजी वाहन से रिम्स रेफर किया गया। स्थिति के मद्देनजर जिला परिषद पूर्वी क्षेत्र कुडू गंगोत्री देवी एवं लाल गुड्डू नाथ साहदेव आजसू केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव रिम्स रवाना हो गए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों कहा कि क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। संध्या समय में गोली चलने की घटना पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है। यही कहना होगा अपराधी मस्त है, प्रशासन पस्त है। जिला परिषद पूर्वी क्षेत्र कुडू गंगोत्री देवी ने कहा कि श्रेत्र में कई घटनाएं हो चुकी है विकास साहु हत्या काण्ड का आरोपी की आज तक गिरफ्तारी न हो सकी आज दो माह से अधिक हो



चुका। आज भी वह परिवार दहशत में जी रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के विरुद्ध थाना के समीप जाम कर दिया था। जिससे आवागमन कुछ समय के ठप्प हो गया। ठंड के समय में यात्री महिला पुरुष परेशान नजर आए।बस स्टैंड सुनसान होगया।उस वक्त बिजली का गायब रहना यात्रियों के मुश्किलें बढ़ा रही थी। वस्तु स्थिति को समझते हुए स्थानीय लोगों ने समझा बुझाकर जाम हटवाया।रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास जाम हटाया गया। वहीं फिर सुबह लगभग सभी दुकानदार अपना दुकान बंद रखने का निर्णय लिया और सभी दुकानदार अपना दुकान बंद रखे, इससे पूरा कुडू क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा, जबकि घायल व्यक्ति गुड्डू पासवान के पेट में गोली लगी थी जिसे सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर पेट से गोली निकल लिया गया है।

## स्व अनिल तोपनो की पुण्यतिथि के मौके पर पोगलोया में हॉकी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

➲पढ़ाई-लिखाई के साथ साथ जीवन में खेलकूद को भी दे महत्वपूर्ण स्थान : सन्देश एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड के एडगा पंचायत अंतर्गत पोगलोया गांव में स्वर्गीय अनिल तोपनों की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित हॉकी टूर्नामेंट का शुक्रवार को फाइनल मैच खेला गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे जहां पर ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ उनका नृत्य करते हुए भव्य स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक लाया जहां पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरुआत की जहां पर झपला एवं बेसराजारा की टीम फाइनल मैच में उतरी। शानदार मुकाबले के बीच बेसराजारा की टीम ने 4-3 गोल से जीत दर्ज की। मौके पर विजेता बेसराजारा टीम को मुख्य अतिथि के



द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों के बीच झापा युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने स्वर्गीय अनिल तोपनों जी को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखने के पश्चात उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा इस क्षेत्र में खेल का आयोजन होने से क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ी जो कि खुलकर खेल नहीं पाते हैं वैसे लोगों को अवसर प्राप्त होता है और वे लोग आगे चलकर जिले का नाम रोशन कर सकेंगे। वर्तमान समय में पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ सभी लोगों को खेलकूद को महत्वपूर्ण स्थान देने की आवश्यकता है क्योंकि खेल के क्षेत्र में आज रोजगार के साथ-साथ देश एवं अपने मातृभूमि का नाम रोशन करने का मौका मिलता है। आज वर्तमान समय में सिमडेगा जिला हॉकी के क्षेत्र में विश्व भर में अपना परचम लहरा रहा है ऐसे में आप सभी खिलाड़ी बेहतर खेले ताकि आपका भी चयन जिला राज्य एवं देश के टीम में हो और जिले का नाम रोशन हो सके उन्होंने सभी को खेल को खेल की भावना के साथ हमेशा खेलने की बात कही। इस मौके पर आयोजित टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष मलाकी डांग, सचिव विश्राम बुढ़, कोषाध्यक्ष श्री सूरसेन सुरीन, उपाध्यक्ष मुलशन बुढ़ सहित सभी खेल समिति के सदस्य एवं काफी संख्या में हॉकी मैच का फाईनल देखने आए हुए दर्शक उपस्थित रहे।

ललित नारायण स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलीट्स मीट का हुआ शुभारंभ

## खेलकूद से शारीरिक क्षमता का होता है विकास : डॉ रामेश्वर उरांव

➲धीरज प्रसाद साहू ने खेल को बढ़ावा देने को लेकर हर संभव मदद करने का दिलाया भरोसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का हुआ आगाज। स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में डॉ रामेश्वर उरांव वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री झारखंड सरकार ने खेल ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने बतलाया कि खेलकूद से शारीरिक क्षमता का विकास होता है साथ ही साथ कैरियर भी बनता है। लोहरदगा जिला में 1951 से खेल कूद का आयोजन है किया जा रहा है आदरणीय स्वर्गीय श्री प्रसाद साहू खेल को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे। शिव प्रसाद साहू के खेल प्रति योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके साथ बिताए गए



अनुभवों को साझा किए, मुझे उनका सदैव मार्गदर्शन मिलता रहता था। उन्होंने बतलाया कि खेलकूद को दिखलाने का प्रथम प्रयास मार्च पास्ट होता है, इसे और भी आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है ताकि लोगों को खेल के प्रति सकारात्मक प्रभाव पड़ सके। आयोजन समिति के पूर्व सचिव स्वर्गीय रशीद खान को भी याद करते हुए बतलाए की काफी मेहनत करते थे उनके कार्यो को वर्तमान सचिव सुखैर भगत अभियान के रूप में लेकर आगे बढ़ा रहे हैं, जो प्रशंसा के पात्र हैं। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू माननीय सांसद राज्य सभा उपस्थित हुए। साथ हीं खेल को बढ़ावा देने में हर सम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिए। आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष संजय साहू ने बतलाया कि आज इस मैदान में 66 वां एथलीट मीट का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन झारखंड के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। यहां के आयोजन से सफल होकर खिलाड़ी राष्ट्र का नाम रौशन कर रहे हैं, साथ ही सरकार के विभिन्न पदों को सुशोभित भी कर रहे हैं। स्वागत भाषण सह विषय प्रवेश कराते हुए आयोजन समिति के सचिव सूखैर भगत ने बतलाया की आयोजक द्वारा खिलाड़ियों के लिए हर सुविधा मुहैया कराया जाएगा। अजय प्रसाद के नेतृत्व में तैयार ड्रिल को उर्सलाइन कान्वेंट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गणेश स्पोर्ट्स क्लब गुमला, खेलारी रांची, पलामू जिला, बिरसा एकेडमी गुमला, लक्ष्य फिजिकल अकेडमी गुमला, धूमकुरिया किसको लोहरदगा, नवाटांर रांची, एन ए सी सी धुर्वा रांची, कोडरमा जिला, हजारीबाग जिला, एस ए आई धुर्वा रांची, डीबी मोराबादी रांची, डिफेंस एकेडमी लोहरदगा, लोहरदगा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने मार्च पास्ट में भाग लिया। आज के इवेंट्स में 600 मीटर रेस जूनियर बालक में प्रथम कार्तिक कुमार मोरहाबादी रांची, द्वितीय विकास कुमार महतो लोहरदगा, शिवा कुमार साहू लोहरदगा। शॉट पुट जूनियर बालक में प्रथम अंकित कुमार यादव रॉयल क्लब पलामू, द्वितीय कृष्णा गाड़ी संत जॉन्स नवाटांड, कुलदीप उरांव मोरहाबादी रांची। 800 मीटर रेस सीनियर बालक प्रथम संजय कुमार महतो स्पोर्ट्स अकडमी रजरप्पा रामगढ़, द्वितीय प्रदीप कुमार गणेश स्पोर्ट्स क्लब खलारी, तृतीय विजय कुमार महतो साई ध्रुवा रांची। 800 मीटर रेस सीनियर बालिका प्रथम चांदमुनी उरांव बिरसा अकडमी खरका गुमला, द्वितीय सूर्या एक्का संत जॉन्स नवाटांड, तृतीय पुनिया कुमारी खरका गुमला। तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, साबिर हुसैन, सतीश कुमार विश्वकर्मा, दिनेश कुमार, एस के दत्ता, मो नईम, विनय उराव, सुनील साहू, संतोष राम, निलेश कुमार, प्रिंस मिंज, अरशद जमाल, वीरेंद्र गोप, विनोद महली, अजय प्रसाद, हुसैनी लोहरा, जितेंद्र उरांव, पृथ्वी तमेडा, संदीप महली, सोनाराम महतो, रोशनी कुमारी, महादेव महली, लीला तिर्की इत्यादि ने कार्य किया।

## चलते चलते एक नजर

### मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने लगवायी स्थायी प्याऊ

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा मंच स्थापना दिवस पर 14 जनवरी से लगातार कार्यक्रम कर रही है , इसके अंतर्गत आज 20 जनवरी को शाखा ने स्थायी प्याऊ लगवाया । यह प्याऊ अपर बाज़ार स्थित बाल कृष्ण उच्च विद्यालय में लगाया गया ।प्याऊ का उदघाटन मंडलीय उपाध्यक्ष सचिन मोतिका जी द्वारा किया गया । शाखा अध्यक्ष पुजा सरावगी ने कहा समर्पण शाखा मंच स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की , और सभी कार्य शाखा सदस्यों के सहयोग से सफलता पूर्वक पूर्ण हुए । उन्होंने कहा आने वाले दिनों में भी शाखा द्वारा ऐसे नेक कार्य करने की कोशिश रहेगी अध्यक्ष पुजा सरावगी सचिव स्वेता भाला के साथ कोषाध्यक्ष विनीता सिंघानिया दीपिका मोतिका एवं पुजा तोदि निकिता जालान भी उपस्थित रही । ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी ।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव का खूंटी दौरा आज

**रांची :** केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार शनिवार को नई दिल्ली से रांची आएंगे। केंद्रीय सचिव रांची आने के बाद खूंटी जिले का भ्रमण करेंगे। वहां ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की स्थिति से अवगत होंगे। मनरेगा, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी लेंगे। केंद्रीय सचिव के भ्रमण को देखते हुए खूंटी जिले के अधिकारियों को भी आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है।

### टाटा स्टील सैरात से कलेक्शन राशि ब्याज सहित कोषागार में करें जमा

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त द्वारा जमशेदपुर शहर के 10 (दस) हाट बाजार (सैरात) अंतर्गत कंपनी बिल्ट शॉप / कियोस्क / स्टॉल से कलेक्शन की गई राशि व्याज सहित सरकारी खाते में जमा करने को लेकर चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील लि. जमशेदपुर को पत्र लिखा गया है । पत्र में कहा गया है कि हेड, लैण्ड एण्ड मार्केटर्स, टाटा स्टील लि. जमशेदपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 1997-98 से 2021-22 तक कलेक्शन की गई राशि की सूची उपलब्ध करायी गई है। उक्त सूची में उल्लेखित राशि का सत्यापन जिला लेखा पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर एवं अंचल अधिकारी, जमशेदपुर द्वारा संयुक्त रूप से की गई है। टाटा स्टील द्वारा कलेक्शन की गई राशि पर 13 प्रतिशत की दर से व्याज की गणना की गई है जिसकी कुल राशि 176,676,246.52 रू. है जिसमें 65,629,414.00 रू. (वसूली की गई राशि) तथा 111,046,832.52 रू. (ब्याज की राशि) सम्मिलित है। पत्र में वित्तीय वर्ष 1997-98 से 2021-22 तक टाटा स्टील कंपनी द्वारा कलेक्शन की गई राशि ब्याज सहित 31.03.2023 के पूर्व कोषागार में चालान के माध्यम से सरकारी खाते में जमा करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त को अवगत कराने की बात कही गई है।

### जोशीमठ भू-धंसाव : पानी के रिसाव और भवनों के दरारों में बढ़ोतरी

**देहरादून :** जोशीमठ में पानी के रिसाव में पिछले दो दिनों से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। शुक्रवार को पानी का डिस्चार्ज बढ़कर 250 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) पहुंच गया है। बर्फबारी और बारिश पानी वृद्धि का कारण माना जा रहा है। कुल 863 भवनों में दरारें आई है। अब तक कुल 269 परिवार अस्थाई रूप से विस्थापित हुए हैं। शुक्रवार शाम सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में आपदा प्रबन्धन सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने जोशीमठ आपदा राहत कार्यों के अपडेट को लेकर पत्रकारों को नियमित बीफिंग में यह जानकारी दी।

# विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ऊर्जा मेला आज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आम विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु दिनांक 21 जनवरी 2023 को विभाग द्वारा ऊर्जा मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला राँची सहित खूंटी, गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा जिला के विभिन्न स्थानों पर लगाया जाएगा।

**निम्न स्थानों पर लगाया जाएगा ऊर्जा मेला:** विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम - डोरण्डा, स्थान भवानीपुर मैदान, झंडा चौक, डोरण्डा, सतरंजी (पेट्रोल पंप के नजदीक), सिठियो विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम, कोकर, स्थान कोकर बिजली आफिस, हरिओम टावर, लालपुर, विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, मोराबादी, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम, न्यू कैपिटल, स्थान मारवाडी स्कूल, शहीद चौक, पिठोरिया हाई स्कूल, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम राँची (केन्द्रीय), स्थान गुरुनानक स्कूल के बगल में, विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, पुनदाग, विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, हरमू, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नामराँची (पूर्वी), स्थानविद्युत शक्ति उपकेन्द्र, सिकीदिरी, अनगड़ा बाजार, तमाड़ चौक, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम राँची (पश्चिमी), स्थानपंचायत सचिवालय सुण्डिल झिरी, नगड़ी बाजार, मुड़मा बाजार, माण्डर, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम खूंटी स्थान खूंटी ब्लॉक कैम्पस, तोरपा ब्लॉक कैम्पस, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम गुमला, स्थान पटेल चौक, गुमला, विशुनपुर ब्लॉक कैम्पस, एन0एच0पी0सी0 मैदान, कोनविर, बसिया, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम लोहरदगा, स्थान विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, लोहरदगा कुडु बिजली आफिस, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल का नाम सिमडेगा, स्थान सिमडेगा ब्लॉक कैम्पस, लचरागढ़ (कोलेबिरा), अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, राँची के आदेशानुसार आयोजित किये जाने वाले ऊर्जा मेला में विद्युत उपभोक्ताओं के समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

#### इन समस्याओं का होगा समाधान

(1) सरकार द्वारा दिए जा रहे 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा का लाभ लेने हेतु मीटर लगाने से संबंधित मामला।
(2) नया विद्युत संबंध लेने से संबंधित मामला।
(3) भार बढ़ाने से संबंधित मामला ।
(4) कृषि कार्य हेतु नया विद्युत संबंध ।
(5) बिजली बिल सुधार से संबंधित मामला।
(6) बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत ।
(7) खराब / जले मीटर को बदलने के संबंधित मामला ।
(8) ट्रान्सफार्मर जलने/खराब होने की शिकायत।
(9) लो वोल्टेज की शिकायत ।
(10) पोल/तार की आवश्यकता से संबंधित आवेदन।
(11) बिजली से संबंधित अन्य कोई समस्या ।

विभाग द्वारा आम जनों से ऊर्जा मेला में अधिक-से-अधिक संख्या में भाग लेकर लाभ उठाने की अपील की गयी है।

## प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला

एजेंसी

**प्रयागराज :** माघ मेले के मुख्य स्नान पर्व, मौनी अमावस्या पर तीर्थराज प्रयाग में संगम की रेती पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। करीब 700 हेक्टेअर में बसा मेला क्षेत्र इस समय पूरी तरह पैक्ड है। दूर-दूर से आए श्रद्धालु अपने परिवार समेत मेला क्षेत्र की सड़कों के किनारे डेरा डाले हुए हैं। आधी रात बाद संगम समेत 17 स्नान घाटों पर पुण्य की डुबकी प्रारम्भ हो जाएगी।मौनी अमावस्या के स्नान पर्व से दो दिन पहले यानी गुरुवार से ही श्रद्धालुओं का झुंड मेला क्षेत्र में प्रवेश करने लगा था। शुक्रवार भोर से तो स्नानार्थियों का रेला उमड़ पड़ा। पहले लोगों ने साधु-संतों और कल्पवासियों के शिविरों में आश्रय लिया, लेकिन भीड़ बड़ने के बाद श्रद्धालु सड़कों के किनारे ही परिवार समेत जमा होने लगे और वहीं भोजन बनाकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।मेला प्रशासन का अनुमान है कि मेला के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर दो करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा, यमुना और अंतःसलिला सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाएंगे। श्रद्धालुओं की बड़ती भीड़ को देखते हुए मेला प्रशासन इस समय अलर्ट मोड पर है। प्रशासन ने स्नानार्थियों की सुविधा के लिए दो नए स्नान घाट बनाएं हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर संगम समेत 15 घाटों पर स्नान हुआ था।

इस बार 17 घाटों पर स्नान की तैयारियां की गई हैं। इसके अलावा स्नान घाटों की लंबाई भी बड़ाई गई है, ताकि स्नानार्थियों को डुबकी लगाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नगर क्षेत्र में 14 होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को कुछ समय तक रोका जाएगा।

## आजसू ने पांच सूत्री मांगों को लेकर डीएसपीएमयू को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इकाई ने विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक झा के नेतृत्व में कुलपति डॉ तपन कुमार सांडिल्य को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। आजसू ने 05 सूत्री मांग में क्रमशः विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल में स्पेशल प्लेसमेंट ऑफिसर की नियुक्ति की अति शीघ्र प्लेसमेंट की व्यवस्था दुरुस्त कर छात्रों को प्लेसमेंट में बैठने का मौका मिले ताकि उन्हें अच्छे कंपनी में रोजगार मिल सके। विश्वविद्यालय में जल्द से जल्द दीक्षांत समारोह का आयोजन हो ताकि उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों को डिग्री मिल सके। विश्वविद्यालय के सभी मुख्य द्वार में आई कार्ड को अनिवार्य रूप से चेक किया जाए एवं ड्रेस कोड को सख्ती से लागू किया जाए ताकि विश्वविद्यालय में बाहरी छात्रों का प्रवेश बंद हो और भयमुक्त माहौल बना रहे। लाइब्रेरी में पुस्तकों की कमी दूर कर पूरी तरह से लाइब्रेरी को अपडेट किया जाए। नए भवन में सभी वोकेशनल कोर्सओं की कक्षाएं जल्द से जल्द संचालित की जाए की मांग की है। मौके पर विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक झा ने कहा कि आजसू द्वारा जो विषय विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष रखे गए हैं । वह सभी विषय छात्र हित में अतिआवश्यक है उन्होंने कहा आजसू सदैव छात्र हित में कार्यरत रहती है छात्र हित में संघर्ष ही हमारी राजनीति है आजसू ने जिन विषयों की ओर विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया है उनके पूर्ण होने से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को सहूलियत होगी और विश्वविद्यालय भी झारखंड में अपना अलग पहचान बना पाएगा। आजसू के मांग पत्र पर कुलपति श्री तपन कुमार शांडिल्य ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि इन सभी मांगों पर विश्वविद्यालय प्रशासन सकारात्मक पहल कर जल्द से जल्द तमाम प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए मांगों को पूरा करेगा । मौके पर जय श्री जयसवाल, रोहित सिन्हा, जगत मुरारी, ऋषभ, बबलू, मनजीत, सुशील, सूर्या, मुकेश, प्रणव गांगुली, सुमित आदि छात्र उपस्थित थे ।

#### पर्यावरणविद ने अजमेर जा रहे यात्रियों का किया भव्य स्वागत

## प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ है इस्लाम धर्म : कौशल किशोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत डाली बाजार के आजाद नगर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर चादर चढ़ाने जा रहे सभी यात्रियों को फूल माला देकर रवाना किया।

राजस्थान के अजमेर शरीफ में 29 जनवरी को आयोजित उर्स में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला व ड्राई फूड देकर उन्हें रवाना किया। दो बसों से अजमेर जा रहे सभी यात्रियों को पर्यावरणविद ने सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी।। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति को बचाने के लिए पौधा लगाकर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा। प्रकृति की हिफाजत करना सबका दायित्व है। क्योंकि मक्का मदीने का रोजा का गुम्बद 14 सौ वर्ष से हरा है । जिसका रंग में कोई बदलाव आज तक नही हुआ है। प्रकृति के हरे रंग के अनुरूप ही इस्लामी झंडा और पगड़ी का रंग भी हरा है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता का मानना है कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरा रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इसीलिए तो जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए पर्यावरण प्रेमी होना जरूरी है। भिपीएसए के गढ़वा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि धन है ग्राम पंचायत डाली बाजार के धरती जो एक ही घर का विश्वस्तरीय पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल , छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और पंचायत के मुखिया श्रीमती पूनम जायसवाल जैसे लोगों से सेवा लेने का मौका मिला है यह हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक से मिला है अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियों में पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया नगीना बीवी, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी , पंचायत समिति सदस्य शहाबुद्दीन अंसारी, पूर्व पंचायत समिति जोहरा बीबी,अजीम अंसारी, जहरू अंसारी, करीमन अंसारी, शाहजहां अंसारी, बड़ा यासीन, शमीम अंसारी, असलम अंसारी आदि शामिल थे।

### भाजपा सांसद दीपक प्रकाश को रांची सिविल कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**रांची।** शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मामला है कांके थाना में दर्ज कांड संख्या 141/2021 में रांची सांसद -विधायक की स्पेशल कोर्ट ने उन्हें सरेंडर के बाद जमानत दे दी है। कांके के सुकुरहुरटू इलाके में किसान आंदोलन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और कांके विधायक समरी लाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दीपक प्रकाश के अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव के मुताबिक सांसद ने अदालत के समक्ष सरेंडर किया, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। कांके विधायक समरी लाल को इस मामले में पहले ही बेल मिल चुकी है।दीपक प्रकाश की सरेंडर और बेल अर्जी पर ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट अनामिका किस्कु की कोर्ट में सुनवाई हुई।

## एसएफसी मोटीया मजदूर संघ का पांचवा स्थापना दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एस.एफ.सी मोटीया मजदूर संघ का पांचवा स्थापना दिवस स्वागतम मैरिज हॉल सहजानंद चौक हरमू में झारखंड के सभी प्रखंड से हजारों सदस्यों की उपस्थिति में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर संघ के केंद्रीय महासचिव तपन रजवार उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में सबसे पहले स्वागतम मैरिज हॉल् से हजारों की संख्या में सभी सदस्य पैदल चलकर जेएसएससी ऑफिस का घेराव किया एवं प्रबंध निदेशक को एक ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें 5 सूत्री मांग रखा गया । झारखंड के सभी प्रखंड में सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी देना होगा, सभी मजदूर भाइयों को जीवन सुरक्षा बीमा ठेकेदार के द्वारा कराना होगा, सभी मजदूरों को भविष्य निधि ठेकेदार द्वारा कटाना होगा, सभी मजदूरों को सरकारी छुट्टी और रविवार की छुट्टी देना होगा, फ्रेंड के सभी कार्यरत मजदूरों को जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा पहचान पत्र देना अनिवार्य है ,विभाग के जी एम सभी सदस्यों की उपस्थिति में सभी मांगों को पूरा करने की बात कही इसके पश्चात स्वागतम मैरिज हॉल में सुचारू रूप से कार्यक्रम किया गया। जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन की गई नई कार्यकारिणी में पुनः संतोष कुमार सोनी को केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया एवं तपन रजवार को केंद्रीय महासचिव बनाया गया । इसी क्रम में केंद्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में मुकेश राम एवं केंद्रीय सचिव के रूप में मोहम्मद तसलीम, शमशेर, सकेंदर , यादव, को मनोनीत किया गया।

## भाजपा के बहकावे में मत आना, नहीं तो फिर से झूठे वादे मिलेंगे : इरफान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस पार्टी की ओर से जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत तरनी से चिरुडीह तक भारत जोड़ो पदयात्रा का कार्यम्र किया गया ,जिसमे हजारों की तादाद में बूढ़े, बच्चे जवान , महिलाएं मां बहने शामिल हुए ।जिसके बाद विशाल जनसभा का आयोजन किया जिसमें केंद्रीय सरकार पर जमकर सवाल खड़ा किया गया , इरफान अंसारी ने कहा देश में जहा आज लोगों में नफरत फैला हुआ है , भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने एक तरफ लोगों के दिलों में नफरत पैदा करने का काम किया है तो दूसरी तरफ आदरणीय राहुल गांधी मोहब्बत का पैगाम लेकर भारत के कोने कोने में जा रहें हैं और लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं साथ ही साथ 3400 किलोमीटर कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल चल कर इतिहास बनाने का काम किए हैं ,आगे इरफान अंसारी ने कहा के आज पूरा देश इस उम्मीद में है के कोई आए और इस देश की समस्या से गरीबों और किसानों को मुक्ति दिलाए युवाओं को रोजगार दे , आज देश राहुल गांधी को देश का भावी प्रधानमंत्री के रूम में देख रही है , क्योंकि कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र पार्टी है जो देश को एक सही दिशा दी है और दे सकती है, आज देश को ऐसे नेता की जरूरत है जो शिक्षित हो निडर हो सही गलत का फैसला लेने का जिसमे ज्ञान हो , लोगों के प्रति जिसके दिलमे प्यार स्नेह हो, भारत जोड़ो यात्रा से लोगों का आदरणीय राहुल गांधी को बहुत स्नेह प्यार और दुआ मिल रहा है , भाजपा के नेताओं ने बस झूठे वादे, दंगा भड़काने , विवाद फैलाने , नफरत फैलाने , भाई से भाई को लड़वाने का काम किया है ।

### रामगढ़ में निष्पक्ष उप चुनाव के लिए समन्वय बनाकर कार्य करें अधिकारी : रवि कुमार

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव को स्वच्छ एवं निष्पक्ष बनाने के लिए सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। इसके लिए जरूरी है कि सभी विभाग निर्वाचन से संबंधित रिपोर्ट को ससमय बना लें। वे शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के सभाकक्ष में इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग से संबंधित राज्य स्तरीय समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में कोई भी प्रत्याशी गैरकानूनी रूप से चुनाव प्रचार न कर सके इसके लिए सरकार के सभी विभागों को सक्रिय होकर कार्य करना होगा। बैठक में पुलिस विभाग, आयकर विभाग, परिवहन, गृह करा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो, बिरसा मुंडा विमान पत्तन, एसएलबीसी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी, वरीय डाक अधिकारी रांची एवं हटिया रेल मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री ने झारखंड के 219 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र



#### 2024 के चुनाव में जनता तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को देगी जनादेश : पशुपति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस शुक्रवार को रांची के दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए और राज्य के 219 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम की शुरुआत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी विभागों और संगठनों में नयी भर्ती किए गए युवाओं के साथ बात की। कार्यक्रम के बाद पशुपति कुमार पारस ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। खासकर झारखंड जैसे राज्यों में बेरोजगारी की वजह से लोग पलायन करने को मजबूर हैं। इसे लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। झारखंड जैसे राज्यों में बेरोजगारी को कैसे कम किया जाए और पलायन न हो, इसपर भी काम किया जा रहा है। झारखंड सरकार के कामकाज पर असंतोष जाहिर करते हुए पारस ने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री से लेकर अधिकारी तक घोटाले में लिप्त हैं और उनपर ईडी की जांच चल रही है। ये झारखंड के लिए अच्छा संकेत नहीं है। पारस ने कहा कि 2024 के चुनाव में देश की जनता तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देगी। उन्होंने कहा है कि बिहार में लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन टूट जाएगा और नीतीश कुमार का प्रधानमंत्री बनने का सपना बिखर जाएगा। उन्होंने राजद और जदयू के बीच मचे घमासान के पीछे की वजह प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की कुर्सी बताया है। बिहार में राजद और जदयू के गठबंधन को बेमेल गठबंधन बताते हुए पारस ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को जनादेश दिया था लेकिन नीतीश कुमार ने विश्वास तोड़ दिया। बिहार सरकार में पांच महीने में तीन विकेट गिरे और जीरो रन बना। पहले कानून मंत्री का इस्तीफा हुआ। फिर कृषि मंत्री का इस्तीफा हुआ और अब शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की नौबत आ गयी है। बिहार के शिक्षा मंत्री के रामचरित मानस पर दिए गये बयान पर उन्होंने कहा कि उन्हें देश की संस्कृति, रामायण और महाभारत की जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री को उन्हें तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। पारस ने भतीजे चिराग पासवान को एनडीए में आने की सलाह भी दी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख युवाओं के लिए भर्ती अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान रोजगार मेला के तहत 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया।